





झारखण्ड का अपना दैनिक
# झारखण्ड उजाला
सच आप तक

रांची, गुरुवार, 02 जुलाई 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रुपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -17 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



श्री मिथलेश कुमार
शारीरिक शिक्षक
उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय बंदा

**सफलता की शुरूआत हमेशा 'सोचने' से नहीं, 'करने' से होती है। छोटा ही सही, पर कदम बढ़ाना जरूरी है।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,49,560**
चांदी (प्रति किलो) : **2,55,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **76,922.64**
निफ्टी :- **24,005.85**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **29** °
न्यूनतम तापमान : **23** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:07**
संध्या :- **18:39**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन भारत में खेल पत्रकार दिवस खेलों को बढ़ावा देने में खेल पत्रकारों के योगदान और उनकी सेवाओं को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।**

## संक्षिप्त समाचार

### सीबीआई केस मैनेज करने के नाम पर घूसखोरी के आरोप में आईपीएस अधिकारी अरेस्ट

**रांची।** सीबीआई ने नागर विमानन (सुरक्षा) विभाग दिल्ली में पदस्थापित आईपीएस अधिकारी दीपक गहलावत को गिरफ्तार किया है. वह ड्रग और नकली नोटों के वैसे मामलों के अभियुक्तों को राहत दिलाने के नाम पर घूस लेता है, जिन मामलों की जांच सीबीआई कर रही है. घूसखोरी के इस मामले में इससे पहले दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है. सीबीआई को इस बात की शिकायत मिली थी कि दिल्ली पुलिस का एक इंस्पेक्टर ड्रग और नकली नोटों के अभियुक्तों को राहत दिलाने के नाम पर घूस लेता है. इसमें कुछ निजी व्यक्ति भी शामिल हैं. इस शिकायत के आधार पर उइकने आठ जून को इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह व अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की. जांच के दौरान दिल्ली पुलिस सहित छह लोगों को पहले गिरफ्तार किया. इन लोगों से पूछताछ के दौरान मिली सूचनाओं की जांच के दौरान आईपीएस अधिकारी द्वारा घूस लिये जाने का सबूत मिला. इसके बाद आज आईपीएस अधिकारी दीपक गहलावत को गिरफ्तार किया गया. वह 2012 बैच का आईपीएस अधिकारी है.

### जगन्नाथपुर मेला का टेंडर 2 करोड़ से ऊपर में हुआ, महंगे होंगे झूले व स्टॉल

**रांची।** राजधानी में 16 जुलाई को ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथयात्रा और 10 दिवसीय रथ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं. मेले में लगने वाली दुकानों के आवंटन के लिए सोमवार को जगन्नाथपुर थाना परिसर में टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई. इस बार मेले के संचालन का टेंडर पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर निवासी राजेश चंद्रा की फर्म आरएस इंटरप्राइजेज ने 2 करोड़ 27 लाख 21 हजार 112 रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाकर हासिल किया. पिछले तीन वर्षों की तुलना में यह अब तक का सबसे महंगा टेंडर है, जिससे मेले में लगने वाले स्टॉल और दुकानों के किराए में बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है.

## दिल्ली-एनसीआर को मोदी कैबिनेट की सौगात

# द्वारका एक्सप्रेसवे से वसंत कुंज के बीच बनेगी 6-लेन की टनल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली में द्वारका एक्सप्रेसवे को वसंत कुंज स्थित नेल्सन मंडेला मार्ग से जोड़ने के लिए सुरंग परियोजना को बुधवार को मंजूरी दे दी. इस छह-लेन की परियोजना में कुल 6,969.67 करोड़ रुपये की लागत आएगी. केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि एनएच-148एई के लिए 8.1 किलोमीटर लंबी इस सड़क सुरंग का निर्माण हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएएम) के तहत किया जाएगा और इसे पांच वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है.



**प्रोजेक्ट दिल्ली के लिए फायदेमंद होगा साबित : अश्विनी वैष्णव**

केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह प्रोजेक्ट दिल्ली की एक बहुत पुरानी मांग को पूरा करेगा और आने वाले समय में दिल्लीवासियों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगा. पश्चिम और दक्षिण दिल्ली के बीच के सफर को बेहद आसान और जाम-मुक्त बनाने के लिए एक मेगा प्रोजेक्ट पर काम शुरू होने जा रहा है. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एक ऐसी परियोजना पर काम कर रहा है, जो अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (UER-2) और द्वारका एक्सप्रेसवे को सीधे दक्षिण दिल्ली के वसंत कुंज से जोड़ देगी. इस परियोजना के पूरा होने से गुरुग्राम, द्वारका, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और पश्चिम दिल्ली से दक्षिण दिल्ली आने-जाने वाले लोगों का समय काफी बचेगा.

**रिज क्षेत्र को नुकसान पहुंचाए बिना बनेगी ट्विन-ट्यूब सुरंग**

इस परियोजना की सबसे बड़ी खासियत इसका पर्यावरण-अनुकूल होना है. मुख्य मार्ग की कुल लंबाई 6.3 किलोमीटर होगी, जिसका 1.98 किलोमीटर लंबा हिस्सा सदर्न रिज फॉरेस्ट के नीचे से होकर गुजरेगा. इस हिस्से में टनल बोरिंग मशीन की मदद से अत्याधुनिक अंडरग्राउंड ट्विन-ट्यूब सुरंग बनाई जाएगी. भूमिगत निर्माण होने के कारण सतह पर यातायात या पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा और रिज क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित रहेगा. यह टनल शिवमूर्ति इंटरचेंज से शुरू होकर नेल्सन मंडेला मार्ग और महिपालपुर-छतरपुर रोड के चौराहे से ठीक पहले खत्म होगी. दिल्ली का हरा-भरा पहाड़ी इलाका, जो अरावली पर्वत श्रृंखला का एक हिस्सा है. यह दिल्ली के पर्यावरण के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है.

**एम्स से महिपालपुर के बीच बनेगा एलिवेटेड कॉरिडोर, नोएडा-गाजियाबाद जाना होगा आसान**

यातायात को और अधिक सुगम बनाने के लिए NHAI ने एम्स से महिपालपुर के बीच एक शानदार एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने का भी प्रस्ताव रखा है. यह कॉरिडोर इस सुरंग को सीधे बारापुला एलिवेटेड रोड से जोड़ देगा. इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि पश्चिम और दक्षिण दिल्ली के लोग बिना किसी रेड लाइट के सीधे पूर्वी दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा तक का सफर तय कर सकेंगे.

**1.8 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड सड़क बनाई जाएगी**

नेल्सन मंडेला मार्ग और महिपालपुर-छतरपुर रोड के चौराहे पर लगने वाले भीषण जाम को खत्म करने के लिए वहां 1.8 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड सड़क बनाई जाएगी. साथ ही, छतरपुर से महिपालपुर की तरफ मौजूदा फ्लाईओवर के समानांतर एक और नया फ्लाईओवर बनाया जाएगा और छतरपुर की तरफ मुड़ने वाले वाहनों के लिए एक एलिवेटेड यू-टर्न भी तैयार किया जाएगा. इन सभी प्रस्तावित फ्लाईओवर और यू-टर्न को मिलाकर परियोजना की कुल लंबाई 8.1 किलोमीटर हो जाएगी.

# दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर ट्रक से भिड़ंत के बाद बस में लगी आग, 8 लोगों की मौत, 29 घायल

**एजेंसी**

**दौसा।** बुधवार तड़के दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक दिल दहला देने वाला हादसा घटित हुआ. कोलवा थाना क्षेत्र के धनावड़ के पास जीरो प्वाइंट पर ऋषिकेश से इंदौर जा रही एक स्लीपर बस आगे चल रहे ट्रक में जा भिड़ी, इसके बाद बस में भीषण आग लग गई. इस दर्दनाक हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 29 यात्री घायल हुए हैं. हादसा इतना भयावह था कि एक्सप्रेसवे पर चारों ओर चीख-पुकार मच गई और सड़क खून से लाल हो गई. कई शवों के चिथड़े घटनास्थल पर बिखरे मिले. पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया. उन्होंने बताया कि हादसे में 29 लोग घायल हुए हैं. इनमें बच्चे भी शामिल हैं, जिनका इलाज दौसा जिला अस्पताल में जारी है. इनमें से 9 घायलों की पहचान भी हो चुकी है. प्रारंभिक जांच में पुलिस ने आशंका जताई है कि बस चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ. हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है. दौसा एडिशनल एसपी योगेंद्र फौजदार ने बताया कि घटनाक्रम रात करीब 3 बजे के आसपास का है. हादसे में अब तक 6 लोगों के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया जा चुका है. मामुली घायलों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है. उन्होंने बताया कि घायलों को अभी मृतकों के बारे में जानकारी नहीं दी गई है. एडिशनल एसपी ने बताया कि बस में 39 से अधिक सवारियां होने का अनुमान लगाया है. हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हो पाई है. हादसे के दौरान आगे चल ट्रेलर का चालक और खलासी भी घायल हुए हैं. जानकारी के अनुसार, हादसा शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे हुआ. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और देखते ही देखते उसमें आग लग गई. बस में फंसे 6 यात्रियों की जिंदा जलने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 अन्य यात्रियों ने सिर में गंभीर चोट लगने के कारण दम तोड़ दिया. हादसे की सूचना मिलते ही जिला पुलिस प्रशासन और राहत दल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया. वहीं, दौसा की जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा का कहना है कि बस ऋषिकेश से इंदौर जा रही थी, तभी सुबह करीब 3:15 या 3:30 बजे जयपुर-बांदीकुई एक्सप्रेसवे पर टक्कर के बाद उसमें आग लग गई. करीब 24 या 25 लोग सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे और उन्हें बचा लिया गया. वे अभी ठीक हैं.



# नवनियुक्त सूचना आयुक्तों को राज्यपाल ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

## शपथ समारोह में सीएम हेमंत सोरेन समेत कई बड़े नेता रहे मौजूद

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** काफी जद्दोजहद के बाद झारखंड में सूचना आयुक्तों का मनोनयन हो गया है. आज लोकभवन में चार नए सूचना आयुक्त अनुज सिन्हा, तनुज खत्री, अमूल्य नीरज खलखो और शिवपूजन पाठक को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. लोकभवन के दरबार हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे. शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त सूचना आयुक्तों को पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी.



**करीब 06 वर्ष बाद गुलजार हुआ सूचना आयोग**

सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के बाद झारखंड राज्य आयोग एक बार फिर गुलजार हो गया है. नए सूचना आयुक्तों के आने के बाद यहां लंबे समय से लंबित केसों की सुनवाई शुरू होगी. गौरतलब है कि 8 मई 2020 को तत्कालीन प्रभारी मुख्य सूचना आयुक्त हिमांशु शेखर चौधरी का कार्यकाल समाप्त होते ही राज्य सूचना आयोग में सुनवाई पूरी तरह से ठप हो गई थी. सुनवाई नहीं होने की वजह से आयोग में करीब 25 हजार अपील लंबित है. यहां हर दिन जिलास्तर से करीब 100 अपील याचिका ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में आयोग में पहुंचता है.

**राज्य के पहले मुख्य सूचना आयुक्त बने थे हरि शंकर प्रसाद**

झारखंड राज्य सूचना आयोग का गठन राज्य सरकार द्वारा 24.07.2006 को किया गया था. राज्य के पहले मुख्य सूचना आयुक्त जस्टिस हरि शंकर प्रसाद (रिटायर्ड) बने थे. जिन्होंने 30.07.2006 को पद और गोपनीयता की शपथ ली थी और 30.06.2008 तक पद पर रहे थे. उनके साथ ही शपथ लेने वाले अन्य छह सूचना आयुक्त जुलाई 2011 तक अपने पद पर बने रहे थे. इसके बाद जस्टिस दिलीप कुमार सिन्हा (रिटायर्ड) ने 05.08.2011 को मुख्य सूचना आयुक्त (C.I.C.) के पद की शपथ ली और 31.07.2014 तक इस पद पर रहे. तत्पश्चात मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर आदित्य स्वरूप IAS (रिटायर्ड) 24.04.2015 को आसीन हुए. उनके साथ दो राज्य सूचना आयुक्त प्रबोध रंजन दास और हिमांशु शेखर चौधरी ने कार्यभार संभाला.










# सफलता की नई उड़ानः सुप्रिया देवी की आत्मनिर्भरता की कहानी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड के अंतर्गत चोकाद पंचायत के चोपदारू गांव की सुप्रिया देवी (पति प्रकाश महतो) अपने पति और बच्चों के साथ रहती हैं। आज भले ही सुप्रिया देवी के चेहरे पर एक आत्मविश्वास भरी मुस्कान दिखाई देती है, लेकिन कुछ साल पहले तक उनका जीवन ऐसा बिल्कुल नहीं था। समूह से जुड़ने से पहले उनके घर की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय और चिंताजनक थी। परिवार की आय का कोई निश्चित साधन नहीं था। जिसके कारण रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी एक बड़ी चुनौती बन गया था। इन आर्थिक तंगियों के बीच सुप्रिया देवी का जीवन घर की चारदीवारी तक ही सीमित था। उन्हें समाज में बाहर निकलने, लोगों से बात करने या किसी सामाजिक गतिविधि में भाग लेने का कोई अवसर नहीं मिलता था। एक घनी निराशा ने उनके पूरे परिवार को घेर रखा था। सुप्रिया देवी के गांव चोपदारू में साल 2007 से ही स्वयं सहायता समूहों की शुरूआत हो चुकी थी, लेकिन उनके जीवन में असली बदलाव का मोड़ साल 2016 में आया। उस समय 'झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी' (JSLPS) के तहत एक विशेष अभियान (ड्राइव) चलाया जा रहा था, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। इसी अभियान से प्रेरित होकर सुप्रिया देवी ने भी कदम आगे बढ़ाया और दिनांक 07-02-2016 को गठित 'राधा महिला मंडल' से जुडी। इस समूह में कुल 13 सक्रिय सदस्य शामिल है। सुप्रिया देवी ने तय किया कि वह हर सप्ताह 10 रुपये की छोटी सी बचत करेंगी। यह 10 रुपये की साप्ताहिक बचत केवल पैसों का संचय नहीं था, बल्कि सुप्रिया देवी और उनके जैसी कई महिलाओं के सुनहरे भविष्य की मजबूत नींव थी। समूह में जुड़ने के बाद सुप्रिया देवी ने धीरे-धीरे बैंकिंग और पैसों के लेन-देन को समझना शुरू किया। जब उनका आत्मविश्वास बढ़ा, तो उन्होंने अपने परिवार को गरीबी के दलदल से बाहर निकालने के लिए एक व्यवसाय शुरू करने की योजना बनाई। उन्होंने इसके लिए अपने समूह में 20,000 रुपये के ऋण का प्रस्ताव रखा। समूह के नियमों और आपसी सहमति के आधार पर उन्हें पहली बार में 10,000 रुपये का ऋण मंजूर हुआ। सुप्रिया देवी ने इस राशि को व्यर्थ नहीं जाने दिया। उन्होंने इस पैसे से बकरी पालन का काम शुरू किया जिसमे एक बकरा और दो बकरियां खरीदी और साथ ही कृषि कार्यों में भी हाथ बंटाना शुरू किया। जेएसएलपीएस के मार्गदर्शन में उन्होंने इस व्यवसाय को सही तरीके से संभालना सीखा। बकरी पालन और खेती के क्षेत्र में सुप्रिया देवी की कड़ी मेहनत रंग लाने लगी। उनके द्वारा पाले गए बकरों और बकरियों की बाजार में अच्छी मांग होने लगी, जिससे उन्हें नियमित रूप से आमदनी होने लगी। आज सुप्रिया देवी के पास वर्तमान में 16 बकरियां है। अब वह हर महीने बकरी पालन और सब्जी खेती (बोदी, मिर्चा, आलू, बैंगन) से 5,000 से 7,000 रुपये तक की शुद्ध कमाई आसानी से कर लेती हैं। अगर सालाना मुनाफे की बात की जाए, तो वह हर साल कम से कम 80,000 रुपये तक की आय हो रही हैं। इस अच्छी आमदनी ने उनके घर की तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने धीरे-धीरे अपने व्यवसाय की पूँजी को बढ़ाया और घर की तमाम आर्थिक समस्याओं को दूर किया। इस वित्तीय स्वतंत्रता का सबसे बड़ा लाभउनके बच्चों को मिला; अब उनके बच्चों का पालन-पोषण अच्छे से हो रहा है और वे एक अच्छे स्कूल में गुणवतापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही, सुप्रिया देवी अब अपने भविष्य के लिए बचत भी कर पा रही हैं।सुप्रिया देवी की यह यात्रा केवल आर्थिक सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके मानसिक और सामाजिक सशक्तिकरण की भी कहानी है। जो महिला कभी घर से बाहर निकलने में झिझकती थी, आज वह अपने परिवार की मुख्य आर्थिक रीढ़ बन चुकी है। आगे के रास्ते के लिए उनकी योजनाएं और भी बड़ी हैं। उनका सपना है कि वे आने वाले समय में अपने इस बकरी पालन और कृषि के व्यवसाय को और बड़े पैमाने पर (लार्ज स्केल) ले जाएँ, ताकि वे अपने परिवार को एक बेहद सुरक्षित और समृद्ध जीवन दे सकें। अपनी इस अद्भुत और प्रेरणादायक सफलता के लिए सुप्रिया देवी जेएसएलपीएस (JSLPS) को दिल से धन्यवाद देती हैं, जिसने उन्हें और उनके जैसे लाखों ग्रामीण महिलाओं को अंधेरे से निकालकर आत्मनिर्भरता के उजाले में खड़ा किया है।

## डॉक्टर्स डे पर श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों ने चिकित्सकों को किया नमन




**रामगढ़।**श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में मानवता की सेवा के लिए समर्पित चिकित्सकों के सम्मान में डॉक्टर्स डे हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सकों के उत्तम स्वास्थ्य एवं मानव सेवा की भावना के लिए विशेष प्रार्थना के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को डॉक्टरों के अमूल्य योगदान एवं समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने डॉक्टरों के सम्मान में आकर्षक शुभकामना कार्ड तैयार किए। इनमें से चयनित कार्ड सदर अस्पताल के चिकित्सकों को सम्मान एवं आभार स्वरूप भेंट करने के लिए भेजे गए।डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में कक्षा 9 एवं 11 के विद्यार्थियों के लिए जीवविज्ञान विभाग द्वारा एक विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को रक्तचाप (बी.पी.) मापने की विधि, प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड), जलने से होने वाले घाव का उपचार, विद्युत करंट लगने पर आवश्यक प्राथमिक सहायता, साँप के काटने तथा कीड़े के डंक लगने पर अपनाई जाने वाली प्रारंभिक उपचार प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण ने विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सजग एवं सहायक बनने की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के प्राचार्य श्री हरजाप सिंह, जीवविज्ञान शिक्षक श्री रामदास डे, रसायन विज्ञान शिक्षक श्री संजय कुमार मिश्रा एवं जीवविज्ञान शिक्षिका श्रीमती नीतू सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अंत में सभी ने चिकित्सकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके समर्पण और सेवा भावना को नमन किया।इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने डॉक्टर के निस्वार्थ सेवा भाव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धरती पर मानवता की सेवा करने वाले डॉक्टर को सम्मान देना हम सब का कर्तव्य है। हमें उनका आभार मानना चाहिए।

## हेठखखरा में अज्ञात चोरो ने की चार बैल एवं एक गाय की चोरी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड के चोकाद पंचायत अंतर्गत हेठखखरा गांव निवासी नागेश्वर बैठा (पिता- स्वर्गीय चमरु बैठा) के घर से बीती रात अज्ञात चोरों ने चार बैल एवं एक गाय की चोरी कर ली। चोरी हुए मवेशियों की अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है। पीड़ित नागेश्वर बैठा ने बताया कि उनके लिए ये मवेशी ही आजीविका का मुख्य साधन थी। इस प्रकार अचानक हुई चोरी से परिवार गहरे सदमे में है। उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों की पहचान कर चोरी की मवेशियों की बरामदगी की मांग की है। पीड़ित ने स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा चोरी हुए मवेशियों को जल्द वापस दिलाने की अपील की है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से त्वरित कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

# एस एस प्लस टू हाई स्कूल पतरातू में 2nd लिटिल चैम्प फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**खेल के आयोजन से बच्चों में खेल एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना होती है विकसित : रविंद्र रविदास (प्रिंसिपल)**





**पतरातूः** एस एस प्लस टू हाई स्कूल पतरातु में आयोजित 2र्ल्ला लिटिल चैंप फुटबॉल टूनामेंट का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार रविदास ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों के बीच इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन करना सराहनीय कदम है। इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों में खेल भावना का विकास होगा एवं उनके बीच प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है। प्रतियोगिता के बालक वर्ग के पहले मैच में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बिचा ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडीडीह को पेनाल्टी शूटआउट में 1-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला में कैथोलिक आश्रम भुरकुंडा एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय बिचा ने अपने खेल से प्रशंसको का मन मोह लिया। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। कड़ी टक्कर के बीच में कैथोलिक आश्रम भुरकुंडा ने 4-0 से बालक वर्ग का खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बिचा एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडीडीह ने अपने खेल का लोहा मनवाया। पेनल्टी शूटआउट के जरिए 2-1 से उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडीडीह ने लिटिल चैम्प का खिताब अपने नाम किया। विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार के मार्गदर्शन में खेल शिक्षक रविंद्र दुबे, धीरज कुमार पाठक, इमरान खान, सरफराज खान, आलोक मिश्रा, मोहम्मद कमरुद्दीन, चंद्रिका चौधरी के साथ प्रखंड संसाधन केंद्र के अरशद अली, राजेंद्र राम, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित थे

## अवैध विदेशी शराब कारोबार से जुड़े अभियुक्त गिरफ्तार




**रामगढ़/गोला।** गोला थाना क्षेत्र के बंदा निवासी अनिल साव (42 वर्ष), पिता राम साव को अवैध विदेशी शराब कारोबार से जुड़े मामले में गोला थाना में प्राथमिकी दर्ज कांड संख्या 76/26, दिनांक 09/06/2026 के तहत दर्ज अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गोला पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया।

## उपायुक्त ने डिजिटल बिरसा कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**रामगढ़।** किसानों तक कृषि विभाग की योजनाओं एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त ऋतुराज द्वारा डिजिटल बिरसा कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह अभियान 01 जुलाई 2026 से 15 जुलाई 2026 तक जिले के विभिन्न पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा।इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि डिजिटल बिरसा कृषि रथ के माध्यम से किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी एवं कृषि विकास योजनाओं की जानकारी उनके गांव तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही दलहन एवं तिलहन की उन्नत खेती, प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, वैकल्पिक कृषि, समेकित कृषि प्रणाली, हाई वैल्यू एग्रीकल्चर, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य, जल प्रबंधन, बीज उपचार, कृषि यंत्रीकरण, किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन, पशुओं का टीकाकरण तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराकर उनकी आय में वृद्धि करना तथा उन्हें आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ना है। डिजिटल बिरसा कृषि रथ के माध्यम से कृषि वैज्ञानिक, विभागीय पदाधिकारी एवं कृषि प्रसार कर्मी किसानों की तकनीकी समस्याओं का समाधान भी करेंगे तथा योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। उन्होंने किसानों से अपील की कि डिजिटल बिरसा कृषि रथ जब उनके गांव एवं पंचायत पहुंचे, तब अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कृषि विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त करें तथा विभागीय योजनाओं का लाभ उठाएं।

# पतरातू प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**विस्थापितों के लिए कुछ भी करना पड़े करेंगे : योगेंद्र साव**




**पतरातूः**बुधवार को पीटीपीएस स्थित पूर्व विधायक आवासीय कार्यालय में पतरातू प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह योगेंद्र साव का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया ।समारोह के अध्यक्षता कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष देवानंद प्रसाद एवं संचालन अमित साहू जी के द्वारा किया गया । सर्वप्रथम झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव जी को कांग्रेस से निष्कासन रद्द होने के पश्चात कांग्रेसियों के द्वारा जोरदार फूल माला और बुके देकर भव्य स्वागत किया गया। समारोह में मुख्य रूप से चर्चा की गई कि कांग्रेस पार्टी को और कैसे मजबूत किया जाए और सभी को निर्देश दिया गया कि हर एक बूथ में जाकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करें तभी कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। मौके पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि विस्थापितों के लिए जो भी करना होगा जो भी लड़ाई लड़ना होगा लड़ेंगे पहले भी जेल जा चुके हैं और फिर जाना पड़े तो फिर जाएंगे विस्थापितों के लिए लेकिन विस्थापितों को किसी भी कीमत में छोड़ेंगे नहीं उसके लिए जो करना पड़े करेंगे ।इसलिए 6 जुलाई को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू झारखंड सरकार के मंत्री राधा कृष्ण किशोर एवं मंत्री इरफान अंसारी जी का आगमन विस्थापितों के समस्याओं का समाधान के लिए ग्राम रसदा में शिव शक्ति मंदिर के प्रांगण में विस्थापितों की समस्या को सुनेंगे और उन सभी समस्याओं को निराकरण करने के लिए पार्टी के सुप्रीमो राहुल गांधी जी के पास रखेंगे ।अंबा प्रसाद ने कहा कि पार्टी मजबूती के लिए हर एक कार्यकर्ता को हरेक बूथ मे जाकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे ।दर्जनों लोगों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा जिन्हें माला पहनाकर स्वागत किया गया जिसमें मुख्य रूप से गुड्डू राजवंशी,मिथुन शिवा,कृष्णा राजभर, प्रकाश राजभर, आकाश राजभर,राजू राजवंशी एवं अन्य ने थामा ।मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष शहजाद अनवर बड़कागांव विधानसभा प्रभारी नवीन कुमार,कृष्णा सिंह,असगर अली,रंजीता करमाली, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, राजू पांडे, जयंत तूरी,बलदेव राम, संजय सिंह, अनिल सिंह,अंजू देवी,गायत्री देवी,तिलेश्वर साव, नईम अंसारी, राजेश साव, प्रदीप साव,बबीता सिंह ,मदन दांगी, नरेश महतो, वासदेव राम,मीना राय,रामकुमार राम,प्रेम मुर्मू ,चंदन कुमार, कविता सिन्हा, मोबीन खान, देवकांत शर्मा ,मकसूद अंसारी ,रामा ठाकुर, लियाकत अंसारी, शिबू करमाली,अनीता टोप्पो ,रमेश बेदिया ,योगेंद्र सिंह खरवार ,शांति देवी,हरिहर साव, सत्य सिंदरिया ,रामशरण गिरी, अशोक साव, राजेश साव, प्रदीप साव, राजा बाबू ,उमेश मुंडा, रवि कुमार ,छोटेलाल करमाली , मुकेश कुमार, राजरानी देवी,शंकर पासवान ,अजय पासवान, पवन बाउरी, जय सिंह ,वासुदेव राम, याकूब राय, चंदन कुमार, हरिदास साव, डब्लू सिंह,इरफान अंसारी, शेम्स खान, आलम अंसारी, सुनेश्वर बेदिया, सत्या सिन्दरिया यशवंत वर्मा एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## पतरातू में नहीं बचा कोई अच्छा प्ले ग्राउंड, बच्चों के छोटे ग्राउंड में भी खड़ी कर दी जाती है बड़ी-बड़ी गाड़ियां

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पतरातूः** वैसे तो पतरातू क्षेत्र में अब कोई अच्छा ग्राउंड बचा नहीं है। जहां क्षेत्र के खिलाड़ी जाकर सुचारू और सुविधाजनक रूप खेल सकें। ऐसे में न्यू मार्केट स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर मैदान जो आकार में बहुत ही छोटा है, फिर भी छोटे बच्चे वहां क्रिकेट व अन्य खेल खेलते हैं। अब इसे बच्चों का दुर्भाग्य कहें या पीवीयूएल प्रबंधन की लापरवाही कि जहां इस छोटे से ग्राउंड में बच्चे क्रिकेट व अन्य खेल खेलते हैं वहां भी बड़ी-बड़ी गाड़ियां, ट्रक और हाईवा खड़े कर दिए जाते हैं। इन गाड़ियों के वहां लग जाने के कारण इन बच्चों को खेलने में काफी दिक्कत होती है। अब इन छोटे खिलाड़ियों की भावना को कौन समझे। हालांकि प्रबंधन की ओर से एक पार्किंग की व्यवस्था हनुमानगढी ग्राउंड में भी की गई है। जहां बड़ी-बड़ी गाड़ियों को रोकने और खड़ी करने के लिए पर्याप्त जगह दी गई है। मगर इनके बावजूद इन गाड़ियों के ड्राइवर इतने गैर जिम्मेदार है कि बच्चों के छोटे मैदान पर ही बीच में गाड़ी लगाकर पार्किंग बना देते हैं। ऐसे में छोटे बच्चों को काफी दिक्कत होती है। बच्चों के इस समस्या को स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी ध्यान में रखकर प्रबंधन से इसके बारे में विस्तृत चर्चा कर इसका समाधान निकालना चाहिए। वहीं पीवीयूएनएल प्रबंधन को भी ऐसे ट्रक ड्राइवर के खिलाफ सख्ती बरतने ने की आवश्यकता है, तथा उन्हें कड़े लहजे में निर्देशित करने की आवश्यकता है कि आप जहां तहाँ गाड़ी ना खड़ा करके हमारी पार्किंग में गाड़ी को खड़ा करें। जिससे अन्य लोगों को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। इस बात के लिए प्रबंधन के द्वारा भी लोगों को आस्वस्थ करना चाहिए।

# गुमला सड़क हादसे में दंपति की मौत, चार बच्चे हुए अनाथ; मुआवजे की मांग को लेकर सेन्हा में एनएच जाम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगाः** गुमला जिले में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दंपति की मौत के बाद बुधवार को लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित कुंदगढ़ी मोड़ के समीप ग्रामीणों ने लोहरदगा-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीण पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा और बच्चों के पालन-पोषण की व्यवस्था की मांग कर रहे थे।जानकारी के अनुसार, सेन्हा प्रखंड के रहने वाले गुरुदत्त उरांव (42) और उनकी पत्नी लक्ष्मी उरांव (38) मंगलवार को गुमला जिले के आंजन धाम से स्कूटी से लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक सामने आए मवेशी को बचाने के प्रयास में स्कूटी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।
घटना की सूचना मिलने पर गुमला पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और देर शाम परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया।दंपति की असमय मौत से उनके चार बच्चे– खुशबू उरांव (20), पुनिता उरांव (16), शैलेश उरांव (15) और पूजा उरांव (12)–अनाथ हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की देखभाल करने वाला परिवार में कोई अन्य सदस्य नहीं है। इसी कारण आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता और बच्चों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। सूचना मिलने पर सेन्हा थाना प्रभारी नीरज झा और प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू जाम स्थल पहुंचे। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार के बच्चों और ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समझाया। बीडीओ ने तत्काल अंतिम संस्कार के लिए 10 हजार रुपये की सहायता उपलब्ध कराई, जबकि थाना प्रभारी ने बच्चों की पढ़ाई में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने कई घंटे बाद जाम समाप्त कर दिया, जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सामान्य हो सका। प्रशासन ने कहा कि घटना अत्यंत दुखद है और पीड़ित बच्चों को हरसंभव सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि, अधिकारियों ने यह भी कहा कि सड़क जाम कर कानून हाथ में लेना उचित नहीं है।

## मौत की घाटी चुटुपालु में बड़ी दुर्घटना, 6 गंभीर रूप से घायल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**एक टेलर ने कई वाहनों को मारे धक्के, रांची–रामगढ़ मार्ग घंटो रहा जाम**




**रामगढ़।** झारखंड के सबसे अधिक दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र रामगढ़ रांची मार्ग पर स्थित चुट्टुपालु घाटी में बुधवार की सुबह फिर एक बार दुर्घटना घटी है। जिसमें 6 लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। दुर्घटना के बाद रामगढ़ रांची मार्ग पर लंबी जाम लग गई है। रामगढ़ की ओर आ रही लोहा लदी टेलर के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण यह घटना घटी है। जानकारी के अनुसार, रांची की ओर से आ रही टेलर ने संतुलन खोते हुए पांच कारों को धक्का मारा। साथ ही दो पहिया वाहन और बस को भी धक्का मारा। जिससे कि लगभग एक दर्जन लोगों के घायल होने की बात कही गई। इस बात की सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई। घायल लोगों को तत्काल रामगढ़ के सदर अस्पताल और निजी अस्पतालों में भी भर्ती कराया गया। हल्के घायल लोगों को प्राथमिक उपचार कर छोड़ दिया गया है। जबकि जिन्हें ज्यादा चोट लगी है उनका इलाज सदर अस्पताल रामगढ़ में चल रहा है। यह दुर्घटना प्रातः 9:00 बजे के लगभग घटी है। दुर्घटना के बाद रांची से रामगढ़ आने वाली मार्ग पूरी तरह से जाम पड़ गई। दुर्घटना के बाद वहां खलबली मच गई। दुर्घटना के कारण सैकड़ो गाड़ियां जाम में फंस गए। रामगढ़ पुलिस प्रशासन तत्काल घायलों को पहले अस्पताल भेजने का काम किया। उसके बाद जाम में फंसे वाहनों को धीरे-धीरे निकालने का प्रयास शुरू किया गया।

## युवाओं ने बनाया भ्रष्टाचार विरोधी संगठन, पारदर्शी व्यवस्था के लिए चलाएंगे अभियान

**पतरातू :** पतरातू क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ जनजागरण और सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को पतरातू लेक रिसॉर्ट में युवाओं की बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से भ्रष्टाचार विरोधी युवा संगठन का गठन किया गया। संगठन ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध संगठित होकर आम लोगों के हितों की रक्षा करने और प्रशासन से समन्वय स्थापित कर जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता तारिक रजा ने की, जबकि संचालन मोहम्मद शादाब ने किया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन पंचायत स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर नजर रखेगा। पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिलाने, बिचौलियों की भूमिका समाप्त करने और आम लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा। साथ ही ईमानदारी से कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करने तथा भ्रष्टाचार के मामलों में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की जाएगी।बैठक में संगठन की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। तारिक रजा को अध्यक्ष, सिराज अंसारी को सचिव, सुल्तान अंसारी को कोषाध्यक्ष, शादाब अंसारी को मीडिया प्रभारी तथा मो. सज्जाद नूरी को संरक्षक चुना गया। इसके अलावा संगठन की कार्यकारिणी में कई युवाओं को सदस्य बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन निष्पक्षता, ईमानदारी और राष्ट्रहित की भावना के साथ कार्य करेगा तथा भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण के लिए हर स्तर पर जनभागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। बैठक का समापन संगठन के सदस्यों द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने के संकल्प के साथ हुआ।

# झारखंड में परिसीमन पर सियासी घमासान, झामुमो ने कहा- एसटी सीट घटाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं, पार्टी करेगी बड़ा आंदोलन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के साथ ही परिसीमन (डिलिमिटेशन) का मुद्दा तेजी से गरमा रहा है. आबादी के आधार पर विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण में अनुसूचित जाति-जनजाति की आरक्षित सीटें घटाए जाने की आशंका को लेकर राजनीतिक दलों में तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं. संविधान के 84वें संशोधन (2002) के तहत 2026 तक परिसीमन पर रोक लगाई गई थी. अब केंद्र सरकार द्वारा गठित परिसीमन आयोग नए सिरे से सीटों और सीमाओं का निर्धारण करेगा. वर्तमान में झारखंड विधानसभा में 81 निर्वाचित सीटें हैं. जो अब 2027 के जनगणना के आंकड़े आने के बाद एक बार फिर से विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन होगा.



### परिसीमन के बाद झारखंड विधानसभा में सीटों की संख्या

परिसीमन के बाद आबादी के अनुपात के आधार पर झारखंड विधानसभा में सीटों की संख्या बढ़कर 108 से 125 या उससे अधिक हो सकती है. अगर सीटें 120 पार करती हैं तो राज्य में विधान परिषद के गठन का रास्ता साफ हो सकता है. वर्तमान में 81 सीटों में से 28 रळ के लिए आरक्षित हैं. आदिवासी संगठनों और दलों को आशंका है कि ये सीटें घटकर 21 रह सकती हैं, जिसका कड़ा विरोध हो रहा है. झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने स्पष्ट कर दिया है कि परिसीमन के नाम पर राज्य में अनुसूचित जनजाति की आरक्षित लोकसभा व विधानसभा सीटें घटाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता और केंद्रीय समिति सदस्य मनोज पांडेय ने कहा कि पिछली बार भी आदिवासी आरक्षित सीटों को घटाने की कोशिश हुई थी, तब झामुमो के नेतृत्व में झारखंड से लेकर दिल्ली तक निर्णायक लड़ाई लड़ी गई और विशेष प्रावधान कर परिसीमन रोका गया. मनोज पांडेय ने चेतावनी दी, ह्लअगर परिसीमन के बहाने एससी-एसटी की आरक्षित सीटें घटाने की मंशा केंद्र सरकार की है तो झामुमो इसे पूरा नहीं होने देगा. एसटी रिजर्व सीट घटाने की कोशिश हुई तो हम बड़ा आंदोलन खड़ा करेंगे. दिल्ली से लेकर रांची तक लड़ाई लड़ी जाएगी.

### झामुमो की अगुवाई, हेमंत सोरेन करेंगे नेतृत्व

पूर्व शिक्षामंत्री बंधु तिर्की द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में झामुमो के प्रतिनिधि के नहीं पहुंचने पर उठे सवालों का जवाब देते हुए मनोज पांडेय ने संकेत दिया कि क्रेडिट बंधु तिर्की न ले जाएं, इसलिए दूरी बनाई गई. मनोज पांडेय ने कहा, बंधु तिर्की बड़े नेता हैं और सामाजिक सरोकार के मुद्दे उठाते रहे हैं. सभी एकजुट होकर आवाज बुलंद करें, लेकिन राज्य के सबसे बड़े दल और सरकार के मुखिया होने के नाते डिलिमिटेशन के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व हमारे नेता हेमंत सोरेन ही करेंगे.

### राजद का स्टैंड- परिसीमन होना चाहिए लेकिन हकमारी नहीं

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने भी बंधु तिर्की की बैठक से दूरी बनाई. राजद के प्रदेश प्रवक्ता कैलाश यादव ने बताया कि सैद्धांतिक रूप से राजद झारखंड में परिसीमन के पक्ष में है, लेकिन शर्त यह है कि इससे छोटे दलों पर क्षेत्रवाद हावी न हो और जनजातीय समुदाय की राजनीतिक हकमारी न हो. कैलाश यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की कि वे जल्द से जल्द डिलिमिटेशन को लेकर समन्वय समिति का गठन करें. उन्होंने कहा कि परिसीमन संवैधानिक प्रक्रिया है और यह होना ही चाहिए, लेकिन राज्य के एससी-एसटी समुदाय में किसी प्रकार का खौफ या डर न हो, इसका भी ध्यान रखना जरूरी है.

# पीपीई किट से ऑपरेशन थिएटर तक, सेवा व समर्पण की मिसाल हैं डॉ. अजीत कुमार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** कोरोना महामारी का वह दौर आज भी लोगों के जेहन में ताजा है. अस्पतालों के बाहर लंबी कतारें थीं, मरीजों की सांसें उखड़ रही थीं और डॉक्टर अपनी जान की परवाह किए बिना लगातार ड्यूटी कर रहे थे. इन्हीं चेहरों में एक नाम था रांची सदर अस्पताल के लेजर और लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. अजीत कुमार का. पीपीई किट पहनकर घंटों कोविड वार्ड में ड्यूटी निभाने वाले डॉ. अजीत कुमार ने न सिर्फ संक्रमित मरीजों का इलाज किया, बल्कि कई ऐसे मानवीय कार्य भी किए, जो उन्हें एक डॉक्टर से बढ़कर इंसान के रूप में पहचान दिलाते हैं. कोविड के दौरान सदर अस्पताल में भर्ती एक 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला इलाज के बाद पूरी तरह स्वस्थ हो गई थीं, लेकिन उन्हें लेने कोई नहीं आया. भाषा की समस्या के कारण उनकी पहचान भी नहीं हो पा रही थी. ऐसे में डॉ. अजीत कुमार ने हार नहीं मानी. उन्होंने महिला की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की, प्रशासन और रेलवे अधिकारियों की मदद ली और आखिरकार उनके परिवार का पता लगाया. इसके बाद वह खुद महिला को उनके घर तक छोड़ने गए. महामारी के डर और अनिश्चितता के बीच यह सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि इंसानियत की मिसाल थी. कोविड काल में इलाज तक ही उनका योगदान सीमित नहीं रहा. सदर अस्पताल में कई जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त स्पायरोमीटर उपलब्ध कराए गए, ताकि वे फेफड़ों की क्षमता बढ़ाने वाले व्यायाम कर सकें और संक्रमण के बाद तेजी से स्वस्थ हो सकें. इसके अलावा कोविड की पहली लहर के दौरान डॉ. अजीत कुमार और उनके साथियों ने सरकार को एक लाख रुपये का सहयोग भी दिया. महामारी के बाद भी डॉ. अजीत कुमार का काम लगातार आगे बढ़ता रहा. उन्होंने रांची सदर अस्पताल में लेजर और लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की शुरूआत कराने में अहम भूमिका निभाई. आज जिन ऑपरेशनों के लिए निजी अस्पतालों में लाखों रुपये खर्च होते हैं, वही इलाज सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब मरीजों को मुफ्त या बेहद कम खर्च में मिल रहा है. अपने संसाधनों से लैप्रोस्कोपिक और लेजर सर्जरी शुरू करने वाला रांची सदर अस्पताल झारखंड का पहला जिला सदर अस्पताल बना. बीते कुछ वर्षों में डॉ. अजीत कुमार और उनकी टीम ने कई जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की हैं. बार-बार होने वाले हर्निया का ऑपरेशन, कोलन कैंसर की सर्जरी, आधुनिक लेजर तकनीक से लगभग बिना दर्द वाला पाइल्स का इलाज और कैमरे की मदद से गॉल ब्लैडर की सर्जरी जैसी उपलब्धियों ने सदर अस्पताल को नई पहचान दिलाई है.

# रांची में चोर बेलगाम, दिन के उजाले में डॉक्टर के घर से उड़ा गए 50 लाख के गहने और नगद रुपए

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** राजधानी में चोरों का उत्पात लगातार जारी है, इस बार चोरों ने दिन के उजाले में ही डॉक्टर उमेश कुमार के घर पर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया. इस वारदात को अंजाम देने के लिए चोरों ने मात्र दस मिनट का समय लिया. चोर घर से 50 लाख से ज्यादा के गहने और करीब पांच लाख रुपए नगद उड़ा ले गए.



### आधे घंटे के लिए घर से बाहर गए, उतनी देर में घर साफ

डॉ उमेश कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी और वह बुधवार की दोपहर मात्र आधे घंटे के लिए घर से बाहर मिठाई खरीदने के लिए गए थे. लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा पड़ा है और घर में रखे सभी गहने और रुपए गायब हैं. सीसीटीवी फुटेज में तीन चोर हिमालय अपार्टमेंट में आते हुए देखे गए. डाक्टर उमेश कुमार ने बताया कि उनकी मां जो बुधवार को ही तीर्थ यात्रा पर निकली हैं उनके गहने, उनकी सास और पत्नी के गहने सब चोर ले गए. गहनों की कीमत 50 लाख रुपए से ज्यादा की है.

### रक्षा राज्य मंत्री भी पहुंचे

मामले की जानकारी मिलते ही पास में ही रहने वाले देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी मौके पर पहुंचे. उन्होने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जमकर फटकार भी लगाई. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि पुलिस को मामले में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है.

### सिटी एसपी ने बनाई एसआईटी

50 लाख रुपए से ज्यादा की चोरी और मौके पर केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री के पहुचने पर रांची के सिटी एसपी भी मौके पर जांच के लिए पहुचे. सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोरों की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हैं, उन्हें गिरफ्तार करने के लिए और मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है. मामले में कार्रवाई शुरू कर दी गई है जल्द रिजल्ट देखने को मिलेगा.

# पूर्व विधायक पौलुस सुरिन और नक्सली जेठा कच्छप को हाईकोर्ट से राहत, दोहरे हत्याकांड में बरी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र में वर्ष 2013 में हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड मामले में झामुमो के पूर्व विधायक पौलुस सुरिन और नक्सली जेठा कच्छप बरी कर दिया है. हाईकोर्ट ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा और दोषसिद्धि को निरस्त करते हुए आरोपियों को बड़ी राहत दी है. यह मामला वर्ष 2013 का है. खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र में पुलिस के कथित मुखबिर भूषण सिंह और राम गोविंद की हत्या कर दी गई थी. घटना के बाद पुलिस ने झामुमो के तत्कालीन विधायक पौलुस सुरिन, नक्सली जेठा कच्छप, कृष्णा महतो तथा तीन महिलाओं समेत कुल छह लोगों को आरोपी बनाया था. सभी आरोपियों के खिलाफ निचली अदालत में मुकदमा चला. मामले की सुनवाई के बाद अपर न्यायिक आयुक्त की अदालत ने नक्सली जेठा कच्छप को दोषी करार देते



हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी. अदालत ने उस पर 45 हजार रुपये का आर्थिक जुमार्ना भी लगाया था. इस फैसले को चुनौती देते हुए आरोपियों ने झारखंड हाईकोर्ट में अपील दायर की थी. मामले की सुनवाई जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था. अब फैसला सुनाते हुए खंडपीठ ने निचली अदालत के निर्णय को निरस्त कर दिया और सभी छह आरोपियों को बरी कर दिया. हाईकोर्ट के फैसले के साथ करीब 13 वर्ष पुराने इस चर्चित दोहरे हत्याकांड मामले में आरोपियों को बड़ी कानूनी राहत मिली है.

# जुलाई में रांची से 23 नियमित उड़ानें, दिल्ली-बेंगलुरु समेत 10 शहरों की बेहतर हवाई कनेक्टिविटी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची ने 1 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक के लिए नया फ्लाइट शेड्यूल जारी कर दिया है. नए शेड्यूल के अनुसार राजधानी रांची से देश के प्रमुख शहरों दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे, अहमदाबाद, पटना और भुवनेश्वर के लिए नियमित विमान सेवाएं उपलब्ध रहेंगी. इससे व्यवसाय, शिक्षा, चिकित्सा और पर्यटन के उद्देश्य से यात्रा करने वाले यात्रियों को पहले की तुलना में अधिक सुविधा मिलेगी. जुलाई माह के शेड्यूल में इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस की सबसे अधिक उड़ानें संचालित होंगी. दिल्ली-रांची सेक्टर पर दिनभर में कई उड़ानों का संचालन होगा. इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस दोनों एयरलाइंस दिल्ली के लिए नियमित सेवाएं देंगी. वहीं, बेंगलुरु के लिए भी दोनों एयरलाइंस की कई उड़ानें उपलब्ध रहेंगी, जिससे आईटी सेक्टर, विद्यार्थियों और व्यावसायिक




यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा.

शेड्यूल के अनुसार सुबह 7:55 बजे पुणे से आने वाली इंडिगो की उड़ान रांची पहुंचकर बेंगलुरु के लिए रवाना होगी. सुबह 8:05 बजे कोलकाता से आने वाली उड़ान भी वापस कोलकाता जाएगी. मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद, पटना और भुवनेश्वर के लिए भी निर्धारित समय पर नियमित उड़ानों का संचालन होगा. रात 9:05 बजे कोलकाता से आने वाली इंडिगो की अंतिम उड़ान रांची पहुंचेगी और 9:25 बजे वापस कोलकाता के लिए रवाना होगी. रांची एयरपोर्ट की हवाई कनेक्टिविटी में लगातार विस्तार होने से झारखंड के यात्रियों को दूसरे राज्यों तक बेहतर और तेज आवागमन की सुविधा मिल रही है. उद्योग, व्यापार और निवेश के साथ-साथ चिकित्सा एवं शैक्षणिक यात्राओं के लिए भी इन उड़ानों का लाभ बड़ी संख्या में लोग उठा रहे हैं. आने वाले दिनों में यात्रियों की संख्या बढ़ने की भी उम्मीद जताई जा रही है. एयरपोर्ट डायरेक्टर विनोद कुमार ने कहा, जुलाई माह के लिए फ्लाइट शेड्यूल जारी कर दिया गया है. यात्रियों की सुविधा हमारी प्राथमिकता है. सभी उड़ानों का संचालन निर्धारित समय के अनुसार सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा. यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पहले संबंधित एयरलाइन से अपने फ्लाइट का समय और स्टेटस अवश्य जांच लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो.

# डूरंड कप 2026 : रांची पहली बार मेजबान, बिरसा मुंडा स्टेडियम में होंगे रोमांचक मुकाबले

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** डूरंड कप के 135वें संस्करण में इस बार झारखंड की राजधानी रांची को पहली बार मेजबानी का मौका मिला है। यह राज्य के खेल इतिहास के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। टूनार्मेंट की शुरूआत 25 जुलाई से होगी, जबकि रांची में मुकाबले 26 जुलाई से 16 अगस्त तक खेले जाएंगे। सभी मैच बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित होंगे। यहां लीग चरण के कई मुकाबलों के साथ एक क्वार्टर फाइनल मैच भी खेला जाएगा। रांची में होने वाले मैचों में इंडियन सुपर लीग की मजबूत टीम जमशेदपुर एफसी और स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली के अलावा भारतीय वायुसेना फुटबॉल टीम भी मैदान में उतरेगी। खास बात यह है कि श्रीलंका सशस्त्र बलों की टीम डिफेंडर्स एफसी पहली बार इस टूनार्मेंट में भाग ले रही है। इस बार डूरंड कप में कुल 24 टीमें हिस्सा




ले रही हैं और मुकाबले देश के पांच शहरों–कोलकाता, रांची, इम्फाल, शिलांग और गुवाहाटी में खेले जाएंगे। रांची को मेजबान बनाना टूनार्मेंट के विस्तार और झारखंड में फुटबॉल को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। टूनार्मेंट का फाइनल 23 अगस्त को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। डूरंड कप एशिया का सबसे पुराना और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना फुटबॉल टूनार्मेंट है। इसका आयोजन भारतीय सेना द्वारा किया जाता है और यह प्रतियोगिता देश के उभरते खिलाड़ियों को बड़ा मंच देने के लिए जानी जाती है।

# रांची ट्रैफिक पुलिस की सख्ती, जून में रिकॉर्ड 1,24,144 चालान कटे, 9.50 करोड़ रुपये का जुर्माना

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** राजधानी रांची में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने बेहद सख्त रुख अपनाया.जून महीने में रिकॉर्ड कार्रवाई हुई है. जून में 9.50 करोड़ के चालान निर्गत हुए हैं. राजधानी रांची में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई की जा रही है.एक जून से 30 जून तक चले विशेष अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने कुल 1,24,144 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की और लगभग 9.50 करोड़ रुपये के जुमार्ना लगाया है.

### ट्रैफिक एसपी ने दी जानकारी

बुधवार को रांची के ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के



खिलाफ पुलिस बेहद सख्त है. ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए पहले जागरुकता अभियान चलाया गया था, अब चालान काटा जा रहा है. यह कार्रवाई शहर के लगभग हर प्रमुख चौक-चौराहे और व्यस्त मार्गों पर नियमित निगरानी के साथ की गई है.

### सबसे अधिक चालान हेलमेट नहीं पहनने वालों का कटा

ट्रैफिक पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि सबसे अधिक चालान बिना हेलमेट दोपहिया चालकों के खिलाफ काटे गए. इसमें 58,743 मामले सामने आए हैं. वहीं अवैध पार्किंग कर यातायात बाधित करने पर 50,500 चालान काटे गए. रेड लाइट उल्लंघन के 4,612 चालान काटे गए, ओवरस्पीड के 2,118 चालान काटे गए, अतिरिक्त सवारी बैठाने पर 1,359 चालान, नो-एंट्री का उल्लंघन करने पर 1,312 चालान और गलत दिशा में वाहन चलाने पर 866 चालकों के खिलाफ चालान काटे गए हैं.

### अन्य नियमों के उल्लंघन पर भी कटे चालान

ट्रैफिक पुलिस के कार्यालय से मिले आंकड़ों के मुताबिक अभियान के दौरान बिना ड्राइविंग लाइसेंस चलाना, वाहन बीमा न रखना, सीट बेल्ट न पहनना, शराब पीकर वाहन चलाना, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग, प्रदूषण प्रमाणपत्र न होना, काली फिल्म और संशोधित साइलेंसर लगाने जैसे कई उल्लंघनों पर भी सख्ती दिखायी गई है. कुल 44 ऑटो चालकों पर कार्रवाई हुई और 22 मामलों में नंबर प्लेट संबंधित परिवर्तन/उल्लंघन पकड़ा गया. 765 मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई और 831 गंभीर मामलों में अभियोजन कर सीधे न्यायालय भेजा गया है. रांची के ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया कि यह अभियान केवल चालान काटने तक सीमित नहीं है, बल्कि सड़क पर अनुशासन कायम करने, दुर्घटनाओं को कम करने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता लाने का प्रयास है.

# बुंडू में जन शिकायत समाधान शिविर, 26 मामलों की सुनवाई, कई शिकायतों का मौके पर निपटारा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बुंडू।** आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान और पुलिस-प्रशासन व जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बुधवार को बुंडू थाना परिसर में अनुमंडलीय जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। रांची ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में आयोजित शिविर में बुंडू अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। शिविर में कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश मामले भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, महिला उत्पीड़न एवं राजस्व संबंधी थे। अधिकारियों ने सभी शिकायतों की गंभीरता से सुनवाई की तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया। शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने कहा कि वरिष्ठ



पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को जिला मुख्यालय तक आने की परेशानी से राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस अब लोगों के पास पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रही है, ताकि उन्हें समयबद्ध न्याय और राहत मिल सके। उन्होंने आम लोगों से बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत प्रशासन के समक्ष रखने की अपील की। शिविर में बुंडू थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो, तमाड़ थाना प्रभारी दुलाल महतो, सोनाहातु थाना प्रभारी प्रेम प्रदीप, राहे थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, दशम फॉल थाना प्रभारी कुंदन सिंह, महिला थाना प्रभारी बुलबुल कुमारी समेत सभी संबंधित पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

# हटिया स्टेशन पर आरपीएफ का डबल एक्शन, 14 किलो गांजा जब्त, अवैध ई-टिकट कारोबार का खुलासा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल ने हटिया रेलवे स्टेशन पर दो अलग-अलग अभियानों में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध रेल ई-टिकट कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. एक मामले में करीब 14 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 7 लाख रुपये बताई गई है. वहीं दूसरी कार्रवाई में तत्काल टिकटों की अवैध खरीद-बिक्री और फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ है.

### ऑपरेशन नार्कोस के तहत कार्रवाई



आरपीएफ द्वारा ऑपरेशन नार्कोस के तहत फ्लाइंग टीम रांची और आरपीएफ पोस्ट हटिया की संयुक्त टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन पर विशेष जांच अभियान चलाया. जांच के दौरान प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर फुटओवर ब्रिज के नीचे तीन बैग के साथ बैठे दो युवक संदिग्ध अवस्था में मिले. पूछताछ में उन्होंने बिहार के कैमूर जिला निवासी 25 वर्षीय जयराम कुमार और दीपक कुमार के रूप में पहचान बताई. तलाशी के दौरान दोनों के बैग से कुल 14 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ. डीडी किट से जांच में बरामद सामग्री गांजा पाया गया. आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि झारसुगुड़ा रेलवे स्टेशन के बाहर एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें यह गांजा दिया था. जिसे बिहार के कुदरा में बुटन नामक व्यक्ति तक पहुंचाने के बदले 5 हजार रुपये मिलने थे.

### दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज

एनडीपीएस अधिनियम के तहत गांजा जब्त कर दोनों आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी हटिया के हवाले कर दिया गया. इस मामले में धारा 20(b)(2)(C) और 29, एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. वहीं ऑपरेशन उपलब्ध के तहत अपराध शाखा, रांची और आरपीएफ पोस्ट हटिया की संयुक्त टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन के पीआरएस काउंटर पर छापेमारी कर अवैध रेलवे ई-टिकट कारोबार का भी खुलासा किया. इस दौरान गिरिडीह निवासी 31 वर्षीय मुस्लिम अंसारी को गिरफ्तार किया गया. उसके पास से पारसनाथ से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस तक का तत्काल स्लीपर टिकट, तीन खाली आरक्षण फॉर्म, एक मोबाइल फोन और 820 रुपये नकद बरामद किया गया. पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह पिछले एक-दो महीने से तत्काल टिकटों की अवैध खरीद-बिक्री कर रहा था. वह प्रत्येक टिकट पर यात्रियों से 500 रुपये अतिरिक्त वसूलता था. जांच में यह भी सामने आया कि वह पहले अपने नाम से टिकट बनवाता और बाद में आधार कार्ड में फोटो बदलकर ग्राहकों को टिकट उपलब्ध कराता था.

# तमाड़ में लकड़ी माफियाओं का आतंक, वन विभाग ने अवैध लकड़ी लदा ट्रैक्टर किया जब्त

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**तमाड़ (रांची):** जिले के तमाड़ वन क्षेत्र में एक बार फिर लकड़ी माफियाओं की सक्रियता सामने आई है। गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग ने अवैध लकड़ी से लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। हालांकि कार्रवाई के दौरान तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार बुधवार को तमाड़ रेंज के गोंढेया मोड़ स्थित कांची नदी किनारे से लकड़ी माफिया अवैध लकड़ी के बोटों को ट्रैक्टर पर लादकर ले जा रहे थे। इसी दौरान वन विभाग को इसकी सूचना मिली। सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने छापेमारी की और लकड़ी लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सोनाहातू क्षेत्र के कई गांवों से



प्रतिदिन अवैध रूप से लकड़ी काटकर ट्रैक्टरों के माध्यम से पश्चिम बंगाल भेजी जाती है, जहां इसे ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से चल रहे इस अवैध कारोबार के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। एक ओर सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर हरियाली बढ़ाने और जंगलों के संरक्षण की बात करती है, वहीं दूसरी ओर जंगलों की अवैध कटाई लगातार जारी है। स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाए जाते रहे हैं कि कुछ प्रभावशाली लोगों के संरक्षण के कारण यह कारोबार फल-फूल रहा है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। वन विभाग की इस कार्रवाई ने एक बार फिर तमाड़ वन क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी तस्करी के बड़े नेटवर्क की ओर संकेत किया है। अब देखने वाली बात होगी कि विभाग की कार्रवाई केवल ट्रैक्टर जब्त करने तक सीमित रहती है या फिर इस अवैध कारोबार से जुड़े मुख्य आरोपियों और सरगनाओं तक भी जांच पहुंचती है।

# हाइवा ट्रक और पैसेंजर सवार टोटो की आमने - सामने की टक्कर में तीन की मौत, घायलों की हालत नाजुक


**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**उधवा/साहिबगंज** ।उधवा - राजमहल फोर लेन सड़क के जामनगर में बीते मंगलवार की शाम हाइवा ट्रक और पैसेंजर सवार टोटो की आमने - सामने टक्कर में गंभीर रूप से घायल टोटो चालक अबूसमा शेख की पश्चिम बंगाल के मालदा में बुधवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई है ।मृतक टोटो चालक राधानगर थाना क्षेत्र के पियारपुर का निवासी है ।जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र बानूटोला (चुआर) के दंपती ऐसुद्दीन शेख पत्नी नुबाहार बीबी अपनी विवाहिता पुत्री यास्मीन खातून को डॉ दिखाने के लिए टोटो में सवार होकर राजमहल जा रहे है ।इस दौरान टोटो में विवाहिता महिला यास्मीन खातून की सास तफनारा बीबी (54) (राजमहल थाना क्षेत्र) भी सवार होकर जा रहे थे ।इस दौरान जामनगर बंगालीपाड़ा के समीप पहुंचे तो अचानक विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही हाइवा ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया ।इस टक्कर से टोटो चालक समेत सभी सवारी लहूलुहान हो गए ।घटना के बाद मौके पर अफरा - तफरी का माहौल हो गया ।घटना के बाद सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई ।स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल भेजा गया जहां डॉ ने घायल ऐसुद्दीन शेख (46) और पत्नी नुबाहार बीबी (52) को मृत घोषित कर दिया एवं अन्य सभी घायलों की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया ।गंभीर घायलों को पश्चिम बंगाल के मालदा में भर्ती कराया ।बुधवार को सुबह घायल टोटो चालक अबूसमा शेख की भी मृत्यु हो गई एवं अन्य घायलों की भी हालत नाजुक बताई जा रही है ।घटना की खबर सुनकर क्षेत्र मे गम का माहौल है.इधर राजमहल पुलिस ने मृतक दंपती को कागची प्रकिया कर पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया ।इधर बुधवार को दंपती की शव को कफन दफन कर दिया गया ।मृतक अबूसमा शेख की शव को पैतृक आवास लाने की प्रक्रिया चल रही थी ।इधर राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने बताया कि मामले में पीड़ितों की ओर से आवेदन नहीं दिया गया है ।इधर हादसे की खबर सुनते ही फौरन क्षेत्रीय विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया ।घटनास्थल पर सैकड़ो लोगों की आक्रोशित भीड़ को समझाया - बुझाया एवं मौके पर पहुंची पुलिस को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।






## टमटम स्टैंड काली मंदिर में चोरी का प्रयास, सीसीटीवी में कैद हुए दो संदिग्ध युवक




**साहिबगंज** ।नगर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड स्थित टमटम स्टैंड काली मंदिर में मंगलवार-बुधवार की देर रात अज्ञात युवकों ने चोरी करने का प्रयास किया। हालांकि उनकी कोशिश सफल नहीं हो सकी और वे बिना किसी सामान की चोरी किए मौके से फरार हो गए ।मंदिर परिसर के समीप लगे सीसीटीवी कैमरे में दोनों संदिग्ध युवकों की पूरी गतिविधि कैद हो गई है। फुटेज में दोनों युवक देर रात मंदिर परिसर में घूमते और चोरी की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया ।सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फुटेज के आधार पर दोनों संदिग्ध युवकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है ।पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## बाइपास सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**उधवा/साहिबगंज** ।उधवा- राजमहल रोड स्थित कब्रिस्तान के सामने पुल पर पाइपलाइन बिछाने की तैयारी करने पहुंचे पीएचईडी विभाग को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों ने पुल पर पहुंचकर कार्य रोक दिया और पहले वर्षों पुरानी बाइपास सड़क की मांग पूरी करने की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि बाबू टोला मोड़ से उधवा चौक तक दोनों ओर घनी आबादी है तथा कब्रिस्तान आवागमन के लिए पुल के दोनों तरफ बाइपास सड़क की मांग लंबे समय से लंबित है। विभाग की ओर से दोबारा स्टीमेट तैयार किए जाने के आश्वासन पर लोग शांत थे, लेकिन बाइपास निर्माण से पहले पुल के पैदल पथ पर पाइपलाइन बिछाने की तैयारी से नाराजगी बढ़ गई। मौके पर मुखिया पति यासीन शेख, पंचायत समिति सदस्य पति इब्राहिम शेख, पूर्व मुखिया बदरुद्दोजा समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा कि पहले बाइपास सड़क की सुविधा दी जाए, उसके बाद विभाग अन्य कार्य करे।

## विधायक ने नगर पंचायत क्षेत्र में सात विकास योजनाओं का शिलान्यास, करीब 52 लाख रुपये की योजनाओं की सौगात.

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**राजमहल/साहिबगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र में बुधवार को करीब 52.04 लाख रुपये की लागत वाली सात विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया. नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा, नगर पंचायत अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख, विधायक प्रतिनिधि सह नगर पंचायत उपाध्यक्ष मो. मारूफ उर्फ गुड्डू , कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन एवं वार्ड पार्षदों ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर योजनाओं का शुभारंभ किया.वार्ड संख्या छह में समसानघाट स्थित सार्वजनिक शौचालय के जीर्णोद्धार पर 8.19 लाख रुपये खर्च होंगे.वार्ड चार में एनएच-80 से जयदेव दत्ता के घर तक पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण के लिए 4.80 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं.वार्ड एक में एनएच-80 हाउस ऑफ आजाद से छोटी मस्जिद तक पीसीसी सड़क का निर्माण 2.44 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा.इसी प्रकार वार्ड दस में एमडी अजहरुद्दीन से विषहरी स्थान एवं यूसुफ शेख के घर तक पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण पर 8.48 लाख रुपये खर्च होंगे. वार्ड 13 में जमाल शेख के घर से कुतुबुद्दीन के घर तक पेवर ब्लॉक सड़क का निर्माण 9.96 लाख रुपये से कराया जाएगा. वार्ड चार में मटाहर शेख के घर से विभिन्न स्थानों तक पेवर ब्लॉक एवं पीसीसी सड़क निर्माण पर 8.21 लाख रुपये तथा वार्ड पांच में एनएच-80 से मैना तालाब तक पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण पर 9.93 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे.कार्यक्रम में विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि नगर क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है.आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है. उन्होंने संबंधित एजेंसियों को सभी योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया.कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में चयनित विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया. मौके पर वार्ड पार्षद सन्नी साह, राजकुमार मंडल, उज्ज्वल हालदार, अनीता बसाक, गीता बर्मन, आलोक राय, मो. बरकत, मो. अयूब सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे.




## उपायुक्त ने बिरसा कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**साहिबगंज** ।कृषि विभाग द्वारा संचालित बिरसा कृषि रथ को समाहरणालय परिसर से जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दीपक कुमार दूबे द्वारा, हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।बिरसा कृषि रथ का संचालन दिनांक 01.07.2026 से 15.07.2026 तक साहेबगंज जिले के सभी प्रखंडों की पंचायतों एवं संकुलों में किया जाएगा। यह रथ खरीफ मौसम के पूर्व कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ संभावित सुखाड़ की स्थिति में वैकल्पिक खेती एवं आवश्यक कृषि तकनीकों की जानकारी पंचायत स्तर पर भ्रमण के दौरान किसानों तक पहुँचाएगा ।बिरसा कृषि रथ निर्धारित रूट चार्ट के अनुरूप कुल 15 दिनों तक ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगा। इस दौरान आयोजित किसान संगोष्ठियों के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ दलहन एवं तेलहन की उन्नत खेती, मोटे अनाज की खेती, प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरक प्रयोग, वैकल्पिक कृषि, समेकित कृषि प्रणाली तथा उच्च मूल्य वाली कृषि फसलों सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर प्राथमिकता के आधार पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त कृषि एवं कृषि से संबद्ध विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी कृषकों को उपलब्ध कराई जाएगी ।इस अवसर पर उपायुक्त श्री दुबे ने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने-अपने पंचायतों में निर्धारित तिथि के अनुसार बिरसा कृषि रथ के माध्यम से आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से किसानों को कृषि विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने, आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का अवसर मिलेगा, जिससे खरीफ मौसम में बेहतर उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग गाँव-गाँव पहुँचकर किसानों को नई तकनीकों से अवगत कराएगा तथा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएगा ।बिरसा कृषि रथ के साथ प्रत्येक गाँव के कृषक मित्र, पंचायत के जनसेवक तथा प्रखंड स्तर पर संबंधित प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बी.टी.एम. एवं ए.टी.एम. को टैग किया गया है। साथ ही जिला स्तर पर कृषि एवं संबद्ध विभागों के पदाधिकारियों को विभिन्न प्रखंडों के वरीय पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि के अनुसार कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित करने तथा अधिकाधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है ।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सतिश चंद्रा, अपर समाहर्ता विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला मत्स्य पदाधिकारी विरेन्द्र विन्हा, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, वरीय वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक, आत्मा एवं आत्मा के कर्मी उपस्थित थे ।

## गर्भवती महिला का इलाज कराने जा रहे थे, रास्ते में हाइवा ने मारी टक्कर; दो की मौत





**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**उधवा–राजमहल मार्ग पर भीषण हादसा, टोटो के उड़े परखच्चे, दो की जान गई**

**साहिबगंज।** जिला के उधवा-राजमहल मुख्य मार्ग पर जामनगर के समीप मंगलवार की देर रात हाइवा और टोटो की आमने-सामने हुई टक्कर में टोटो सवार दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार, टोटो में सवार सभी लोग 5 माह की गर्भवती महिला का इलाज कराने के लिए राजमहल आ रहे थे। इसी दौरान जामनगर के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने टोटो को जोरदार टक्कर मार दी।

**गर्भवती महिला भी गंभीर रूप से घायल**

टक्कर इतनी जोरदार थी कि टोटो के परखच्चे उड़ गये और उसमें सवार लोग सड़क पर जा गिरे। हादसे में राधानगर थाना क्षेत्र के बालूटोला, चुवार निवासी 46 वर्षीय एईसुद्दीन शेख और 52 वर्षीय नुवाहार बीवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं, राजमहल थाना क्षेत्र के गुमास्ता टोला निवासी 26 वर्षीय यास्मीन खातून, अमानत निवासी 45 वर्षीय रहीम शेख, जामनगर निवासी 54 वर्षीय तफनारा बीवी और टोटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से सभी घायलों को राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**घायलों को किया गया बड़े अस्पताल में रेफर**

अस्पताल में डॉ उदय टुडू ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हसनैन अंसारी एवं पुलिस पदाधिकारी ओमप्रकाश चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त हाइवा व टोटो को जब्त कर लिया और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

## राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन के नेतृत्व में तीनपहाड़ संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल मालदा डीआरएम से की मुलाकात



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**तीनपहाड़/साहिबगंज।** तीनपहाड़ क्षेत्र की लंबित रेल समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल राजमहल के विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा के नेतृत्व में मालदा मंडल के डीआरएम से की मुलाकात। प्रतिनिधिमंडल ने मालदा मंडल के डीआरएम मनीष गुप्ता से मुलाकात कर तीनपहाड़ अंडरपास पुल सहित क्षेत्र की विभिन्न रेल संबंधी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया ।बैठक के दौरान विधायक ने कहा कि तीनपहाड़ क्षेत्र के लोगों को वर्षों से रेल सुविधाओं के अभाव और अंडरपास की समस्या के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने डीआरएम से इन समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह किया ।संघर्ष समिति के सदस्यों ने भी तीनपहाड़ अंडरपास पुल के निर्माण, प्रमुख ट्रेनों के ठहराव, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा अन्य रेल संबंधी मांगों से डीआरएम को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इन मांगों के पूरा होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा ।डीआरएम मनीष गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संघर्ष समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग प्रतिनिधिमंडल में उपस्थित थे।

## पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने विक्टोरिया बड़ा तालाब में लिया बोटिंग का आनंद



**लोहरदगा:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने बुधवार को लोहरदगा शहर स्थित विक्टोरिया बड़ा तालाब पहुंचकर बोटिंग का आनंद लिया। इस दौरान उन्होंने तालाब की प्राकृतिक सुंदरता का अवलोकन किया और इसके संरक्षण व पर्यटन विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उनके आगमन को लेकर स्थानीय लोगों और कांग्रेस कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला ।बोटिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि विक्टोरिया बड़ा तालाब लोहरदगा की ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहर है। यदि इसका समुचित विकास किया जाए तो यह जिले का प्रमुख पर्यटन केंद्र बन सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्यटन स्थलों के विकास से न केवल जिले की पहचान मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे ।उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, स्वच्छता, सुरक्षा और बेहतर रखरखाव आवश्यक है। तालाब के आसपास सौंदर्यीकरण, मनोरंजन की सुविधाओं और पर्यटकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित किए जाने से यहां आने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि होगी। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी अपील की कि वे सार्वजनिक संपत्तियों और प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा एवं स्वच्छता बनाए रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं ।धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा प्राकृतिक संसाधनों और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों से समृद्ध जिला है। इन स्थलों का योजनाबद्ध तरीके से विकास कर जिले को पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को मिलकर इस दिशा में गंभीर प्रयास करने चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस धरोहर का लाभ उठा सकें ।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, हाजी जब्बारुल अंसारी, नगर परिषद के उपाध्यक्ष अब्दुल कादिर, इंतियाज अंसारी सहित कई गणमान्य लोग एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने तालाब के विकास और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए तथा जिले के समग्र विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।

# पत्रकारों की गिरफ्तारी मामले में झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन गंभीर, जांच समिति का गठन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**कोटालपोखर चेकनाका प्रकरण की होगी निष्पक्ष पड़ताल, रिपोर्ट के बाद एसपी को सौंपा जाएगा ज्ञापन**



**साहिबगंज** ।झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन (जेजेए) साहिबगंज जिला इकाई की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बुधवार को स्थानीय नया परिसदन परिसर में जिलाध्यक्ष चंदन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश सचिव अरविंद ठाकुर एवं डिजिटल मीडिया प्रदेश प्रभारी प्रवीण कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कोटालपोखर थाना क्षेत्र के चेकनाका पर खबर संकलन के दौरान चार पत्रकारों–वसीम अकरम, मोहम्मद मोहसिन, लाल मोहम्मद शेख एवं मोहम्मद मुशर्रफ–के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार तथा उनकी गिरफ्तारी के मामले पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में संगठन ने घटना पर गहरी चिंता एवं दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वतंत्र कार्य वातावरण लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। इस दौरान पीड़ित पत्रकारों के परिजनों से दूरभाष पर बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली गई। साथ ही पीड़ित परिवार की ओर से जिलाध्यक्ष चंदन सिंह के नाम एक लिखित आवेदन भी संगठन को सौंपा गया, जिसमें घटना की पूरी आपबीती का उल्लेख करते हुए निष्पक्ष जांच कराने एवं न्याय दिलाने में संगठन से सहयोग की अपील की गई।

**तीन सदस्यीय जांच समिति करेगी तथ्यात्मक जांच:**

प्रदेश नेतृत्व के निर्देश एवं प्राप्त आवेदन के आलोक में बैठक में सर्वसम्मति से पूरे मामले की वस्तुस्थिति जानने के लिए तीन सदस्यीय जिला जांच समिति का गठन किया गया। समिति में जिला उपाध्यक्ष अब्दुल मन्नान, जिला उपाध्यक्ष भूदेव कुमार तथा राजमहल प्रखंड उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय को शामिल किया गया है। समिति राजमहल उपकारा में बंद चारों पत्रकारों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की तथ्यात्मक जानकारी जुटाएगी तथा अपनी विस्तृत रिपोर्ट जिला इकाई को सौंपेगी। संगठन ने स्पष्ट किया कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पूर्व सभी तथ्यों का निष्पक्ष अध्ययन किया जाएगा।

**रिपोर्ट के बाद पुलिस अधीक्षक को सौंपा जाएगा ज्ञापन**

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने एवं प्रदेश कमेटी के निर्देश के बाद जिला इकाई का एक शिष्टमंडल पुलिस अधीक्षक, साहिबगंज से मुलाकात करेगा। शिष्टमंडल कोटालपोखर थाना में दर्ज प्राथमिकी, चेकनाका पर हुई पूरी घटना तथा संबंधित प्रशासनिक कार्रवाई की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपेगा। संगठन ने दोहराया कि उपलब्ध तथ्यों और जांच रिपोर्ट के आधार पर पत्रकार हित में आगे की रणनीति तय की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से आगे की कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में जिला महासचिव रब नवाज आलम, जिला सचिव आलोक कुमार, जिला कोषाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, पंकज कुमार वर्मा, तालझारी प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार चौधरी, संजय सिंह, सहेंद्र प्रसाद, गोविंद ठाकुर, धनंजय हलदार, संजीव कुमार, आनंद कुमार चौधरी, प्रशांत कुमार, चंदन कुमार, उज्ज्वल कुमार साहा, दीपक कुमार साह एवं नवीन कुमार सहित जिला एवं प्रखंड इकाई के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। बैठक का समापन पत्रकार हितों की रक्षा एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता दोहराते हुए किया गया।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, लोहरदगा के क्रिकेट स्टेडियम और पर्यटन विकास पर हुई विस्तृत चर्चा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने बुधवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवास में हुई इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न विकासात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेष रूप से लोहरदगा के बीएस कॉलेज स्थित क्रिकेट स्टेडियम के विकास, उसमें फ्लड लाइट लगाने की योजना तथा जिले में पर्यटन स्थलों के समग्र विकास को लेकर गंभीर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के पुत्र हर्षित साहू भी उपस्थित थे। मुलाकात के दौरान धीरज प्रसाद साहू ने मुख्यमंत्री का ध्यान लोहरदगा के खेल एवं पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि जिले में पर्याप्त संसाधन और प्रतिभाएं मौजूद हैं। यदि आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जाए तो लोहरदगा राज्य के प्रमुख खेल एवं पर्यटन केंद्रों में अपनी अलग पहचान बना सकता है।

धीरज प्रसाद साहू ने मुख्यमंत्री से बीएस कॉलेज स्थित क्रिकेट स्टेडियम में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने विशेष रूप से स्टेडियम में फ्लड लाइट लगाने, खिलाड़ियों के लिए बेहतर ड्रेसिंग रूम, दर्शक दीर्घा, अभ्यास सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक खेल संसाधनों के विकास पर जोर दिया। उनका कहना था कि इन सुविधाओं के विकसित होने से स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी का अवसर मिलेगा और जिले में खेल संस्कृति को नई दिशा मिलेगी।

इसके अलावा बैठक में लोहरदगा के पर्यटन स्थलों के विकास पर भी चर्चा हुई। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व वाले कई स्थल आज भी अपेक्षित विकास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यदि इन स्थानों का योजनाबद्ध तरीके से विकास किया जाए तो पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे और जिले की आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

मुलाकात के बाद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक पहल का भरोसा दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य सरकार लोहरदगा के विकास से जुड़े इन महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर शीघ्र कार्रवाई करेगी।

वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा, ₹धीरू बाबू मेरे अभिभावक हैं। उनके कार्यों के लिए मैं हमेशा तैयार हूं। जिन योजनाओं पर चर्चा हुई है, उनका विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) बनाकर उपलब्ध कराया जाए, ताकि नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके।₹ मुख्यमंत्री के इस सकारात्मक आश्वासन से लोहरदगा के खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों में नई उम्मीद जगी है। माना जा रहा है कि यदि प्रस्तावित योजनाओं को मंजूरी मिलती है तो बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा और जिले में खेल गतिविधियों को नया विस्तार मिलेगा। साथ ही पर्यटन स्थलों के विकास से लोहरदगा की पहचान राज्य के प्रमुख पर्यटन जिलों में भी स्थापित हो सकेगी।

इस शिष्टाचार मुलाकात को राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विकास से जुड़े मुद्दों पर हुई सकारात्मक चर्चा से यह संकेत मिला है कि राज्य सरकार लोहरदगा के खेल, पर्यटन और आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता देने की दिशा में गंभीरता से आगे बढ़ सकती है। स्थानीय लोगों को अब इन प्रस्तावों के धरातल पर उतरने का इंतजार रहेगा।

## वन महोत्सव के प्रथम दिन लगाए गए पौधे



**लोहरदगा:** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में 1 जुलाई से 7 जुलाई तक आयोजित होने वाले वन महोत्सव के प्रथम दिन प्राचार्य एस के झा के नेतृत्व में विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों के द्वारा सैकड़ो औषधिय, फलदार एवं फूल के पौधे विद्यालय परिसर में लगाए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि हमारे जीवन का पेड़- पौधे अभिन्न अंग हैं। इसलिए पेड़-पौधों को लगाकर संपूर्ण वातावरण को शुद्ध रखना हमारा परम दायित्व है। आइए आज के दिन हम सब पेड़ -पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित रखने की प्रतिज्ञा करें।

## छतरपुर में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों के विरुद्ध प्रशासन की सख्त कार्रवाई



छत्तरपुर:पलामू जिले के छत्तरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह-अंचल अधिकारी आशीष कुमार एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राजेश अग्रवाल अनुमंडलीय अस्पताल,छतरपुर द्वारा बुधवार को संयुक्त रूप से लठेया स्थित माँ कलावती नर्सिंग होम का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान नर्सिंग होम बंद पाया गया तथा अस्पताल संचालक अनिल कुमार यादव एवं संबंधित कर्मी मौके से अनुपस्थित मिले। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि बिना वैध अनुमति अथवा निर्धारित मानकों का पालन किए बिना किसी भी निजी स्वास्थ्य संस्थान का संचालन स्वीकार्य नहीं है। ऐसे मामलों में नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।छतरपुर प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने सभी निजी अस्पतालों एवं नर्सिंग होम संचालकों से अपील की है कि वे शासन द्वारा निर्धारित सभी मानकों एवं नियमों का पूर्णतः पालन करें। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित संस्थान के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं लक्ष्यों की प्रगति का हुआ आकलन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**एफएमडी वैक्सीनेशन का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश**



**लोहरदगा:** भारत सरकार के निदेर्शानुसार केंद्र के सभी राज्य के सभी जिला व प्रखंड स्तर पर प्लस पोलियो के तरह क्षेत्र एफएमडी वैक्सीनेशन के माध्यम से गम्भीर रोग को कम करने के उद्देश्य से लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के समीप पशु चिकित्सालय भवन में पशु चिकित्सक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी एवं मैत्री की समीक्षा बैठक प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार के अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बैठक के क्रम पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं लक्ष्यों की प्रगति के आकलन समीक्षा किया गया। इस दौरान उन्?होंने एफएमडी वैक्सीनेशन क्षेत्र में शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में बताया गया कि एफएमडी वैक्सीनेशन ऑनलाइन अभियान को सफल बनाने में चिकित्सा कर्मी एवं पशुपालन मित्र के सहयोग से लक्ष्य को सफल बनाया जा सकता है और लक्ष्य के अनुसार सभी को कार्य करने का निर्देश दिया गया। केवल तीन दिन शेष हैं। 1जून से 30 जून तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने का निधारित समय को अमल करने और पहल करने पर विशेष ध्यान रखने की बात कही गई। एफएमडी वैक्सीन से जनवरों में पाए जाने वाले गम्भीर बीमारी के बचाव पर प्रकाश डाला गया। मौके पर पशु चिकित्सक रोहित कुमार के अलावे क्षेत्रीय कर्मी शुशील कुमार,राजू कुमार एवं पशुपालक मित्र शामिल थे।

## एफएमडी वैक्सीनेशन का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश

**पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं लक्ष्यों की प्रगति का हुआ आकलन**

**लोहरदगा:** भारत सरकार के निदेर्शानुसार केंद्र के सभी राज्य के सभी जिला व प्रखंड स्तर पर प्लस पोलियो के तरह क्षेत्र एफएमडी वैक्सीनेशन के माध्यम से गम्भीर रोग को कम करने के उद्देश्य से लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के समीप पशु चिकित्सालय भवन में पशु चिकित्सक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी एवं मैत्री की समीक्षा बैठक प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार के अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बैठक के क्रम पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं लक्ष्यों की प्रगति के आकलन समीक्षा किया गया। इस दौरान उन्?होंने एफएमडी वैक्सीनेशन क्षेत्र में शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में बताया गया कि एफएमडी वैक्सीनेशन ऑनलाइन अभियान को सफल बनाने में चिकित्सा कर्मी एवं पशुपालन मित्र के सहयोग से लक्ष्य को सफल बनाया जा सकता है और लक्ष्य के अनुसार सभी को कार्य करने का निर्देश दिया गया। केवल तीन दिन शेष हैं। 1जून से 30 जून तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने का निधारित समय को अमल करने और पहल करने पर विशेष ध्यान रखने की बात कही गई। एफएमडी वैक्सीन से जनवरों में पाए जाने वाले गम्भीर बीमारी के बचाव पर प्रकाश डाला गया। मौके पर पशु चिकित्सक रोहित कुमार के अलावे क्षेत्रीय कर्मी शुशील कुमार,राजू कुमार एवं पशुपालक मित्र शामिल थे।

## जहां कभी गूंजती थीं फिल्मों की आवाजें, वहीं अब बनेगा राहत का रास्ता



पाकुड़। लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए पाकुड़ नगर परिषद ने आज बुधवार को वृंदावन मार्केट के सामने से तातीपाड़ा जाने वाले नए रास्ते का शिलान्यास कर दिया। इस मसमस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।पाकुड़ शहर से तातीपाड़ा रोड जाने के लिए फिलहाल एकमात्र रास्ता गांधी चौक से होकर गुजरता है, जिसके कारण पूरे दिन भारी वाहन जाम की स्थिति बनी रहती है। नए रास्ते के निर्माण से स्थानीय नागरिकों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले इस जगह पर डोकानिया परिवार के नाम से दो प्रसिद्ध सिनेमा हॉल – मिनी सुचित्रा टॉकीज और सुचित्रा टॉकीज – हुआ करते थे। इन हॉलों में शहरवासियों को भरपूर मनोरंजन मिलता था। मोबाइल युग के आने के बाद सिनेमाघरों में दर्शकों की संख्या घटने लगी। समय के साथ दोनों सिनेमाघर बंद हो गए और इमारतें जर्जर अवस्था में पहुंच गईं।इन इमारतों को तोड़कर जमीन को समतल कर प्लॉटिंग के बाद बिक्री कर दी गई। डोकानिया परिवार ने शहरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 15 फुट चौड़ा रास्ता आम जनता के लिए छोड़ दिया। इस रास्ते को डोकानिया पथ नाम दिया गया है ताकि मुख्य सड़क से तातीपाड़ा जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।शिलान्यास समारोह में पाकुड़ नगर परिषद की अध्यक्ष शाबरी पाल, कांग्रेस अध्यक्ष श्री कुमार तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए नगर परिषद् प्रशासन और डोकानिया परिवार का आभार व्यक्त किया है।नए रास्ते के निर्माण से न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी। शहरवासी अब उम्मीद कर रहे हैं कि शीघ्र ही सड़क का निर्माण पूरा कर उन्हें आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# स्नेह मिलन समारोह का हुआ भावपूर्ण आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**लोहरदगा:** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर (उच्च विद्यालय) लोहरदगा के सभागार में बुधवार को ₹स्नेह मिलन समारोहझ्2026₹ का आयोजन अत्यंत गरिमामय, भावपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय परिवार के प्रति समर्पित आचार्यों एवं सहयोगियों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता तथा स्नेह की भावपूर्ण अभिव्यक्ति करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल,प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद,सुंदरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे , विद्या मंदिर प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा , एवं सेवा निवृत्त आचार्य दिनेश प्रसाद आचार्या मधुमिता शर्मा, आचार्या अनीता देवी के चंदन-वंदन, दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। इसके उपरांत अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने कराया गया। मंच संचालन नीलिमा सिंह ने किया। स्नेह समारोह में उपस्थित संगीत आचार्या सुप्रिया दीदी द्वारा विदाई गीत ने सभी की आंखें नम कर दीं। विद्यालय के आचार्य प्रमेंद्र सिंह , मंजू दीदी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में विद्यालय परिवार की एकता, सेवा, संस्कार एवं समर्पण की भावना को जीवन का आधार बताया। प्रशस्तिपत्र का वाचन सचिव महोदय अजय प्रसाद जी के द्वारा सम्मानित व्यक्तियों के योगदान का भावपूर्ण उल्लेख किया गया। कार्यक्रम में कक्षा दशम की बहन निधि शर्मा के द्वारा अपना अनुभव साझा किया। मधुमिता शर्मा, अनिता देवी एवं दिनेश सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय से जुड़ी मधुर स्मृतियों को याद किया। मुख्य अतिथि एवं प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि ₹विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा और राष्ट्रनिर्माण की सशक्त कार्यशाला है।₹ प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारियों एवं प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित अतिथियों को उपहार भेंट कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री शशिधर लाल अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय आशीर्वचन में सभी को विद्यालय की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। श्यामसुंदर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, आचार्यों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## निखिल सर्राफ ₹मोनू₹ चुने गए मारवाड़ी युवा मंच लोहरदगा शाखा के अध्यक्ष



**लोहरदगा** क्षेत्र में मारवाड़ी युवा मंच अपनी जनसेवा और सहयोग को लेकर लगातार काम करती रही है। मंच के नए अध्यक्ष के रूप में सर्व सम्मति से निखिल सर्राफ को चयनित किया गया। निवर्तमान प्रांतीय संयोजक एवं पूर्व अध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंच संविधान के अनुसार प्रत्येक वर्ष चुनाव करा कर नया अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। इस बार सर्वसम्मति से निखिल सर्राफ को निर्विरोध अध्यक्ष मनोनित किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष अभिषेक पोद्दार का कार्यकाल समाप्त हो गया , अभिषेक पोद्दार के कार्यकाल में निखिल सर्राफ शाखा कोषाध्यक्ष के रूप में मंच को अपना भरपूर सहयोग दिया था। नव नियुक्त अध्यक्ष के नेतृत्व में जल्दी ही एक बैठक बुला कर संगठन विस्तार कर जनसेवा के कार्यक्रमों को गति देने का काम किया जाएगा। अध्यक्ष नियुक्त होने पर मंच के जय प्रकाश शर्मा,अभिषेक पोद्दार,अनुराग पोद्दार, चंदन राजगढ़िया, निशांत सर्राफ, आशीष पोद्दार, शैलेश पोद्दार,शुभम शर्मा, रितेश चौधरी, मयंक मोदी, मनीष राजगढ़िया, अपूर्व पोद्दार,कन्हैया राजगढ़िया,अभिषेक बंका, यश मित्तल, रूपेश चौधरी, गोकुल मित्तल,विक्रांत सर्राफ, आशीष अग्रवाल, विकास सर्राफ, सूरज शर्मा, हर्ष बंका,अतुल सर्राफ सहित अन्य सभी सदस्यों ने अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी है।

## जिला प्रशासन हजारीबाग द्वारा सदर अस्पताल के ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन, 27 यूनिट रक्त का हुआ संग्रहण




जिला प्रशासन,हजारीबाग द्वारा 1 जुलाई को सदर अस्पताल के ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर के दौरान कुल 27 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। रक्तदान शिविर का उद्देश्य सदर अस्पताल में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर रक्तदाताओं को उनके सामाजिक योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गयासदर अस्पताल में रक्त की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के उद्देश्य से प्रत्येक माह इस प्रकार के रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से आगे भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा रक्तदान के लिए दूसरों को प्रेरित करने की अपील की।इसके अतिरिक्त शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं सदर अस्पताल प्रबंधन के चिकित्सक रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से श्री तनवीर सिंह तथा यूथ विंग, हजारीबाग की ओर से श्री रितेश खंडेलवाल सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण **भूमिका निभाई**।जिला प्रशासन,हजारीबाग ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं, स्वयंसेवी संगठनों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकता है। प्रशासन ने भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी अभियानों में सहयोग बनाए रखने की अपील की।

# डीडीसी ने डिजीटल 'बिरसा कृषि रथ' को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**किसानों को मिलेगी नई तकनीक की जानकारी**



**धनबाद।**कृषि के आधुनिकीकरण और किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से बुधवार को उप विकास आयुक्त श्री सन्नी राज ने समाहरणालय परिसर से डिजीटल 'बिरसा कृषि रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ अगले 15 दिनों तक सभी प्रखंडों के सभी पंचायतों में भ्रमण करेगा।इस अवसर पर डीडीसी ने कहा कि इस वर्ष सुपर अल-नीनो के प्रभाव के कारण कम वर्षा की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस स्थिति में सही फसल का चुनाव और वैज्ञानिक सुझावों को गांव गांव तक पहुंचाना ही बिरसा कृषि रथ का मुख्य उद्देश्य है। साथ में रथ के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की टीम ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर किसानों को मिट्टी की जांच, जैविक खेती, फसल विविधीकरण और आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी देगी।

रथ के माध्यम से किसानों को बिरसा हरित ग्राम योजना सहित सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। भ्रमण के दौरान रथ के साथ चल रहे कृषि विशेषज्ञ किसानों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करेंगे और उन्हें कृषि संबंधित तकनीकी सलाह उपलब्ध कराएंगे।रथ के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री और माननीय कृषि मंत्री का कृषकों के नाम संदेश प्रसारित किया जाएगा। अभियान एक उद्देश्य यह भी है कि प्रत्येक किसान तक योजनाओं की सही एवं समय पर जानकारी पहुंचे ताकि कृषक विपरीत मौसम के प्रति सजग रहें एवं अधिकतम लाभ ले सकें।

उन्होंने कहा कि बिरसा कृषि रथ का उद्देश्य जिले के अंतिम छोर पर बैठे किसानों तक पहुंचना है। उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाकर किसान अपनी आय को दोगुना कर सकते हैं। यह रथ न केवल सूचना का माध्यम है, बल्कि यह किसानों और कृषि विभाग के बीच एक सीधा सेतु है। जिले के सभी प्रखंडों में यह रथ भ्रमण करेगा, ताकि अधिक से अधिक किसान इससे लाभान्वित हो सकेंगे। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी श्री अभिषेक मिश्रा, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ अनिल कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी श्री जनार्दन शर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंह, उप परियोजना निदेशक श्री मोतीलाल, सहायक तकनीकी प्रबंधक श्री संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

## प्रखंड स्तरीय अंडर-12 बालिका सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में पीएस लूथरन बनी विजेता

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**एमएस पावरगंज रही उपविजेता**



**लोहरदगा:** मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (सीएम एसओई) नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा के खेल मैदान में 65वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत प्रखंड स्तरीय अंडर-12 बालिका फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पीएस लूथरन की टीम विजेता बनी, जबकि एमएस पावरगंज ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) राजीव रंजन ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ₹दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल है। कम उम्र की बालिकाएं भी इस खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। खेल में हार-जीत लगी रहती है, इसलिए कभी निराश नहीं होना चाहिए। बीपीओ मंजू देवी एवं शिक्षक शैलेंद्र कुमार सुमन ने कहा कि फुटबॉल केवल एक खेल नहीं, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और शारीरिक फिटनेस विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।प्रतियोगिता के सफल संचालन में संजय उरांव, रश्मि खेस, पंकज कुमार, आरती कुमारी, मोहित मुकेश, प्रतिभा खलखो, उशुर्ला कुजूर, विक्की कुमार, गंगाधर महतो एवं सुमो खेस की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं रूबी कुजूर एवं नेमहंती मिंज ने भी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। समापन पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित कर उनके बेहतर प्रदर्शन की सराहना की गई।

# उप विकास आयुक्त ने डिजिटल बिरसा कृषि जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अगले 15 दिनों तक जिले के गांव-गांव पहुंचकर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं की दी जाएगी जानकारी**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़ :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संचालित ₹विकसित कृषि संकल्प अभियान 2026₹ के अंतर्गत किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल, विशेष कार्य पदाधिकारी अमित कुमार एवं जिला कृषि पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने डिजिटल बिरसा कृषि जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल ने कहा कि यह अभियान किसानों तक कृषि, पशुपालन एवं संबद्ध विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि अगले 15 दिनों तक डिजिटल बिरसा कृषि जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगा। इस दौरान किसान संगोष्ठियों एवं जन- जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती, प्राकृतिक एवं जैविक कृषि, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण, कृषि यंत्रीकरण, बागवानी, पशुपालन, डेयरी विकास तथा अन्य विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान के दौरान किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया, आवेदन संबंधी जानकारी, तकनीकी मार्गदर्शन तथा कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय विशेषज्ञों से सीधे संवाद का अवसर भी मिलेगा। इससे अधिक से अधिक किसान सरकारी योजनाओं से जुड़कर आधुनिक खेती अपनाने तथा अपनी आय में वृद्धि करने के लिए प्रेरित होंगे। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कृषि कर्मियों को निर्देश दिया कि अभियान के दौरान प्रत्येक पंचायत में अधिकाधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही योजनाओं की जानकारी सरल एवं प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराते हुए किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि अभियान का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंच सके।

## गर्री खुर्द में दिनेश्वर साव के पुत्र के विवाह समारोह में पहुंचे विधायक मीडिया प्रतिनिधि, वर-वधू को दिया आशीर्वाद



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

केरेडारी/ हजारीबागः ग्राम गर्री खुर्द निवासी दिनेश्वर साव के सुपुत्र रूपेश कुमार के शादी समारोह में बुधवार को विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेशवर कुमार शामिल हुए। उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद देकर सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। जागेशवर कुमार ने नवदंपति को उपहार भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और परिवारजनों से मिलकर बधाई दी।

**इस अवसर पर उपस्थित रहे:**

राजेश कुमार सोनी, रामकेश्वर साव, झनकू मिस्त्री, पूर्व जिला परिषद सदस्य शारदा ऋषि, दिनेश्वर साव, गणेश सोनी, बैजनाथ शर्मा, प्रभु सोनी, निकेश कुमार सोनी सहित सैकड़ों महिला-पुरुष तथा समस्त सोनी परिवार उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद सीएम ने उपायुक्त को जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई का दिए निर्देश

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**

**पाकुड़।** झारखंड में सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक सुस्ती एक बार फिर सवालों के घेरे में है। पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड से सामने आए एक मामले ने आम लोगों को मिलने वाली बुनियादी सरकारी सेवाओं की स्थिति उजागर कर दी है। यहां एक अभिभावक अपने भतीजे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पिछले तीन महीनों से प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटता रहा, लेकिन समय पर प्रमाण पत्र नहीं मिलने से बच्चे के स्कूल नामांकन पर संकट खड़ा हो गया।जानकारी के अनुसार,




लिट्टीपाड़ा प्रखंड की जामजोरी पंचायत निवासी दिनेश टुडू अपने भतीजे के जन्म प्रमाण पत्र के लिए लगातार कार्यालयों के चक्कर लगा रहे थे। आरोप है कि बार-बार आवेदन और अनुरोध के बावजूद उनका कार्य पूरा नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में वे सरकारी कर्मी से सहायता की गुहार लगाते और भावुक होकर उनके पैर पकड़ने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं मौजूद कर्मचारी उन्हें समझाकर अपने कक्ष में ले जाने का प्रयास करते नजर आते हैं।

वीडियो में दिनेश टुडू यह कहते हुए दिखाई देते हैं कि यदि जल्द जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं हुआ तो बच्चे का स्कूल में नामांकन रद्द हो सकता है। इस घटना ने सरकारी सेवाओं की धीमी प्रक्रिया और आम नागरिकों की परेशानियों को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वयं संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने पाकुड़ के उपायुक्त को मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध आवश्यक एवं सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।अब सभी की नजर जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है। यदि जांच में लापरवाही की पुष्टि होती है, तो यह मामला न केवल संबंधित कर्मियों की जवाबदेही तय करेगा, बल्कि आम नागरिकों को समय पर सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है।

## पाकुड़ जिले में ड्राइविंग लाइसेंस विशेष अभियान का शुभारंभ, पहले दिन 32 आवेदकों को मिला लर्निंग लाइसेंस

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मार्गदर्शन, परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ के निर्देश तथा उपायुक्त, पाकुड़ मेघा भारद्वाज के नेतृत्व में जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में निर्धारित तिथियों के अनुसार ड्राइविंग लाइसेंस (नवसिखुवा चालक अनुज्ञप्ति/लर्निंग लाइसेंस) जारी करने हेतु विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को वैध ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराना तथा सुरक्षित एवं नियमबद्ध यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है।इसी क्रम में आज बुधवार, 01 जुलाई 2026 को सदर प्रखंड मुख्यालय में अभियान के प्रथम चरण के तहत नवसिखुवा चालक अनुज्ञप्ति (लर्निंग लाइसेंस) के लिए आवेदन प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सरकार की इस जनहितकारी पहल का लाभ उठाया।

इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी मो. मोजाहिद अंसारी, अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अरविन्द कुमार बेदिया, उप प्रमुख हैदर अहमद, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।शिविर के प्रथम दिन लगभग 60 इच्छुक आवेदकों ने लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया। आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन एवं निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत 32 पात्र आवेदकों को उसी दिन नवसिखुवा चालक अनुज्ञप्ति (लर्निंग लाइसेंस) जारी कर दिया गया। शेष आवेदनों का निष्पादन प्रक्रिया के अनुरूप किया जा रहा है। यह दो दिवसीय विशेष शिविर है। दूसरे दिन भी इच्छुक नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने वाले पात्र आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस जारी किया जाएगा।जिला परिवहन पदाधिकारी मो० मोजाहिद अंसारी ने बताया कि यह विशेष अभियान जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित किया जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील किया कि वे निर्धारित तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होकर इस सुविधा का लाभ उठाएं तथा वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर सुरक्षित, जिम्मेदार एवं नियमसम्मत वाहन संचालन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों तक सरकारी सेवाओं को सरल, सुलभ एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और यह अभियान उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## मां अस्पताल में डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों व मेडिकल स्टाफ का सम्मान , डॉक्टर साहा ने स्टाफ को सेवा का दिया संदेश

**कुलबीर सिंह/ झारखंड उजाला संवाददाता**



**बलियापुर /धनबाद।** बुधवार 1 जुलाई 2026 को बलियापुर हवाई पट्टी के समीप स्थित मां अस्पताल में राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक डॉक्टर सी. जी. साहा एवं प्रशासक डॉ. अरिजीत साहा ने अस्पताल के सभी डॉक्टरों ,मेडिकल स्टाफ और कर्मियों के बीच मिठाई वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर सी. जी. साहा ने कहा की मरीजों की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। अस्पताल के सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी निष्ठा, समर्पण और सेवा भाव से मरीजों का विश्वास जीता है, जो सराहनीय है। वहीं मेडिकल स्टाफ ने भी मरीजों को बेहतर और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की अपने संकल्प को दोहराया। सभी ने भविष्य में भी पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का भरोसा दिलाया। डॉक्टर्स डे के अवसर पर अस्पताल परिसर में सौहार्दपूर्ण माहौल रहा । मां अस्पताल क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जाना जाता है। डॉक्टर्स डे के इस कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने भी डॉक्टर साहा के संदेशों का स्वागत किया और अस्पताल की सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# 2026 के तहत फॉर्म वितरण एवं डिजिटाइजेशन कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, प्रगति नहीं दिखी तो कार्रवाई तय :उपायुक्त

**झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**



मेदिनीनगर (पलामू)
गहन विशेष पुनरीक्षण (रक्क्र 2026) के तहत मतदाता सूची अद्यतन कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने स्पष्ट कहा कि इन्यूमरेशन (गणना) फॉर्म के वितरण एवं डिजिटाइजेशन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर संबंधित बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।बुधवार को उपायुक्त श्री शेखावत ने अपने कार्यालय कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रक्क्र 2026 के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में हुसैनाबाद, विश्रामपुर एवं डालटनगंज विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े, जबकि पांकी एवं छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उपायुक्त कार्यालय कक्ष से बैठक में शामिल हुए।समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने एक-एक कर सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से इन्यूमरेशन फॉर्म वितरण एवं डिजिटाइजेशन की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पाया कि फॉर्म वितरण तथा डिजिटाइजेशन दोनों कार्यों की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। इस पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एक दिन की प्रगति भी चिंताजनक है और इस महत्वपूर्ण निर्वाचन कार्य में इतनी धीमी गति किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।उपायुक्त ने कहा कि 30 जून से बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर इन्यूमरेशन फ्ठन्होंने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रतिदिन शाम 5 बजे बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ बैठक कर प्रगति की समीक्षा करें तथा फॉर्म वितरण एवं डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता के घर तक इन्यूमरेशन फॉर्म पहुंचना चाहिए और निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी फॉर्मों का डिजिटाइजेशन भी पूरा होना चाहिए।उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि रक्क्र2026 के तहत निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता अथवा कार्य में अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## हुसैनबाद में दर्दनाक हादसा, ट्रेन की चपेट में आने से 18 वर्षीय छात्रा की मौत

हुसैनबाद (पलामू): हुसैनबाद थाना क्षेत्र से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है, जहाँ बुधवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक 18 वर्षीय छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान सोनपुरवा गांव निवासी सतेंद्र मेहता की पुत्री बबिता कुमारी (18 वर्ष) के रूप में की गई है।

**स्कूल से टीसी लेने निकली थी छात्रा**

मिली जानकारी के मुताबिक, बबिता कुमारी अपने घर से स्कूल से ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) लेने के लिए निकली थी। लेकिन कुछ ही देर बाद रेलवे ट्रैक पर उसका शव बरामद हुआ। शव के पास ही उसका एडमिट कार्ड गिरा हुआ था, जिसके आधार पर उसकी पहचान की जा सकी। पहचान होने के तुरंत बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसके बारे में परिजनों और पुलिस को सूचित किया गया।

**जांच में जुटी पुलिस**

घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला, थाना प्रभारी चंदन कुमार और जपला आरपीएफ की टीम तुरंत दलबल के साथ मौके पर पहुँची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद शव को अपने कब्जे में ले लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है कि यह हादसा कैसे हुआ।

## सिंदरी अंचल में नाला सफाई अभियान तेज, दूसरे चरण में 31 स्थानों पर कार्य जारी

सिंदरी/धनबाद। मानसून के मद्देनजर धनबाद नगर निगम के सिंदरी अंचल में नाला सफाई अभियान के दूसरे चरण को तेज कर दिया गया है। निगम द्वारा जारी नाली सफाई प्रतिवेदन के अनुसार वार्ड संख्या 40 से 55 तक विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नालियों की सफाई की जा रही है, जिससे जल-जमाव की समस्या को कम किया जा सके।प्रतिवेदन के अनुसार कुल 31 प्रमुख स्थानों पर नाला-नाली सफाई का कार्य कराया गया। इनमें से अधिकांश स्थानों पर सफाई कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, जबकि कुछ क्षेत्रों में 70 से 90 प्रतिशत तक कार्य पूरा किया जा चुका है। कई स्थानों पर कचरा उठाव शेष होने के कारण अंतिम चरण का कार्य जारी है।सफाई अभियान के तहत सुभाषित रेलवे ब्रिज से डिगवाडीह 10 नंबर तक, न्यू कॉलोनी से पासवान पट्टी, डिगवाडीह कांटा घाट, भागाबांधी बस्ती, मुनीडीह मोड़, भाटडीह मोड़, दो लाइन ब्रिज नाला, कांगड़ा दुर्गा मंदिर क्षेत्र, पोस्ट ऑफिस से रेलवे लाइन तक, सहारजोड़ा बीटी, डोमगढ़ सीटी, श्यामपुरा मार्केट तथा अन्य इलाकों में व्यापक सफाई कार्य किया गया।नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार कई महत्वपूर्ण नालों की सफाई पूरी हो चुकी है, जिससे बरसात के दौरान जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी। वहीं कुछ क्षेत्रों में कचरा उठाव और अंतिम सफाई कार्य शेष है, जिसे जल्द पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।निगम प्रशासन ने बताया कि लगातार हो रही बारिश को देखते हुए सफाई टीमों को अलर्ट मोड में रखा गया है। जल-जमाव की आशंका वाले क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त सफाई अभियान चलाया जाएगा।स्थानीय लोगों ने भी निगम के इस अभियान का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि समय पर नाला सफाई होने से बरसात के मौसम में जल-जमाव और आवागमन की समस्याओं में कमी आएगी। नगर निगम ने नागरिकों से नालियों में कूड़ा-कचरा नहीं फेंकने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है।

## श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन

**हुसैनाबाद** शहर के नहर मोड़ स्थित श्रीचारधाम मन्दिर परिसर में भगवान शिव मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री परिवार प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसे लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमे सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष भक्त श्रद्धालु कलश के साथ शामिल हुए। पारंपरिक गाजा बाजा के साथ नगर क्षेत्र के मुख्य मार्ग होते हुए देवरी स्थित सोन नदी तट पहुंचे। यहां यज्ञाचार्य अश्वथामा तिवारी, द्रोणाचार्य तिवारी, अशोक विश्वकर्मा व पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जलभरी की प्रक्रिया पूर्ण हुई। पुनः कलश यात्रा श्रीचरधाम मन्दिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान सम्पूर्ण क्षेत्र हर हर महादेव के जयघोष से गुंजयमान हो उठा। महायज्ञ के मुख्य यजमान कपिल गुप्ता, ज्योति देवी, अयोध्या प्रसाद गुप्ता, रीता देवी, राहुल गुप्ता, प्रियांशु देवी, नंदा साव हैं। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने बताया कि यह पांच दिवसीय यज्ञ रविवार को हवन पूजन व भव्य भंडारा के साथ संपन्न होगा। बुधवार से प्रत्येक शाम को कथावाचक हरिओम पाठक के मुखरविन्द से अमृत की वर्षा होगी। कलश यात्रा में नगर अध्यक्ष अजय कुमार भारती, राजद के वरिष्ठ नेता बिनय कुमार सिंह यादव, उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, रामेश्वर राम, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, पार्षद राजेन्द्र पाल, अजित गुप्ता, सोनू चन्द्रवंशी, शम्भू कुमार, आनंद कुमार, अभिमन्यु कुमार, प्रदीप कुमार, शिवपूजन गुप्ता, मुन्ना कुमार देव, उमेश कुमार, सुरेंद्र विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, मुकेश पटेल, विनोद चौधरी, सन्तोष गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, दीनानाथ गुप्ता, लखन साव, सुषमा गुप्ता, सुनैना देवी, पूजा देवी, आशा देवी, आशुतोष कुमार, अद्विक कुमार आदि सैकड़ों महिला पुरुष भक्त श्रद्धालु शामिल थे।

## छत्तरपुर एसडीपीओ ने कार्यालय में जनता दरबार लगाकर आमजनों की सुनी फरियाद



**छत्तरपुरः**पलामू जिले पुलिस मुख्यालय के विभागीय निर्देश के आलोक में छत्तरपुर थाना क्षेत्र के आम जनता के विभिन्न कांडों से संबंधित पुलिसिंग कार्यों का सख्ती के साथ निष्पादन किया जा रहा है. ताकि कांडों का समय से निष्पादन किया जा सके. इसके साथ ही छत्तरपुर एसडीपीओ प्रशांत कुमार के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर फरियादियों की विभिन्न वादों का जांच पड़ताल कर निष्पादन के दिशा में पहल की जा रही है. ताकि समय से उन्हें न्याय मिल सके और दोषियों पर कार्रवाई हो सके. इसी क्रम में बुधवार को एसडीपीओ प्रशांत कुमार ने कार्यालय में जनता दरबार लगाया गया. जिसमें अनुमंडल मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रों से दर्जनों फरियादी अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे और एक-एक कर अपनी मामले से संबंधित आवेदन देकर फरियाद की व्यथा एसडीपीओ को सुनाया. जिसको गंभीरता से लेते हुए एसडीपीओ ने विभिन्न वादों की जांच करते हुए उनकी फरियाद सुनी। साथ ही अन्य मामलों की सुनवाई एवं जांच के लिए संबंधित थानाध्यक्ष व केस के अनुसंधानकर्ता को निर्देश देते हुए जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कड़ा रुख अपनाना सही नही है जितना की लोकसेवक बन कर कार्य करने मे है। जिससे बेहतर समाज का निर्माण हो और अपराध मुक्त हो। उन्होंने कहा की लोगो की भावनाओं को समझना भी एक हमारी जवाबदेही क्योंकि किसी की बात यदि आप अच्छे से समझे नही तो उसका निवारण सही तरिके से होगा नही। हमारा उदेश्य जनता से समन्वय स्थापित कर क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना है जिसमे समाज के सभी वर्गो के लोगो की भागीदारी जरूरी है। समाज के सभी लोगो से आग्रह है की कम उम्र के युवाओं के प्रति ज्यादा देखभाल करे जिससे नशाखोरी बन्द हो। क्योंकि कम उम्र के युवा नशा मे लिप्त होते दिख रहे है जो अपराध मे खुद ब खुद तब्दील होते नजर आ रहे है। क्षेत्र के नए उत्थान के लिए नशा खोरी किसी भी हाल मे बन्द करना होगा।एसडीपीओ ने फरियादियों से कहा कि पुलिस आपकी मित्र है. अपनी समस्याओं को बेहिचक कहें.छत्तरपुर पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है.

# पानी पाकिस्तान का बंद हुआ है, मगर गला यहां के 'शांति दूतों' का क्यों सूख रहा है?



करण कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

देखा जाये तो दशकों तक भारतीयों का खून बहाने वाला पाकिस्तान अब पानी की कमी होने पर कांप रहा है और वहां के नेता गीदड़ भभकियां दे रहे हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि सिंधु पाकिस्तान की जीवनरेखा है और भारत पानी को हथियार बना रहा है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने जिस दृढ़ता के साथ पाकिस्तान को उसकी असली जगह दिखानी शुरू की है, उससे इस्लामाबाद की सत्ता, सेना और वहां के कथित लोकतांत्रिक चेहरे बुरी तरह बौखला गए हैं। सिंधु जल संधि को स्थगित करने के भारत के फैसले ने पाकिस्तान की नसों में ऐसा डर भर दिया है कि वहां के नेता लगातार धमकियां दे रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रो रहे हैं और दुनिया को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत ने उनके अस्तित्व पर हमला कर दिया है।

देखा जाये तो दशकों तक भारतीयों का खून बहाने वाला पाकिस्तान अब पानी की कमी होने पर कांप रहा है और वहां के नेता गीदड़ भभकियां दे रहे हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि सिंधु पाकिस्तान की जीवनरेखा है और भारत पानी को हथियार बना रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान अपने पानी, अपनी संप्रभुता और अपने भविष्य की रक्षा करेगा। पाकिस्तान के जलवायु मंत्री मुसद्दिक मलिक ने तो यहां तक कह दिया कि जो हाथ उनके पानी को छुएंगे, उन्हें काट दिया जाएगा। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने भी भारत पर पानी रोकने का आरोप लगाते हुए आक्रामक बयान दिए। पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री इशाक डार ने दुनिया को डराने की कोशिश की कि यदि सिंधु जल संधि नहीं बची तो द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की पूरी विश्व व्यवस्था खतरे में पड़ जाएगी।

लेकिन पाकिस्तान के इन आंसुओं के पीछे छिपा सच पूरी दुनिया जानती है। पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वाले आतंकवादी कहां से आए थे? जम्मू-कश्मीर में दशकों से आतंकवाद को कौन पालता रहा है? भारत के सैनिकों और नागरिकों का खून बहाने के लिए हथियार, प्रशिक्षण और धन कौन देता रहा है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिल्कुल सही कहा था कि खून और पानी साथ साथ नहीं बह सकते। भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित करके यह स्पष्ट कर दिया कि अब नई दिल्ली पुरानी नीति पर नहीं चलेगी। यदि पाकिस्तान आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति बनाए रखेगा तो उसे हर मोर्चे पर कीमत चुकानी होगी। भारत ने पश्चिमी नदियों पर अपने अधिकार वाले जल के उपयोग को तेज करने का फैसला किया है। यह कोई युद्ध नहीं, बल्कि अपने अधिकारों का प्रयोग है।



साथ ही सबसे बड़ा सवाल उन लोगों से पूछा जाना चाहिए जो भारत में बैठकर पाकिस्तान से वार्ता की मांग कर रहे हैं। हम आपको बता दें कि एक सौ से अधिक तथाकथित बुद्धिजीवियों, नेताओं और सामाजिक हस्तियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शाहबाज शरीफ को पत्र लिखकर बातचीत बहाल करने, वीजा सेवाएं शुरू करने, दूतावास सामान्य करने और यहां तक कि कश्मीर पर फिर से बातचीत करने की मांग की है। इस पत्र पर फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, मीरवाइज उमर फारूक और कुछ अन्य भारतीय हस्तियों के हस्ताक्षर भी हैं।

इन लोगों से देश पूछना चाहता है कि आखिर पाकिस्तान से इतनी मोहब्बत क्यों है? जो देश भारत में आतंकवादी भेजता है, हमारे नागरिकों की हत्या करवाता है, सीमा पार से गोलियां चलाता है, उसी देश के लिए इनके दिल में इतनी बेचैनी क्यों उमड़ती है? भारत ने जब पाकिस्तान का पानी रोकने की दिशा में कदम उठाया तो प्यास पाकिस्तान को लगी, लेकिन गला यहां बैठे तथाकथित शांति दूतों का सूखने लगा। आखिर क्यों? क्या इन लोगों को भारत की सुरक्षा से ज्यादा चिंता पाकिस्तान की खेती और उसकी बिजली व्यवस्था की है?

ये लोग कहते हैं कि वार्ता ही समाधान है। लेकिन देश जानना चाहता है कि आखिर कितनी वार्ताएं हो चुकी हैं? लाहौर बस यात्रा से लेकर आगरा शिखर वार्ता तक और उफा से लेकर शरम अल शेख तक भारत ने हर बार शांति का हाथ बढ़ाया। बदले में मिला क्या? कारगिल, संसद हमला, मुंबई हमला, उरी, पुलवामा और अब पहलगाम। पाकिस्तान हर बार वार्ता की मेज पर मुस्कुराता है और पीठ पीछे आतंकियों को भेजता है।

आज जब भारत पहली बार कठोर नीति पर डटा है तो देश के भीतर बैठे कुछ लोग बेचैन हो उठे हैं। उन्हें आतंकवाद पर गुस्सा नहीं आता, लेकिन पाकिस्तान का पानी रुकने पर दर्द होने लगता है। उन्हें भारत के शहीदों की चिंता कम और इस्लामाबाद की परेशानी ज्यादा दिखाई देती है। यह वही मानसिकता है जिसने दशकों तक भारत को कमजोर नीति में बांध कर रखा।

सच यह है कि सिंधु जल संधि का सबसे ज्यादा लाभ पाकिस्तान ने उठाया। भारत ने वर्षों तक उदारता दिखाई, जबकि पाकिस्तान आतंकवाद फैलाता रहा। अब जब नई दिल्ली ने स्पष्ट कर दिया है कि आतंक और व्यापार, आतंक और वार्ता, आतंक और पानी साथ साथ नहीं चल सकते, तब पाकिस्तान दुनिया भर में सहानुभूति जुटाने निकला है। लेकिन दुनिया भी समझ रही है कि समस्या की जड़ कहां है।

पाकिस्तान को यह समझ लेना चाहिए कि धमकियों से भारत डरने वाला नहीं है। पानी को लेकर युद्ध जैसे बयान देने वाले पहले अपने घर की हालत देखें। वहां की अर्थव्यवस्था डगमगा रही है, जनता महंगाई से त्रस्त है और सेना तथा सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए भारत विरोध का सहारा ले रही हैं।

देखा जाये तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पाकिस्तान नीति ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नया भारत अब केवल प्रतिक्रिया नहीं देगा, बल्कि अपने हितों की रक्षा के लिए निर्णायक कदम भी उठाएगा। आतंकवाद को पालने वालों को अब हर क्षेत्र में जवाब मिलेगा। पाकिस्तान यदि वास्तव में शांति चाहता है तो उसे पहले आतंकवाद की फैक्टरी बंद करनी होगी। जब तक उसकी धरती से भारत विरोधी आतंक जारी रहेगा, तब तक कोई भी वार्ता केवल छलावा मानी जाएगी।

बहरहाल, भारत की जनता अब भ्रम में नहीं है। देश समझ चुका है कि शांति की सबसे पहली शर्त सुरक्षा है। और जो लोग पाकिस्तान के लिए आंसू बहा रहे हैं, उन्हें यह याद रखना चाहिए कि भारत की सहनशीलता को कमजोरी समझने की भूल अब कोई नहीं कर सकता। नया भारत अपने सैनिकों के खून का हिसाब भी लेगा और अपने पानी का अधिकार भी बचाएगा।

## आज का राशिफल




**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। परिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।


**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्चे पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

# संतुलित कूटनीति से उभरता भारत का वैश्विक नेतृत्व



रूस-यूक्रेन युद्ध इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा, क्योंकि वह देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए आवश्यक था। साथ ही भारत ने अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ अपने संबंधों को भी मजबूत बनाए रखा। यह संतुलन साधना आसान नहीं था, किंतु भारत ने इसे सफलतापूर्वक निभाया। भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी विशेषता उसकी संतुलित, स्वतंत्र और दूरदर्शी सोच रही है। विश्व राजनीति के बदलते परिदृश्य, महाशक्तियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, क्षेत्रीय संघर्षों और वैश्विक अस्थिरताओं के दौर में भारत ने जिस परिपक्वता और विवेक का परिचय दिया है, उसने उसे विश्व मंच पर एक विश्वसनीय, जिम्मेदार और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के निधन के उपरांत उनके अंतिम संस्कार में भारत की ओर से उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को भेजने का निर्णय भी इसी संतुलित और व्यावहारिक विदेश नीति का परिचायक है। यह केवल एक राजनयिक औपचारिकता नहीं, बल्कि भारत और ईरान के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, सभ्यतागत एवं रणनीतिक संबंधों के प्रति सम्मान और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। भारत की ओर से विदेश राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा तथा बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल का तेहरान जाना यह स्पष्ट करता है कि भारत अपने मित्र देशों के साथ संबंधों को केवल सामरिक दृष्टि से नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के आधार पर भी देखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं इस अवसर पर उपस्थित नहीं हो सके, क्योंकि उनके पूर्व निर्धारित कार्यक्रम थे, किंतु भारत की गरिमापूर्ण उपस्थिति ने यह संदेश अवश्य दिया कि भारत अपने मित्र देशों के सुख-दुःख में सहभागी बनने की परंपरा का निर्वाह करता है।

वास्तव में भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती विभिन्न वैश्विक शक्तियों के बीच संतुलन बनाए रखने की रही है। आज भारत के अमेरिका, रूस, इजरायल, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोप, जापान और आसियान देशों के साथ मजबूत रणनीतिक एवं आर्थिक संबंध हैं। दूसरी ओर ईरान के साथ भी उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और ऊर्जा संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं। ऐसे में किसी एक पक्ष के साथ अत्यधिक निकटता दूसरे पक्ष के साथ संबंधों को प्रभावित कर सकती है। किंतु भारत ने सदैव यह सिद्ध किया है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप स्वतंत्र विदेश नीति का अनुसरण करता है। ईरान से जुड़े हालिया घटनाक्रमों पर भारत की प्रतिक्रिया भी अत्यंत संतुलित रही। भारत ने ईरानी दूतावास जाकर शोक संवेदना व्यक्त की, किंतु किसी प्रकार के अंतरराष्ट्रीय आरोप-प्रत्यारोप में स्वयं को शामिल नहीं किया। भारत ने न तो अमेरिका की आलोचना की और न ही इजरायल के विरुद्ध कोई आक्रामक टिप्पणी की। यह वही कूटनीतिक परिपक्वता है, जिसने भारत को वैश्विक राजनीति में एक जिम्मेदार शक्ति के रूप में स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति का मूल आधार राष्ट्रहित सर्वोपरि रहा है। इसी कारण भारत ने किसी भी अंतरराष्ट्रीय दबाव के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी है।

रूस-यूक्रेन युद्ध इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा, क्योंकि वह देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए आवश्यक था। साथ ही भारत ने अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ अपने संबंधों को भी मजबूत बनाए रखा। यह संतुलन साधना आसान नहीं था, किंतु भारत ने इसे सफलतापूर्वक निभाया। यही कारण है कि आज भारत को किसी गुट विशेष का सदस्य नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र वैशिक शक्ति के रूप में देखा जाता है। भारत और ईरान के संबंध हजारों वर्षों पुराने हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, भाषाई, साहित्यिक और व्यापारिक संबंधों का समृद्ध इतिहास रहा है। फारसी भाषा और संस्कृति का भारतीय सभ्यता पर गहरा प्रभाव रहा है। मुगल काल से लेकर आधुनिक युग तक दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान निरंतर चलता रहा है। आर्थिक दृष्टि से भी ईरान भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। भारत लंबे समय तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति ईरान से करता रहा है। अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारत को कुछ समय के लिए ईरान से तेल आयात रोकना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद दोनों देशों के संबंधों में कोई स्थायी कटुता नहीं आई।

चाबहार बंदरगाह परियोजना भारत और ईरान के रणनीतिक संबंधों का एक महत्वपूर्ण आयाम है। यह परियोजना भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच प्रदान करती है तथा पाकिस्तान को दरकिनार करते हुए क्षेत्रीय संपर्क और व्यापार के नए अवसर उपलब्ध कराती है। ऐसे समय में जब चीन ह्यबेल्ट एंड रोडह्न परियोजना के माध्यम से अपने प्रभाव का विस्तार कर रहा है, चाबहार भारत के लिए सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने पिछले एक दशक में अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। भारत ने अमेरिका के साथ रक्षा, तकनीक और निवेश के क्षेत्र में अभूतपूर्व सहयोग विकसित किया है।

# भ्रष्टाचार की कड़ियां

जब नियम-कायदों को ताक पर रख कर सत्ता और तंत्र की जिम्मेदारियों को दरकिनार करने की कोशिश की जाती है, तो उसके पीछे एक वजह भ्रष्ट तौर-तरीके से किसी को लाभ पहुंचाना होता है। मगर ऐसी कारगुजारियों का खमियाजा आखिरकार आम जनता को उठाना पड़ता है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री की उपसचिव सौम्या चौरसिया की गिरफ्तारी से एक बार फिर यह बहस छिड़ गई है कि नौकरशाही में काम करते हुए कोई अधिकारी कैसे सत्ता का केंद्र बन जाता है और अपने कामकाज से लेकर अन्य मामलों में उसे मनमानी करने में कोई हिचक नहीं होती। ऐसा शायद इसलिए होता है कि आमतौर पर ऐसे अधिकारियों को सत्ता का प्रत्यक्ष या परोक्ष संरक्षण प्राप्त होता है, जिसके चलते वे अपनी मंशा को बिना किसी हिचक के पूरी कर पाते हैं। विडंबना यह है कि जिन नेताओं को जनता इस उम्मीद से सत्ता में भेजती है कि वे अपने पद का उपयोग आम लोगों के हित और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं पर काबू पाने में करेंगे, वही भ्रष्टाचारियों का बचाव करने की कोशिश करते दिखने लगते हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार में उप सचिव सौम्या चौरसिया को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने कथित अवैध वसूली और जमीन से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है। सवाल है कि इतने उच्च स्तर की किसी अधिकारी को अवैध वसूली या भ्रष्टाचार के अन्य मामलों में मनमानी करने की छूट कैसे मिल जाती है। ऐसी सुविधा उसे कौन मुहैया कराता है! हालांकि इस मामले में जांच प्रक्रिया पूरी और आरोप साबित होने के बाद ही उनकी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी, लेकिन फिलहाल उपसचिव की गिरफ्तारी के जो आधार बताए गए हैं, वे निश्चित रूप से भारत में पहले से मौजूद भ्रष्टाचार की व्यापक समस्या की तहों में हर जगह मौजूद रहे हैं। कहा जा सकता है कि जब तक जांच एजंसियां सक्रिय होकर जांच नहीं करतीं, तब तक ऐसे अपराध बेरोकटोक चलते रहते हैं। खासकर नौकरशाही में कुछ लोग राजनीतिक शह की वजह से बेरोकटोक भ्रष्टाचार से कमाई करते रहते हैं। छत्तीसगढ़ में ईडी की कानूनी कार्रवाई की जद में आई सौम्या चौरसिया के पद-कद का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उन्हें राज्य में न केवल सबसे ताकतवर अफसर माना जाता था, बल्कि आम धारणा थी कि वे मुख्यमंत्री की बहुत करीबी हैं। अफसोस की बात यह है कि कई मसलों पर सख्त मुख्यमंत्री माने जाने वाले भूपेश बघेल को वक्त पर भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई सख्त कदम उठाना जरूरी नहीं लगा।

हालांकि ऐसा नहीं है कि नौकरशाही में ऊंचे पद पर मौजूद किसी व्यक्ति पर भ्रष्टाचार के आरोपों का यह कोई पहला मामला हो। कुछ समय पहले झारखंड में भी खान सचिव पूजा सिंघल को राज्य के खूंटी जिले में उनके उपायुक्त रहते राष्ट्रीय रोजगार गारंटी से संबंधित काम यानी मनरेगा के तहत किए गए करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। भ्रष्टाचार के ऐसे मामले कड़ियों में एक-दूसरे से जुड़े होते हैं, जिसमें भ्रष्ट नौकरशाहों से लेकर नेताओं, जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों तक के तार जुड़े हो सकते हैं। मगर भ्रष्टाचार के खिलाफ बिगुल फूंकने का दावा करने वाले अमूमन सभी राजनीतिक दल भी सत्ता में पहुंचने के बाद या तो उसमें शामिल हो जाते हैं या फिर उसे संरक्षण देने लगते हैं। इसी वजह से भारतीय राजनीति में सबसे मुख्य समस्या के रूप में चिह्नित किए जाने के बावजूद भ्रष्टाचार दीमक की तरह सब कुछ खाता रहता है।

# वैश्विक स्तर पर युद्ध के बदलते स्वरूप

व्यवस्थित तरीके से लड़े जाने वाले उक्त वर्णित युद्ध में रणनीतिक तंत्र का उपयोग किया जाता है। इस तंत्र के माध्यम से वैश्विक बाजारवादी शक्तियां मिलकर किसी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था, नीति संरचना, मुद्रा, पूंजी प्रवाह, तकनीकि, आपूर्ति श्रृंखला, खाद्य सुरक्षा एवं सामाजिक धारणा पर लम्बे समय तक अपना प्रभाव एवं नियंत्रण स्थापित कर लेती हैं। 21वीं सदी में शक्ति संघर्ष का स्वरूप बहुत तेजी से बदल रहा है। अब विभिन्न देशों के बीच संघर्ष, तोप, मिसाइल एवं सेनाओं के माध्यम से नहीं लड़े जा रहे हैं बल्कि तकनीकि उपलब्धता, मुद्रा नियंत्रण, पूंजी प्रवाह, खाद्य सुरक्षा, आकड़ों (डेटा) का संग्रहण, नियम निर्माण को प्रभावित करने की क्षमता एवं वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित करना, आदि में माध्यम से लड़ा जा रहा है। यह एक ऐसा बहुपरत, निरंतर संस्थागत एवं सूक्ष्म युद्ध का स्वरूप है जो राष्ट्र की आर्थिक सामरिक स्वायत्तता को बिना पारम्परिक लड़ाई के नष्ट करने की क्षमता रखता है। यह युद्ध वैश्विक बाजारी शक्तियों अर्थात बहुराष्ट्रीय कम्पनियों, वॉल स्ट्रीट पर आधारित वित्तीय नेट्वर्क, डॉलर आधारित भुगतान प्रणाली, अंतरराष्ट्रीय संस्थानों (विश्व व्यापार संगठन, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक), रेटिंग संस्थानों, बड़े तकनीकि संस्थानों एवं निजी सैन्य परामर्श समूहों द्वारा मिलकर संचालित किया जा रहा है। यह युद्ध एक प्रणाली है एवं यह एक घटना नहीं है।

व्यवस्थित तरीके से लड़े जाने वाले उक्त वर्णित युद्ध में रणनीतिक तंत्र का उपयोग किया जाता है। इस तंत्र के माध्यम से वैश्विक बाजारवादी शक्तियां मिलकर किसी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था, नीति संरचना, मुद्रा, पूंजी प्रवाह, तकनीकि, आपूर्ति श्रृंखला, खाद्य सुरक्षा एवं सामाजिक धारणा पर लम्बे समय तक अपना प्रभाव एवं नियंत्रण स्थापित कर लेती हैं। यह युद्ध अदृश्य रूप से चलता है एवं किसी को प्रत्यक्ष रूप से दिखाई नहीं देता है। यह युद्ध विभिन्न संस्थानों के माध्यम से लड़ा जाता है एवं इस युद्ध के माध्यम से किसी भी देश की शासन व्यवस्था को भी परिवर्तित किया जा सकता है। हाल ही के समय में उक्त वर्णित अदृश्य युद्ध के माध्यम से बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका आदि देशों में सत्ता परिवर्तन किया गया है। भारत में भी इस तरह के प्रयोग अदृश्य रूप से किए जा रहे हैं परंतु भारतीय नागरिकों पर इस चाल को अभी तक कोई असर नहीं हुआ है क्योंकि भारत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे सामाजिक संगठन नागरिकों के बीच अपनी प्रभावी भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत को कम करने के भरसक प्रयास हो रहे हैं। भारतीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशकों द्वारा भारी मात्रा में अपना निवेश लगातार निकाला जा रहा है जिससे अमेरिकी डॉलर का भारत से बाहर प्रवाह भारी मात्रा में हो रहा है और भारतीय रुपए पर दबाव बन रहा है। भारत में विभिन्न उत्पादों के होने वाले आयात महंगे हो रहे हैं इससे अंततः भारत में मुद्रा स्फीति की दर में वृद्धि हो सकती है और भारत के नागरिकों में वर्तमान सत्ता के विरुद्ध असंतोष का भाव जाग सकता है। परंतु केंद्र सरकार की नीतियों के चलते अभी तक मुद्रा स्फीति की वृद्धि दर पर नियंत्रण बनाए रखने में सफलता मिली है एवं भारतीय खुदरा निवेशकों, म्यूचूअल फण्ड एवं देशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में पर्याप्त मात्रा में अपना निवेश बढ़ाया है इससे भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट को सफलतापूर्वक रोका जा सका है।



# लखीसराय में प्रशासनिक फेरबदल, प्रखंड-अंचल स्तर के कई अधिकारियों का तबादला




**एजेंसी**

**लखीसराय** : लखीसराय जिले में प्रशासनिक स्तर पर बड़े पैमाने पर अधिकारियों का तबादला किया गया है. इस फेरबदल में सदर अंचल के अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सीडीपीओ, ड्रग इंस्पेक्टर, सहायक औषधि नियंत्रक सहित कई महत्वपूर्ण पद शामिल हैं. वहीं रिक्त पड़े रामगढ़ चौक और बड़हिया अंचल को नए अंचलाधिकारी भी मिल गए हैं.

**सदर सीओ सहित कई अधिकारियों का तबादला**

सदर अंचल के अंचलाधिकारी अजय कुमार राठौर का तबादला सारण सदर अंचल कर दिया गया है. वहीं लखीसराय में अपर जिला पंचायती राज पदाधिकारी के रूप में विकास कुमार की नियुक्ति की गई है.पिछले एक सप्ताह से रिक्त बड़हिया अंचल की नई अंचलाधिकारी प्रियंका कुमारी होंगी, जबकि रामगढ़ चौक के नए अंचलाधिकारी राकेश कुमार चौधरी बनाए गए हैं.

**बीडीओ और सीडीपीओ स्तर पर भी बदलाव**

पिपरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी ऋतु रंजन कुमार का भी तबादला कर दिया गया है. उनके स्थान पर फिलहाल दूसरे अधिकारी को प्रभार सौंपा जाएगा. चानन प्रखंड के नए बीडीओ के रूप में श्रवण कुमार की नियुक्ति की गई है.सदर प्रखंड की सीडीपीओ विभा कुमारी का स्थानांतरण कर उनकी जगह रीता कुमारी को पदस्थापित किया गया है. हलसी की सीडीपीओ मुक्ता कुमारी का भी तबादला कर दिया गया है.

**राजस्व और बंदोबस्त विभाग में नई तैनाती**

रोहतास के अंचलाधिकारी आसिफ हुसैन को बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त विभाग, लखीसराय बनाया गया है. वहीं शेखर राज को राजस्व अधिकारी-सह-कानूनगो, जिला भू-अर्जन विभाग, लखीसराय में पदस्थापित किया गया है.

**ड्रग इंस्पेक्टर और सहायक औषधि नियंत्रक भी बदले**

लखीसराय के ड्रग इंस्पेक्टर दीपक कुमार राम का तबादला मुख्यालय निदेशालय औषधि नियंत्रण विभाग, पटना कर दिया गया है. हाल के दिनों में दवा बरामदगी और कथित ऑडियो प्रकरण को लेकर उनका नाम चर्चा में रहा था.सहायक औषधि नियंत्रक ललन कुमार सिन्हा का स्थानांतरण मधुबनी किया गया है. उनकी जगह कटिहार से कुमकुम कुमारी को लखीसराय का नया सहायक औषधि नियंत्रक बनाया गया है.प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन पदों पर तत्काल नई नियुक्ति नहीं हुई है, वहां वैकल्पिक रूप से अन्य अधिकारियों को प्रभार सौंपा जाएगा.

# बिहार के इस जिले में सबसे ज्यादा प्रेम में धोखे की शिकार होती लड़कियां, महिला थाने में दर्ज आंकड़ों से खुलासा

**एजेंसी**

**पटनाः** पटना में कॉलेज और विश्वविद्यालयों से जुड़े मामलों में चिंता बढ़ाने वाले आंकड़े सामने आए हैं. जनवरी से जून के बीच महिला थाना और महिला आयोग में कुल 103 शिकायतें दर्ज की गईं. इनमें सबसे अधिक 82 मामले प्रेम संबंध के बाद धोखे और शादी से इनकार से जुड़े हैं.

**शादी का झांसा देकर संबंध बनाने के मामले**

कई मामलों में सामने आया कि युवकों ने शादी का वादा कर लंबे समय तक संबंध बनाए और बाद में परिवार के दबाव का हवाला देकर शादी से इनकार कर दिया. ऐसे मामलों में पीड़ित छात्राओं ने महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई है.




**प्रोफेसरों पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप**

11 मामलों में रिसर्च स्कॉलर छात्राओं ने अपने गाइड प्रोफेसरों पर मानसिक प्रताड़ना और अनावश्यक दबाव डालने के आरोप लगाए हैं. शिकायतों में शोध कार्य प्रभावित करने और धमकी देने जैसे आरोप शामिल हैं.

**सोशल मीडिया से शुरू होकर ब्लैकमेल तक पहुंचे मामले**

कुछ मामलों में सोशल मीडिया से शुरू हुई दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई और बाद में निजी तस्वीरों के आधार पर ब्लैकमेल और पैसे की मांग की घटनाएं भी सामने आई हैं.

**महिला आयोग ने जताई चिंता**

महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा मिश्रा ने कहा कि कॉलेज जाने वाली छात्राओं के सामने अब केवल शैक्षणिक नहीं बल्कि सामाजिक और डिजिटल सुरक्षा की चुनौतियां भी तेजी से बढ़ रही हैं.

**कार्रवाई और जागरूकता की अपील**

महिला थाना और आयोग ने कहा है कि सभी शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है और छात्राओं से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं.

# यहां दिमाग, आंख, कान, नाक का इलाज नहीं होगा; बिहार के 38 करोड़ी 'मॉडल अस्पताल' बीमार



**एजेंसी**

**गोपालगंजः** बिहार स्वास्थ्य विभाग का एक 'मॉडल अस्पताल' है, जहां आंख, कान, नाक और दिमागी बीमारियों का इलाज करने वाले डॉक्टर नहीं हैं. यही नहीं, यहां पर ना ही कोई एक्स-रे होगा और ना ही कोई खून या फिर पेशाब जांच होगी, क्योंकि यहां रेडियोलॉजिस्ट और पैथोलॉजिस्ट दोनों नहीं हैं.

**नाम बड़े और दर्शन छोटे की कहावतः** हम बात कर रहे हैं गोपालगंज जिले के उस अस्पताल की, जिसे मॉडल अस्पताल का तमगा मिला है. यह अस्पताल 'नाम बड़े और दर्शन छोटे' की कहावत को पूरी तरह चरितार्थ कर रहा है. 38 करोड़ की भारी-भरकम लागत से इसका निर्माण किया गया था, ताकि जिले की 30 लाख की आबादी को सीधा लाभ मिल सके. लेकिन दुर्भाग्य है कि यहां आज भी मरीजों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं का घोर अभाव है.

**गरीब मरीजों पर दोहरी मारः** ईएनटी, रेडियोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट, साइकेट्रिक, चर्म, न्यूरोलॉजी और टीबी जैसी गंभीर बीमारियों के मरीजों को इलाज के लिए निजी अस्पतालों या अन्य शहरों पर निर्भर रहना पड़ता है. कई विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद रिक्त पड़े हैं या उन्होंने इस्तीफा दे दिया है. डॉक्टरों के साथ-साथ जीएनएम और अन्य नर्सों की संख्या में भी भारी कमी दर्ज की गई है.

**अस्पताल में डॉक्टरों का हालः** सामान्य डॉक्टर के कुल स्वीकृत पद 24 हैं, लेकिन महज 15 डॉक्टर ही कार्यरत हैं. वहीं फिजीशियन का स्वीकृत पद 4 है लेकिन केवल 1 मौजूद है. सर्जन तीन हैं लेकिन केवल एक की मौजूदगी है. अस्पताल में गाइनी के आठ पदों में से 5 डॉक्टर मौजूद हैं. एनेथिसिया के 8 पदों में से केवल 1 मौजूद है. नेत्र रोग विशेषज्ञ के 2 में से सिर्फ 1 मौजूद है. ईएनटी के 2 में से दोनों पद खाली पड़े हैं. रेडियोलॉजिस्ट के सभी 5 पद रिक्त हैं. पैथोलॉजिस्ट का 1 पद स्वीकृत है लेकिन यह भी खाली है. साइकेट्रिक का पद भी खाली है.

**प्रशासनिक स्टाफ का भी टोटाः** अस्पताल में क्लर्क के 74 स्वीकृत पदों में से 53 पद खाली हैं. वहीं जीएनएम का स्वीकृत पद 200 है लेकिन 96 पद खाली पड़े हैं, जिसमें केवल 77 वर्किंग हैं और 19 जीएनएम डेपुटेशन पर चल रही हैं. इसके अलावा, अस्पताल आधुनिक जांच उपकरणों की गंभीर समस्या से भी जूझ रहा है. संसाधनों की इस कमी से संकट गहरा गया है.

**मरहम पट्टी केंद्र बना मॉडल अस्पतालः** संसाधनों और डॉक्टरों की इस कमी के कारण यह मॉडल अस्पताल केवल 'प्राथमिक उपचार केंद्र' बनकर रह गया है. यह अब सिर्फ मरहम-पट्टी तक ही सीमित होकर रह गया है. दुर्घटना या किसी गंभीर बीमारी की स्थिति में अस्पताल प्रशासन के हाथ-पांव फूल जाते हैं. नतीजतन, आपातकालीन स्थिति में अधिकांश मरीजों को तुरंत बाहर भेज दिया जाता है.

**क्या होता है मॉडल अस्पताल?ः** मॉडल अस्पताल का मुख्य उद्देश्य मरीजों को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है. ये अस्पताल उन्नत तकनीक, आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल प्रबंधन प्रणाली से लैस होते हैं. इनमें ओपीडी, इमरजेंसी, आईसीयू और एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड की सुविधा एक ही जगह होती है ताकि मरीजों को न भटकना पड़े.

**तकनीक के नाम पर सिर्फ ढांचाः** इन अस्पतालों में संक्रमण मुक्त मॉड्यूलर ओटी होते हैं, जो सी-सेक्शन, आई ऑपरेशन और अन्य जटिल सर्जरी के लिए अत्यधिक सुरक्षित और आधुनिक होते हैं. मरीजों की बदलती जरूरतों के अनुसार चौड़े फ्रेम, आधुनिक मॉनिटर और वेंटिलेटर से युक्त सुसज्जित बेड होते हैं. कई मॉड्यूलर अस्पताल प्रीफैब्रिकेटेड संरचनाओं से बनते हैं, जिन्हें कम समय में तैयार किया जा सकता है.

## संक्षिप्त खबर

### बिहार में घूसखोर एएसआई गिरफ्तार, निगरानी की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा



**मुजफ्फरपुरः** बिहार के मुजफ्फरपुर में निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. विशेष टीम ने जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के राजेपुर ओपी में तैनात सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) मुन्ना यादव को घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. एएसआई पर एक मामले में मदद करने और केस डायरी मैनेज करने के नाम पर 8 हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप है.दरअसल बरूराज थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी बबन पासवान का अपने पड़ोसी मोहन पासवान से विवाद हुआ था. इसी मामले की जांच राजेपुर ओपी में तैनात एएसआई मुन्ना यादव कर रहे थे. आरोप है कि कार्रवाई में मदद और केस को अपने पक्ष में करने के लिए एएसआई ने शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी, आखिरकार 8 हजार देने पर दोनों में डील हुई. हालांकि बबन पासवान रिश्वत नहीं देना चाहते थे. यही वजह है कि उन्होंने पटना स्थित निगरानी विभाग में इसकी शिकायत दर्ज कराई. निगरानी विभाग ने शिकायत का सत्यापन कराया, जिसमें रिश्वत मांगे जाने की बात सही पाई गई. निगरानी विभाग में कार्यरत डीएसपी शिव कुमार साह ने बताया कि शिकायत सही मिलने के बाद निगरानी विभाग की टीम ने जाल बिछाया. योजना के तहत शिकायतकर्ता ने केमिकल लगे 8 हजार रुपये एएसआई मुन्ना यादव को दिए. जैसे ही उन्होंने पैसे लिए, पहले से मौके पर मौजूद निगरानी टीम ने उन्हें रंगे हाथ दबोच लिया. गिरफ्तारी के बाद एएसआई के हाथ धुलवाए गए, जिसमें हाथ लाल हो गए. इससे रिश्वत लेने की पुष्टि हुई. कार्रवाई के तुरंत बाद निगरानी विभाग की टीम आरोपी एएसआई को अपने साथ पटना ले गई. वहां उनसे आगे पूछताछ की जाएगी और विशेष निगरानी अदालत में पेश किया जाएगा.

### आधी रात को बिहार के अस्पताल में डीएम की रेड, लापरवाही करने वालों को दी सख्त चेतावनी



**रोहतासः** बिहार के रोहतास में स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने की कवायद के तहत जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने मंगलवार देर रात सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. इस कार्रवाई से अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया. दरअसल आधी रात को बिना किसी पूर्व सूचना के डीएम के अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर और कर्मचारियों में अफरा तफरी का माहौल बन गया. कई चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी भागे भागे तत्काल अस्पताल पहुंचे. अस्पताल प्रशासन भी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुट गया. निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल परिसर, ट्रामा सेंटर मातृ एवं शिशु अस्पताल सहित विभिन्न वार्डों का बारीकी से जायजा लिया. इस दौरान उनके साथ उप विकास आयुक्त एवं नगर निगम के आयुक्त भी मौजूद रहे. वहीं डीएम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से सीधे बातचीत कर इलाज, दवा, साफ-सफाई, चिकित्सकों की उपलब्धता और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली. इसके बाद मरीजों से मिले फीडबैक के आधार पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए.निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में जल जमाव की समस्या प्रमुख रूप से सामने आई डीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. डीएम दीपक मिश्रा ने अपने इस औचक निरिक्षण के दौरान अस्पताल की साफ सफाई, चिकित्सकीय सेवाओं, दवा वितरण, आपातकालीन सुविधाओं तथा मरीजों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की भी विस्तृत समीक्षा की. उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण और समय पर इलाज मिलना प्रशासन की प्राथमिकता है. किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में डीएम मिश्रा ने कहा कि लगातार मिली शिकायतों को देखते हुए देर रात औचक निरीक्षण किया गया, ट्रॉमा सेंटर, माता एवं शिशु अस्पताल, अस्पताल परिसर तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की गई है. निरीक्षण के दौरान जल जमाव की समस्या सामने आई है त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की उपलब्धता ,मरीजों के उपचार, साफ सफाई और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की लगातार निगरानी की जाएगी. स्वास्थ्य व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी. उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले के सरकारी अस्पतालों में औचक निरीक्षण का सिलसिला आगे भी लगातार जारी रहेगा ताकि आम लोगों को बेहतर और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके.

### गोलियों की गूंज से दहला मोकामा, गोशाला में सो रहे किसान के सिर और कनपटी में मारी गोली




पटनाः बिहार के पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत मोकामा गोलियों की गूंज से दहल उठा, जहां मोर पोखर गांव में मंगलवार की रात अपराधियों ने एक बुजुर्ग किसान की गोली मारकर हत्या कर दी. मृतक की पहचान 55 वर्षीय भुखन यादव के रूप में हुई है. घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. हत्या की सूचना मिलते ही मोकामा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पीड़ित परिवार से पूछताक्ष कर मामले की जांच में पुलिस जुट गई है. घटना के संबंध में मृतक के पुत्र विकास यादव ने बताया कि उसे सुबह में घटना की जानकारी मिली कि उनके पिता की हत्या हो गई है.भुखन यादव मंगलवार की रात श्राद्ध भोज में शामिल होने के बाद अपने गोशाला में सोने चले गए थे. देर रात अज्ञात अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया और कनपटी और सिर में दो गोलियां मारकर उनकी हत्या कर दी. वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए.घटना की गंभीरता को देखते हुए बाढ़ एसडीपीओ राम कृष्णा ने बताया कि पटना से एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम, श्वान दस्ता और तकनीकी टीम को भी बुलाया गया है, जो घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने में लगी है.

# बिहार के 10 लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार, खुद का स्टार्टअप करने का भी मौका, जानिए सरकार की मेगा प्लानिंग



**एजेंसी**

**बिहारः** बिहार के 10 लाख युवाओं के लिए राज्य सरकार की तरफ से खास तैयारी की गई है. इनोवेशन बेस्ड अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सरकार फैसले ले रही है. इन युवाओं को एआई और डिजिटल टेक्नोलॉजी की ट्रेनिंग दी जाएगी. इसके बाद इन्हें रोजगार और उद्यमिता से जोड़ा जाएगा. सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नीतीश मिश्रा ने आदेश जारी किया है.

**इन 6 जिलों को स्टार्टअप हब बनाने की योजना**

जानकारी के मुताबिक, राज्य के 6 जिलों भागलपुर, पटना, गयाजी, पूर्णिया, दरभंगा और मुजफ्फरपुर में स्टार्टअप गतिविधियों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है. इन जिलों को टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के प्रमुख केंद्र के रूप में डेवलप किया जाएगा. स्टार्टअप हब के रूप में इन जिलों के डेवलप होने से युवाओं को बिहार में ही नया मौका मिल सकेगा.

**स्टार्टअप इन्क्यूबेटर भी किए जायेंगे डेवलप**

मिली जानकारी के अनुसार, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से 100 से भी ज्यादा स्टार्टअप इन्क्यूबेटर डेवलप किए जाने को लेकर योजना बनाई गई है. इन्क्यूबेटर को डेवलप किए जाने के बाद युवाओं के पास जो नए आइडियाज होंगे, उसे सफल बिजनेस में बदलने के लिए मदद मिल सकेगा.

**राज्य में स्ट्रॉन्ग टेक्नोलॉजी नेटवर्क किया जाएगा स्थापित**

इस तरह से बिहार में एआई मिशन के लिए एक मजबूत टेक्नोलॉजी नेटवर्क स्थापित किया जाएगा. एआई मिशन के तहत ही बिहार में निवेश को बढ़ावा देने के लिए, आवश्यक फंड उपलब्ध कराने और सुपर कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार करने की प्लानिंग की जा रही है. इसके अलावा बिहार में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया की लगभग 200 यूनिट को भी एक्टिव किया जाएगा.

**एआई लैब स्थापित किए जाने की योजना**

जानकारी के मुताबिक, बिहार में 49 आईटीआई में एआई लैब स्थापित किया जाने वाला है. इनमें युवाओं को डेटा एनालिटिक्स, एआई और अन्य डिजिटल टूल्स और तकनीक के इस्तेमाल के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी. सरकार की इस योजना को लेकर मानना है कि इससे राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ MSME और तकनीक आधारित रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो सकेंगे.

# कमाने गए थे, ताबूत में लौटे... लद्दाख हादसे में मरे पश्चिम चंपारण के दो युवकों का शव पहुंचा गांव

**एजेंसी**

**बिहारः** रोजी-रोटी कमाने के लिए दो महीने पहले लद्दाख गए पश्चिम चंपारण के दो मजदूर अब ताबूत में अपने गांव लौटे. निमार्णाधीन भवन की दीवार गिरने से दोनों की मौत हो गई थी. मंगलवार को जैसे ही उनके शव लछनौता बौद्ध टोला पहुंचे, पूरे गांव में मातम पसर गया.

**लद्दाख में दीवार गिरने से गई दोनों की जान**

जानकारी के अनुसार, लद्दाख के खालसी क्षेत्र के यंग टांग में निमार्णाधीन भवन की मरम्मत का कार्य चल रहा था. इसी दौरान अचानक दीवार भरभराकर गिर गई. मलबे में दबने से पश्चिम चंपारण के लछनौता बौद्ध टोला निवासी वजीर बैठा (27) और मोहम्मद फारूक (35) की मौके पर ही मौत हो गई.

**दो महीने पहले मजदूरी करने गए थे घर से**



मृतक वजीर बैठा, इमाम मियां के पुत्र थे, जबकि मोहम्मद फारूक स्वर्गीय कुरैश देवान के पुत्र थे. दोनों करीब दो महीने पहले परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए लद्दाख मजदूरी करने गए थे. घटना के समय उनके साथ काम कर रहे सुजीत कुमार और सुनर साह ने बताया कि दोनों दूसरी मंजिल पर राजमिस्त्री का काम कर रहे थे, जबकि वे नीचे रेत की नापी कर रहे थे. तभी अचानक दीवार गिर गई और दोनों मजदूर मलबे में दब गए. काफी मशक्कत के बाद मकान मालिक और स्थानीय प्रशासन की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी.

**एयर एंबुलेंस से पटना, फिर गांव पहुंचा शव**

जिलाधिकारी तरनजोत सिंह की पहल पर दोनों शवों को एयर एंबुलेंस से लद्दाख से पटना लाया गया. इसके बाद जिला प्रशासन ने एंबुलेंस की व्यवस्था कर शवों को बेतिया होते हुए उनके पैतृक गांव लछनौता पहुंचाया. स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने इस मानवीय पहल की सराहना की.

**गांव में पसरा मातम**


मंगलवार सुबह जैसे ही दोनों शव गांव पहुंचे, बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए. पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और हर आंख नम दिखी.

# आरजेडी के स्थापना दिवस पर बोले लालू यादव - 'हम लड़े हैं, आगे भी लड़ते रहेंगे

**एजेंसी**

**बिहार** : राष्ट्रीय जनता दल बुधवार को अपना 30वां स्थापना दिवस मना रहा है. पार्टी ने अपने 29 साल पूरे कर लिए हैं और अब 30वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है. इस मौके पर पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए एकजुट रहने का संदेश दिया.अपने संबोधन में लालू यादव ने कहा कि पार्टी की ताकत उसके कार्यकर्ता हैं. उन्होंने सभी नेताओं और समर्थकों से संगठन को और मजबूत बनाने की अपील की.

**हम लड़े हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे**



स्थापना दिवस समारोह में लालू यादव का सबसे बड़ा संदेश संघर्ष को लेकर रहा. उन्होंने कहा कि हम लड़े हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल हमेशा गरीब, वंचित और पिछड़े लोगों की आवाज उठाता रहा है और आगे भी यही लड़ाई जारी रहेगी.लालू यादव ने कार्यकताओं से कहा कि वे पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच जाएं और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें. उनका कहना था कि पार्टी की असली ताकत आम लोग हैं और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी है.

**लालटेन भेंट कर हुआ स्वागत**

कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेताओं ने लालू यादव का पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया. उन्हें पार्टी के चुनाव चिह्न ह्यलालटेनह्व की प्रतिकृति भेंट की गई. इसके बाद नेताओं और कार्यकताओं ने उनका अभिनंदन किया.

**स्थापना दिवस पर सजा आरजेडी कार्यालय**

30वें स्थापना दिवस को लेकर पार्टी कार्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया गया था. परिसर में रंग-बिरंगी लाइटें, बड़े पोस्टर, बैनर और पार्टी के झंडे लगाए गए हैं. गर्मी को देखते हुए कार्यकताओं की सुविधा के लिए 11 एयर कंडीशनर और 15 कूलर लगाए गए हैं. बाहर ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है. वहीं 5 जुलाई को राज्य के सभी जिलों में स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा.

**भरत एनकाउंटर का मुद्दा भी उठा**

कार्यक्रम के दौरान भरत एनकाउंटर की भी चर्चा हुई. पार्टी कार्यालय पहुंचे छोटू छलिया ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि भरत ने सरेंडर कर दिया था तो उसे गोली नहीं मारी जानी चाहिए थी. उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में समाज को जाति के आधार पर बांटने की कोशिश हो रही है. इस दौरान उन्होंने ह्लनाही चाली तोहरो तानाशाहीया, जागल बा बिहरिया गीत गाकर भी अपनी बात रखी.

# मालदा रेल मंडलः जमालपुर होकर चलने वाली कई ट्रेनें घंटों विलंब, यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

**एजेंसी**

**मालदाः** पूर्व रेलवे के मालदा रेल मंडल अंतर्गत साहिबगंज लूप लाइन पर बुधवार को रेल परिचालन प्रभावित रहा. जमालपुर जंक्शन होकर गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण एक्सप्रेस और स्पेशल ट्रेनें अपने निर्धारित समय से एक से तीन घंटे तक विलंब से चल रही हैं. ट्रेनों की देरी के कारण यात्रा कर रहे यात्रियों के साथ-साथ स्टेशन से ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों की भी परेशानी बढ़ गई है.

**ब्रह्मपुत्र मेल सवा घंटे की देरी से चली**

प्राप्त जानकारी के अनुसार 15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल अपने निर्धारित समय से करीब सवा घंटे की देरी से परिचालित हुई. ट्रेन के विलंब से चलने के कारण विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा.

**समर स्पेशल एक्सप्रेस तीन घंटे लेट**

दिल्ली से भागलपुर जाने वाली 04062 डाउन समर स्पेशल एक्सप्रेस भी लगभग तीन घंटे की देरी से चल रही है. इस ट्रेन का जमालपुर पहुंचने का निर्धारित समय सुबह 11:02 बजे है, लेकिन सुबह 11 बजे तक यह गया-किऊल रेलखंड के नवादा स्टेशन तक भी नहीं पहुंच सकी थी. नवादा से जमालपुर पहुंचने में सामान्यतः करीब तीन घंटे का समय लगता है.




**आनंद विहार-मालदा टाउन स्पेशल भी प्रभावित**

03436 डाउन आनंद विहार-मालदा टाउन स्पेशल एक्सप्रेस भी लगभग दो घंटे विलंब से चल रही है. इस ट्रेन का जमालपुर पहुंचने का निर्धारित समय शाम 4:13 बजे है. सुबह 11 बजे तक यह ट्रेन डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर थी, जबकि वहां से जमालपुर पहुंचने में चार घंटे से अधिक समय लगता है.

## खबर संक्षेप



### एसआईएस 120 करोड़ रुपए तक के शेयर वापस खरीदेगी

**नई दिल्ली।** सुरक्षा एवं सुविधा प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने वाली एसआईएस लिमिटेड ने अपने शेयरधारकों के लिए 120 करोड़ रुपये तक के शेयर पुनर्खरीद कार्यक्रम की घोषणा की है। वर्ष 2017 में शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद यह कंपनी का पांचवीं पुनर्खरीद होगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने सैद्धांतिक रूप से 120 करोड़ रुपये तक के शेयर वापस खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

### जेएफई स्टील ने जेएसडब्ल्यू जेएफई में हिस्सेदारी खरीदी



**नई दिल्ली।** इस्पात कंपनी जेएफई स्टील कॉरपोरेशन ने 7,875 करोड़ रुपये में जेएसडब्ल्यू जेएफई कलिंगा में 25 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीद ली है। जेएसडब्ल्यू स्टील ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह सौदा पूरी तरह संपन्न हो गया है। इसके साथ ही जेएफई की जेएसडब्ल्यू जेएफई कलिंगा में हिस्सेदारी बढ़कर 50 प्रतिशत हो गई है। जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि 30 मार्च, 2026 को उसने जानकारी दी थी कि जेएफई स्टील ने जेएफई कलिंगा स्टील लिमिटेड में निवेश के पहले चरण के तहत 7,875 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

### कोल इंडिया शोध व विकास पर 1900 करोड़ रुपए करेगी खर्च

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) खदानों की उत्पादकता बढ़ाने और



उत्सर्जन घटाने के उद्देश्य से वित्त वर्ष 2029-30 तक शोध एवं विकास (आरएंडडी) गतिविधियों पर करीब 1,900 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि इस पहल के तहत वह स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों का व्यावसायीकरण करने और बदलते ऊर्जा परिदृश्य के अनुरूप वैकल्पिक ऊर्जा क्षेत्रों की भी तलाश करेगी। बीएसई को दी सूचना के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय कोयला एवं ऊर्जा अनुसंधान केंद्र की स्थापना के साथ उसकी आरएंडडी गतिविधियों को गति मिली है।

### रुपया 14 पैसे कमजोर होकर 94.65 प्रति डॉलर




**मुंबई।** रुपया मंगलवार को 14 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.65 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मासान्त अंत की आयातकों और कंपनियों की डॉलर मांग से घरेलू मुद्रा पर दबाव है और वैश्विक बाजार में जोखिम न लेने की निवेशकों की प्रवृत्ति के कारण रुपये में गिरावट आई है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता और केंद्रीय बैंक के संभावित हस्तक्षेप ने मुद्रा को सहारा दिया और इसकी गिरावट सीमित रही।

### यूटीआई म्यूचुअल फंड ने एमसीएक्स में शेयर खरीदे



**नई दिल्ली।** यूटीआई म्यूचुअल फंड ने खुले बाजार सौदे के जरिये जिंस वायदा विकल्प सूचकांक मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के करीब 15 लाख शेयर 425 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। एनएसई के थोक सौदों के आंकड़ों के अनुसार, यूटीआई म्यूचुअल फंड (एमएफ) ने एमसीएक्स के 14,65,941 शेयर खरीदे, जो कंपनी की 0.57 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर हैं। यह सौदा सोमवार को 2,899.23 रुपये प्रति शेयर के औसत भाव पर हुआ।

# भारत फिर बना दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा शेयर बाजार, अब ताइवान-कोरिया पीछे


नई दिल्ली

दुनिया भर में जारी भारी उथल-पुथल और मंदी के माहौल के बीच भारतीय शेयर बाजार ने एक बार फिर दुनिया भर में अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। भारतीय शेयर बाजार का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन 5 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 5,000 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। इसके साथ ही भारत ने ताइवान और साउथ कोरिया को पीछे छोड़कर दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा इक्विटी मार्केट बनने का मुकाम फिर हासिल कर लिया है। भारत के शेयर बाजार का कुल मार्केट कैप अब 5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हो गया है। इसके साथ ही भारत ने एक बार फिर दुनिया के पांचवें सबसे बड़े इक्विटी मार्केट की जगह हासिल कर ली है। ताइवान का मार्केट कैप इस समय 4.97 ट्रिलियन डॉलर और साउथ कोरिया का 4.66 ट्रिलियन डॉलर है। वहीं अमेरिका और चीन के मार्केट कैप में इस दौरान ज्यादा बदलाव नहीं देखा गया।

## भारतीय शेयर बाजार का मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंचा

### ताइवान और साउथ कोरिया क्यों पिछड़े?

पिछले कुछ महीनों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई और सेमीकंडक्टर कंपनियों के शेयरों में तेज तेजी आई थी। इसके बाद ताइवान और साउथ कोरिया के बाजार में निवेशकों ने मुनाफा वसूला, जिससे वहां बाजार की वैल्यू में गिरावट आई। इसी वजह से दोनों देशों की रैंकिंग नीचे आ गई और भारत फिर पांचवें स्थान पर पहुंच गया।



### जून में भारत ने दुनिया के कई बाजारों को छोड़ा पीछे

जून के दौरान भारत के शेयर बाजार का मार्केट कैप 2.75 फीसदी बढ़ा। वहीं साउथ कोरिया में 4.7 फीसदी और ताइवान में 2.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा जापान का मार्केट कैप करीब 1 फीसदी, हांगकांग 8.3 फीसदी से ज्यादा, कनाडा 3 फीसदी, ब्रिटेन करीब 2 फीसदी, फ्रांस 1.1 फीसदी और जर्मनी 5.6 फीसदी गिर गया। यानी इस महीने भारत का बाजार दुनिया के कई बड़े बाजारों से बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहा।

### भारतीय बाजार क्यों बना रहा मजबूत?

मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, शेयरों की बेहतर वैल्यू और विदेशी निवेशकों की लगातार दिलचस्पी ने भारतीय बाजार को मजबूती दी है। इसके साथ ही निफ्टी का प्राइस टू अर्निंग यानी पी/ई रेशियो भी पहले करीब 24 था, जो अब घटकर करीब 18 पर आ गया है। इससे बाजार की वैल्यू पहले के मुकाबले ज्यादा आकर्षक मानी जा रही है।

## जीएसटीएटी की शुरुआत पिछले वर्ष सितंबर में हुई थी

# सरकार ने जीएसटीएटी में अपील दाखिल करने की समयसीमा 31 जुलाई तक बढ़ाई

नई दिल्ली

सरकार ने माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) में अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि मंगलवार को एक महीने बढ़ाकर 31 जुलाई, 2026 कर दी। जीएसटीएटी की शुरुआत पिछले वर्ष सितंबर में हुई थी। इसके बाद सरकार ने जीएसटीएटी में अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2026 तय की थी।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, ''सरकार ने माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) में अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई, 2026 कर दी है।'' मंत्रालय ने बताया कि विभिन्न हितधारकों के अनुरोधों के बाद यह निर्णय लिया गया।

### एक दिन में सर्वाधिक 5,500 अपीलें दर्ज

*इन अनुरोधों में कहा गया था कि जीएसटीएटी मंच पर अत्यधिक दबाव के कारण अपील दाखिल करने में तकनीकी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 15 दिनों में ही 30,000 अपीलें दाखिल की गईं, जबकि एक दिन में सर्वाधिक 5,500 अपीलें दर्ज की गईं।*

### करदाता अंतिम समय तक इंतजार न करें

*मंत्रालय ने करदाताओं को सलाह दी कि वे अंतिम समय तक इंतजार न करें और समय रहते अपनी अपील दाखिल कर दें। सरकार अब तक जीएसटीएटी की 31 राज्य पीठों और दिल्ली स्थित एक प्रधान पीठ को अधिसूचित कर चुकी है।*

### अपील दायर करने की अंतिम तिथि एक महीने बढ़ाई

- *अपील दायर करने की अंतिम तिथि 30 जून 2026 तय की थी*
- *हितधारकों के अनुरोधों के बाद यह निर्णय लिया गया*




### प्राधिकरण के पास 4.80 लाख से अधिक मामले लंबित

*फिलहाल अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष 4.80 लाख से अधिक मामले लंबित हैं और इन सभी के जीएसटीएटी में आने की उम्मीद है। सरकार ने मई 2024 में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा को जीएसटीएटी की प्रधान पीठ का अध्यक्ष नियुक्त किया था।*

### व्यवस्था में सुचारू बदलाव सुनिश्चित होगा

*केपीएमजी में अप्रत्यक्ष कर प्रमुख एवं साझेदार अभिषेक जैन ने कहा, '' समयसीमा बढ़ने से करदाताओं और पेशेवरों को नए जीएसटीएटी तंत्र के अनुरूप खुद को ढालने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। इससे वास्तविक अपीलें समयसीमा के कारण खारिज होने से बचेंगी और जीएसटीएटी व्यवस्था में सुचारु बदलाव सुनिश्चित होगा।''*

### मामलों के समाधान में देरी होती थी

*एक जुलाई, 2017 को जीएसटी लागू होने के बाद करदाताओं और जीएसटी विभाग के बीच सभी विवादों का निपटारा उच्च न्यायालयों या उच्चतम न्यायालय में होता था, जिससे मामलों के समाधान में देरी होती थी। सितंबर 2025 में जीएसटीएटी का संचालन शुरू होने के बाद विवादों के निपटारे की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद बनी है।*

### सरकार का यह फैसला व्यवहारिक

*एएमआरजी ग्लोबल के प्रबंध साझेदार रजत मोहन ने कहा कि सरकार का यह फैसला व्यावहारिक है और जीएसटीएटी के पूर्ण रूप से कामकाज शुरू होने तक करदाताओं के अपील करने के अधिकार की रक्षा करता है। उन्होंने कहा, ''अतिरिक्त समय से काफी राहत मिलेगी, लेकिन करदाताओं को अंतिम तिथि तक इंतजार नहीं करना चाहिए।''*

# सरकार ने पेट्रोरसायन आयात पर शुल्क छूट 15 जुलाई तक बढ़ाई

- *आयात पर शून्य सीमा शुल्क छूट की अवधि 15 दिन बढ़ाई गई*
- *पहले अस्थायी और लक्षित राहत 30 जून को समाप्त होने वाली थी*

नई दिल्ली

सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति की निरंतरता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए 40 महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात पर शून्य सीमा शुल्क छूट की अवधि 15 दिन बढ़ाकर 15 जुलाई तक कर दी है।

सरकार ने दो अप्रैल को महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट दी थी। यह अस्थायी और लक्षित राहत 30 जून को समाप्त होने वाली थी। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दो अप्रैल को दी गई छूट का मकसद घरेलू बाजार में पेट्रोरसायन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना था, क्योंकि भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों से इस दौरान एलपीजी के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करने को कहा गया था।

बयान में कहा गया, ''स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने के साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में बदलाव को सुचारू और बिना किसी रुकावट के सुनिश्चित करने के मकसद से इस छूट को 15 दिन की और अवधि के लिए, यानी 15 जुलाई, 2026 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।'' आयात शुल्क में यह छूट मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टोल्यूनि, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमीथेन (मेथिलीन क्लोराइड), विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन में दी गई है।




### डाउनस्ट्रीम उद्योगों पर लागत दबाव कम करना

*मंत्रालय ने कहा था कि इस कदम का उद्देश्य घरेलू उद्योग के लिए महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन कच्चे माल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करना, 'डाउनस्ट्रीम' उद्योगों पर लागत का दबाव कम करना और देश में आपूर्ति की स्थिरता बनाए रखना है। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण समुद्री मार्गों में व्यवधान से उर्वरक, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के आयात को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। भारत उर्वरक और पेट्रोलियम का प्रमुख आयातक है।*

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 250 अंक टूटा

## आईटी, पेट्रोलियम और बैंकिंग शेयरों में रही बिकवाली



*वार्ता के अगले दौर की अनिश्चितता से निवेशक धारणा प्रभावित*

मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), पेट्रोलियम एवं गैस तथा चुनिंदा बैंकिंग शेयरों में बिकवाली के बीच अमेरिका-ईरान के बीच दोहा में होने वाली वार्ता के अगले दौर को लेकर अनिश्चितता से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाते हुए 249.70 अंक यानी 0.33 प्रतिशत टूटकर 76,478.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 398.98 अंक यानी 0.51 प्रतिशत टूटकर 76,329.39 अंक तक आ गया था।

एनएसई निफ्टी भी 80.50 अंक यानी 0.34 प्रतिशत फिसलकर 23,865.75 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ताजा बिकवाली तथा प्रमुख आईटी कंपनियों के शेयरों में कमजोरी से बाजार की धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे।

### भू-राजनीतिक चिंताएं हुई कम

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, '' भू-राजनीतिक चिंताएं कुछ कम हुई हैं, लेकिन अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते की नाजुक स्थिति निवेशकों की धारणा पर असर डाल रही है जिससे बाजार को स्पष्ट दिशा नहीं मिल पा रही।'' उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों का प्रदर्शन मिला-जुला रहा, लेकिन आईटी क्षेत्र सबसे अधिक दबाव में रहा।


### एशियाई बाजार में रहा मिलाजुला रुख

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225 और चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट बढ़त में रहे जबकि हांगकांग का हैंग सेंग नुकसान के साथ बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख रहा।अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

# प्रिज्म ने आईपीओ के लिए दस्तावेज किए दाखिल

नई दिल्ली

आतिथ्य क्षेत्र की प्रौद्योगिकी कंपनी प्रिज्म ने 6,650 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष संशोधित मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं।




यह आईपीओ पूरी तरह नए शेयर के निर्गम पर आधारित होगा और इसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) का कोई प्रावधान नहीं है। प्रिज्म, आतिथ्य क्षेत्र से जुड़े ऑनलाइन मंच ओयो की मूल कंपनी है। कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ में बिक्री पेशकश का कोई प्रावधान नहीं होने का मतलब है कि सॉफ्टबैंक की एसवीएफ इंडिया होल्डिंग्स, संस्थापक रितेश अग्रवाल, आरए हॉस्पिटैलिटी होल्डिंग्स, माइक्रोसॉफ्ट, एयरबीएनबी, खजानाह, लाइटस्पीड, ग्रीनओक्स कैपिटल और पीक एक्सवी सहित मौजूदा शेयरधारक आईपीओ के जरिये अपनी हिस्सेदारी नहीं बेचेंगे।

*ब्याज दरों में लगातार नौवीं तिमाही में कोई बदलाव नहीं*

# लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में फिर कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) और नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट (एनएससी) जैसी विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। एक जुलाई, 2026 से शुरू होने वाली चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के लिए दरों को यथावत रखा गया है।

यह लगातार नौवीं तिमाही है जब इन दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, /"वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही (एक जुलाई 2026 से 30 सितंबर 2026 तक) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर



ब्याज दरें वही रहेंगी, जो चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए अधिसूचित की गई थीं। अधिसूचना के मुताबिक, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलता रहेगा, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज दर 7.1 प्रतिशत पर बरकरार रखी गई है। लोकप्रिय बचत योजना पीपीएफ पर ब्याज दर 7.1 प्रतिशत और डाकघर बचत जमा योजना पर दर चार प्रतिशत पर ही स्थिर रहेगी।

### किसान विकास पत्र 115 महीनों में होगा परिपक्व

*'किसान विकास पत्र' (केवीपी) पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी और इसमें किया गया निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। वहीं, राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए ब्याज दर 7.7 प्रतिशत पर बनी रहेगी। पहली तिमाही की तरह ही, डाकघर की मासिक आय योजना के निवेशकों को दूसरी तिमाही में भी 7.4 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा।*

### लघु बचत योजनाओं में वर्ष 2023-24 में हुआ था बदलाव

*मुख्य रूप से डाकघरों और बैंकों द्वारा संचालित इन लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में सरकार ने आखिरी बार वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कुछ बदलाव किया था, जिसके बाद से ये दरें लगातार नौवीं बार स्थिर रखी गई हैं।*

# सोना 800 रुपए हुआ सस्ता, चांदी 6,000 महंगी

नई दिल्ली

घरेलू बाजार में कम मांग के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये घटकर 1.45 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 800 रुपये घटकर 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। हालांकि, चांदी में जोरदार वापसी हुई और लगातार चार सत्रों की गिरावट का सिलसिला टूट गया।

### घरेलू बाजार में सोना दबाव में रहा

*विश्लेषकों का कहना है कि घरेलू बाजार में सोना दबाव में रहा, जबकि हालिया गिरावट के बाद चांदी में कम कीमत पर लिवाली देखी गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,021.15 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।*



*जबकि चांदी लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 58.81 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।*

# सरकार ने दो साधारण बीमा लाइसेंस स्वीकृत किए : इरडा




- *सरकार के 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति के बाद दिया लाइसेंस*

मुंबई

बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के चेयरमैन अजय सेठ ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति दिए जाने के बाद साधारण बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी स्वामित्व से जुड़े दो प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

यहां जीवन बीमा परिषद की बीमा जागरूकता समिति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित बीमा सुगम मंच को सितंबर के अंत तक शुरू कर दिया जाएगा। सेठ ने प्रस्तावों का विवरण साझा किए बगैर कहा कि एफडीआई के प्रस्तावों में से एक को सोमवार को मंजूरी दी गई। सेठ ने कहा कि साधारण बीमा क्षेत्र में बेहतर कारोबारी संभावनाओं के कारण विदेशी निवेशकों की रुचि बढ़ी है। इसके साथ ही जीवन बीमा क्षेत्र में भी विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी दिखाई दे रही है। हाल ही में एक विदेशी कंपनी ने भारत में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी के साथ कारोबार शुरू करने की इच्छा जताई है।

### विदेशी निवेशक भी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहत है

*इरडा के चेयरमैन ने बताया कि भारत की स्थानीय कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम चला रहे कुछ मौजूदा विदेशी निवेशक भी अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे एक प्रस्ताव को मंजूरी दी जा चुकी है, जबकि एक अन्य प्रस्ताव अभी इरडा के पास विचाराधीन है।*

## एपीएसईजेड 1.4 अरब डॉलर में खरीदेगी टीआईएल

# विझिंजम बंदरगाह में 49% हिस्सेदारी खरीदेगी अदाणी

नई दिल्ली

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) और मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी (एमएससी) समूह की टर्मिनल इकाई टर्मिनल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (टीआईएल) ने मंगलवार को एक पक्के समझौते की घोषणा की। इसके तहत टीआईएल अदाणी विझिंजम पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (एवीपीपीएल) में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। इस सौदे का कुल मूल्य 1.4 अरब डॉलर है। मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी (एमएससी) यह हिस्सेदारी अपनी अनुषंगी कंपनी टर्मिनल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (टीआईएल) के माध्यम से खरीदेगी।

### बंदरगाह की मौजूदा क्षमता 16 लाख टीईयू

*इसके तहत एमएससी समूह अपनी कंटेनर टर्मिनल संचालन एवं निवेश इकाई टीआईएल के माध्यम से विझिंजम बंदरगाह की रियायतधारी कंपनी एवीपीपीएल में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगा। विझिंजम बंदरगाह की मौजूदा क्षमता 16 लाख टीईयू (बीस-फुट समतुल्य इकाई) है। इसका विस्तार किया जा रहा है जिससे इसकी क्षमता दिसंबर, 2028 तक 3.5 गुना होकर 57 लाख टीईयू हो जाएगी।*

### मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी की है टीआईएल



### अब तक का सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निजी निवेश

*समझौते के तहत टीआईएल 1.39 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश करेगी, जो 2.85 अरब अमेरिकी डॉलर के कुल सौदे मूल्य में उसकी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। एपीएसईजेड ने बयान में कहा कि यह रणनीतिक साझेदारी भारत के बंदरगाह अवसंरचना क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निजी निवेश है।*

### 20 लाख टीईयू माल संभालने वाला देश का पहला बंदरगाह

*एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अश्विनी गुप्ता ने कहा, '' विझिंजम बंदरगाह एक प्रमुख 'ट्रांसशिपमेंट केंद्र' के रूप में उभरा है और अभूतपूर्व गति से विकसित हुआ है। संचालन शुरू होने के केवल 18 महीने के भीतर 20 लाख टीईयू का माल संभालने वाला यह भारत का पहला बंदरगाह बन गया है।''*

### टीआईएल दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर टर्मिनल में से एक

*सीईओ ने कहा, '' टीआईएल दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर टर्मिनल परिचालकों में से एक है। यह एमएससी समूह का हिस्सा है, जिसके पास पांच महाद्वीपों में 100 से अधिक कंटेनर टर्मिनल हैं और जो सालाना सात करोड़ टीईयू से अधिक माल संभालता है।'' यह बंदरगाह यूरोप, फारस की खाड़ी और सुदूर पूर्व को जोड़ने वाले पूर्व-पश्चिम समुद्री मार्ग से लगभग 10 समुद्री मील की दूरी पर रणनीतिक रूप से स्थित है।*

## खबर संक्षेप



### पीएसए चैलेंजर: क्वार्टर फाइनल में शमीना, सेमवाल

**मुंबई।** भारत की शमीना रियाज और ओम सेमवाल ने एचसीएल-एसआरएफआई पीएसए चैलेंजर स्क्वाश टूर्नामेंट में उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शमीना ने दक्षिण अफ्रीका की शीर्ष वरीय हेली वार्ड जबकि सेमवाल ने ब्राजील के तीसरे वरीय डिएगो गोबी को हराया। एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाली शमीना ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए हेली को 8-11, 11-9, 11-9, 11-9 से हराया। अब उनका मुकाबला जापान की छठी वरीय अकारी मिडोरिकावा से होगा। बाइस साल के सेमवाल ने डिएगो को 6-11, 11-6, 11-9, 9-11, 11-9 से हराकर मिस्र के आठवें वरीय जियाद इब्राहिम के साथ मुकाबला तय किया। इब्राहिम ने भारत के पांचवें वरीय सूरज कुमार चंद को सीधे गेम में 11-4, 11-6, 11-5 से हराया। तन्वी खन्ना ने पूजा आरती रघु को सीधे गम में 11-5, 11-6, 11-6 से हराया।

### आज से जागरेब रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट



**जागरेब।** विश्व चैंपियन डी गुकेश 1 जुलाई से शुरू हो रहे जागरेब रेपिड एंव ब्लिट्ज टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों का सामना करेंगे। यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर का हिस्सा है जो शीर्ष खिलाड़ियों को एक साथ लाने का सबसे बड़ा मंच है। ग्रैंड शतरंज टूर के तहत इस साल की यह तीसरी प्रतियोगिता होगी और इसके बाद तीन और प्रतियोगिताएं होनी हैं। इस प्रतियोगिता में भारतीय स्टार प्रज्ञानानंदा भी हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता में रेपिड शतरंज के नौ दौर जबकि ब्लिट्ज शतरंज के 18 दौर खेले जाएंगे। रेपिड में हर जीत के लिए दो अंक और ड्रॉ के लिए एक अंक मिलेगा जबकि ब्लिट्ज में जीत के लिए एक अंक और ड्रॉ के लिए आधा अंक दिया जाएगा।

### पंड्या ने बनाया सीओई को स्थायी ट्रेनिंग सेंटर

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने अपने करियर के बाकी समय के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) को अपना स्थायी ट्रेनिंग केंद्र बनाने के मकसद से



बेंगलुरु में रहने का फैसला किया है और वह ऐसा करने वाले भारत के पहले प्रमुख मौजूदा क्रिकेटर बन गए हैं। पंड्या का यह कदम इसलिए सभी का ध्यान खींच रहा है क्योंकि भारत के केंद्रीय अनुंधित खिलाड़ी आम तौर पर चोट से उबरने (रिहैबिलिटेशन), फिटनेस परीक्षण या राष्ट्रीय शिविर के लिए ही सीओई जाते हैं।

# सबसे बड़ा उलटफेर, पराग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी को किया बाहर

फॉक्सबोरो

जोस कैनाले ने पहले ही सडन डेथ पेनल्टी किक पर गोल किया और ऑरलैंडो गिल ने शूटआउट में दो महत्वपूर्ण बचाव किए, जिससे पराग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी को 4-3 से हराकर मौजूदा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया। राउंड ऑफ़ 32 का यह मैच अतिरिक्त समय के बाद 1-1 से बराबर रहा था। पराग्वे ने 42वें मिनट में जूलियो एनसिसो के हेडर से किए गए गोल से बढ़त हासिल की, लेकिन चार बार के चैंपियन जर्मनी के लिए काई हावर्ट्ज़ ने 52वें मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया। गिल ने बाद में अपनी जीत की राज का खुलासा करते हुए कहा, 'हमने प्रत्येक खिलाड़ी और प्रत्येक छोटी सी छोटी चीज का भी विश्लेषण किया था और यही वजह थी कि मैं सिर्फ दो पेनल्टी चूक पाया। यह जीत पराग्वे के लोगों को समर्पित है।'





### हम एकजुट हैं : कैनाले

कैनाले ने कहा, 'हमें कम करके आंका गया लेकिन हमें खुद पर भरोसा था। हम एक और मैच खेलने के हकदार थे। हमारी टीम की खासियत यह है कि हम एकजुट हैं। हम आज के मैच में अपनी असली ताकत दिखाने के लिए प्रतिबद्ध थे।'

### पराग्वे ने 24 साल बाद लिया बदला

जर्मनी ने 2002 में अंतिम 16 के उस मैच में पराग्वे को 1-0 से हराया था। पराग्वे ने इस तरह से 24 साल बाद उसका बदला चुकता कर दिया। पराग्वे इससे पहले पांच बार विश्व कप के नॉकआउट मुकाबलों में हिस्सा ले चुका था, लेकिन एक भी गोल करने में असफल रहा था। इनमें से वह केवल एक बार ही आगे बढ़ पाया था, जब उसने विश्व कप 2010 में अंतिम 16 में जापान को पेनल्टी शूटआउट में हराया था।

### पराग्वे ने जर्मनी को हराकर किया हैरान

फीफा रैंकिंग में 34वें स्थान पर मौजूद पराग्वे की जीत पर बहुत कम सट्टा लगा था लेकिन उसने 12वें स्थान पर काबिज जर्मनी को हराकर दुनिया भर के फुटबाल प्रेमियों को हैरान कर दिया। पराग्वे की टीम अब शनिवार को फिलाडेल्फिया में राउंड ऑफ 16 में मंगलवार को फ्रांस और स्वीडन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी।

## नॉकआउट में तीसरी बार हारा जापान

*ह्यूस्टन। जापान को पहले भी विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में हार से दिल टूटने का अनुभव है और हर बार की तरह इस बार भी उसने अगली बार इससे बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। जापान को पहले हाफ में बढ़त बनाने के बावजूद पांच बार के चैंपियन ब्राजील से इंजरी टाइम के गोल के कारण 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। उसकी टीम एक बार फिर से आखिर तक डटी रही, लेकिन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। यह लगातार तीसरी बार है जब जापान नॉकआउट राउंड में बढ़त बनाने के बावजूद हार गया। जापान इससे पहले चार अवसरों पर नॉकआउट में जीत हासिल नहीं कर पाया लेकिन उसके कोच हाजिमे मोरियासु ने अगले विश्व कप में इससे बेहतर प्रदर्शन करने को अपना लक्ष्य बनाया है। 'चार साल पहले जापान ने शुरुआती बढ़त बनाई थी लेकिन आखिर में राउंड ऑफ़ 16 में क्रोएशिया से पेनल्टी शूटआउट में हार गया था। यही नहीं 2018 में भी अंतिम 16 में उसे इसी तरह की हार का सामना करना पड़ा था जब वह दूसरे हाफ में बेल्जियम से 2-0 से आगे था लेकिन स्टॉपेज टाइम के गोल के कारण 3-2 से हार गया था।*

## शूटआउट में मोरक्को का जलवा
### नीदरलैंड को हराकर अंतिम 16 में एंट्री




ग्वाडालूप

इस्सा डियोप ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बराबरी का गोल किया जबकि इस्माइल सैबारी ने पेनल्टी शूटआउट में निर्णायक गोल दागा, जिससे मोरक्को ने नीदरलैंड को 3-2 से हराकर अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की।

इससे पहले निर्धारित और अतिरिक्त समय तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थी। पेनल्टी शूटआउट में भी चार राउंड के बाद स्कोर 2-2 से बराबर था। मोरक्को के गोलकीपर यासीन बोनू ने क्रिसेंसियो समरविले के शॉट को अपने बाएं हाथ से रोक दिया। इसके बाद सैबारी ने गोलकीपर बार्ट वर्बुगेन के दूसरी ओर गोता लगाने पर निचले बाएं कोने में विजयी गोल दाग दिया। इस मिडफील्डर ने अपनी शर्ट उतार दी और खुशी से चिल्लाने लगा। इसके बाद उनके साथी खिलाड़ियों ने उन्हें घेर दिया और वह जीत का जश्न मनाने लगे। पेनल्टी शूटआउट के दूसरे राउंड में जब मोरक्को 1-0 से पीछे चल रहा था, तब वर्बुगेन ने सोफियान रहीमी के शॉट को रोकने का प्रयास किया, लेकिन गोलकीपर गेंद को पकड़ नहीं पाए और अपने पैर के पिछले हिस्से से उसे गोल लाइन के पार धकेल दिया। मोरक्को शनिवार को ह्यूस्टन में राउंड ऑफ 16 में कनाडा का सामना करेगा।

## जीत के बाद बेकाबू हुए मोरक्को के फैंस



द हेग

मोरक्को ने नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में हराकर फुटबॉल विश्व कप से बाहर कर दिया, जिसके बाद द हेग में फुटबॉल प्रशंसकों की पुलिस से झड़प हुई जबकि कासाब्लांका में जश्न मनाया गया। नीदरलैंड में मोरक्को के लोगों की काफी बड़ी आबादी है और जीत के बाद मोरक्को फुटबॉल टीम के प्रशंसक जश्न के मूड में थे लेकिन इस दौरान छिटपुट झड़पें भी हुईं। द हेग में पुलिस ने बताया कि शिल्डर्सविज्क हलाके में जबरदस्त आतिशबाजी की गई और पुलिसकर्मियों पर पटाखे और पत्थर फेंके गए। दंगा रोधी दस्ते ने भीड़ पर धावा बोला और उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की तेज बौछार का इस्तेमाल किया। पुलिस ने कहा, 'हिंसा करने के आरोप में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।'

## नॉर्वे की अंतिम 16 में एंट्री, आइवरी कोस्ट को हराया, हालैंड ने दागा विनिंग गोल

डलास

आइवरी कोस्ट की टीम फीफा वर्ल्ड कप से बाहर हो गई है। नॉर्वे ने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में 2-1 से जीत हासिल की।



डलास में खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमों में जोरदार भिड़ंत देखने को मिली। नॉर्वे की टीम 1998 के बाद पहली बार टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल (राउंड ऑफ 16) में पहुंची है। वहां उसका मुकाबला 5 बार की चैंपियन ब्राजील से होगा। नॉर्वे के सुपरस्टार खिलाड़ी एर्लिंग हालैंड ने मैच में निर्णायक गोल किया। पहले हाफ में नॉर्वे के लिए 39वें मिनट में एंटोनियो नूसा ने शानदार गोल किया। इसके बाद दूसरे हाफ में आइवरी कोस्ट के लिए 74वें मिनट में अमद डियालो ने गोल दागा। इस मैच बराबरी पर आ गया। नॉर्वे के स्टार फुटबॉलर एर्लिंग हालैंड ने 86वें मिनट में गोल कर टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी।

# इंग्लैंड के खिलाफ मजबूत शुरुआत पर भारत की नजर

चेस्टर ली स्ट्रीट

वैभव सूर्यवंशी का बहुप्रतीक्षित पदार्पण और मुश्किल विकेटों पर बल्लेबाजी की कमजोरियां इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही 5 मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारत के लिए चर्चा का मुख्य विषय रहेंगे। आयरलैंड के खिलाफ संजू सैमसन की दोहरी विफलता उन्हें बाहर बैठाने और सूर्यवंशी को अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने का मौका देने का कारण हो सकती है। अभिषेक को बेलफास्ट में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में 20 गेंद में 49 रन की पारी के कारण फिर मौका मिल सकता है।

इशान किशन भी आयरलैंड के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला में कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए और 1 तथा 12 रन पर आउट हो गए। इसलिए प्रबंधन सूर्यवंशी को शामिल करने के लिए उन्हें भी बाहर कर सकता है लेकिन वे इस बात पर विचार करेंगे कि ऐसे कदम का बाहर किए गए बल्लेबाज़ के मनोबल पर क्या असर पड़ सकता है।



### सूर्यांश शेडगे और प्रिंस यादव को मौका

आयरलैंड के खिलाफ सूर्यांश शेडगे और प्रिंस यादव को पदार्पण का मौका दिया, जिससे सूर्यवंशी को अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के लिए इंतजार करना पड़ा। हालांकि सिर्फ सूर्यवंशी को टीम में शामिल करने से भारत की बल्लेबाजी की समस्याओं का तुरंत समाधान नहीं हो जाएगा क्योंकि इन समस्याओं के कई पहलू हैं। तेज गेंदबाजों की अनुकूल बेलफास्ट की पिच पर कोई भी भारतीय बल्लेबाज सहज नहीं दिख रहा था।

### टीमें इस प्रकार

भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा, सूर्यांश शेडगे, प्रसिद्ध कृष्णा, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, इशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, प्रिंस यादव, वैभव सूर्यवंशी।

**मैच का समय :** भारतीय समयानुसार रात 10 बजे से

# जोकोविच ने की अभियान की रोमांचक शुरुआत, यिबिंग वू को दी शिकस्त

लंदन

सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अपने 21वें विंबलडन अभियान की रोमांचक शुरुआत करते हुए चीन के यिबिंग वू को 6-4, 5-7, 6-4, 6-4 से हराकर जीत दर्ज की। सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अच्छी सर्विस की और खराब प्रदर्शन भी नहीं किया, लेकिन वह वू को सेंटर कोर्ट के माहौल का आनंद लेने से रोक नहीं सके। पहले सेट में दुनिया के 102वें रैंक वाले चीनी खिलाड़ी ने 15 विनर्स लगाए, हालांकि उतनी ही संख्या में अनफोर्स्ड गलतियां भी कीं।

### दूसरे सेट की शुरुआत में निर्णायक मोड़

दूसरे सेट की शुरुआत में ही निर्णायक मोड़ आ गया। अगर जोकोविच अपने शुरुआती ब्रेक अवसरों में से एक को भुना लेते, तो वह आसानी से नियंत्रित और अपेक्षाकृत सरल जीत की ओर बढ़ सकते थे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, और वू का आत्मविश्वास लगातार बढ़ता गया, जबकि दर्शक जोर-शोर से उनका नाम पुकारते रहे।



### जोकोविच ने तीसरा सेट अपने नाम किया

जोकोविच ने संघर्ष करते हुए तीसरा सेट अपने नाम किया और फिर चौथे सेट में अहम मौकों पर पूरी तरह नियंत्रण बनाकर विंबलडन के पहले दौर में अपना रिकॉर्ड 21-0 कर लिया। उन्होंने चौथे सेट में छह ब्रेक प्वाइंट बचाए, जिनमें 2-3 के स्कोर पर 0/40 से जुड़े तीन मौके भी शामिल थे। आखिरकार उन्होंने तीन घंटे और 11 मिनट में जीत हासिल की।

### वू ने मुझ पर काफी दबाव बनाया : जोकोविच

जोकोविच ने कहा, वू को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बहुत बड़ी सराहना मिलनी चाहिए। उन्होंने मुझ पर काफी दबाव बनाया। शायद मुझे चौथा सेट हार जाना चाहिए था। ऐसे मैच कुछ ही पॉइंट्स से तय होते हैं। सौभाग्य से मेरे पास 20 साल का अनुभव है जिससे मैं ऐसी परिस्थितियों को संभाल पाता हूं।

### जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होगी स्पर्धा
# एशियन गेम्स : टीम इंडिया का ऐलान, हरमनप्रीत कप्तान

नई दिल्ली

इंग्लैंड में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद हरमनप्रीत कौर को जापान में होने वाले इस साल के एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला टीम के कप्तान के रूप में बरकरार रखा।

महिला चयन समिति ने जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए 15 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की है।

### भारत ने 2023 में जीता था स्वर्ण पदक

भारतीय महिला टीम एशियाई खेलों में मौजूदा चैंपियन के रूप में प्रवेश करेगी। उसने 2023 में चीन के हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। एशियाई खेलों में पुरुषों और महिलाओं दोनों की क्रिकेट प्रतियोगिता टी20 प्रारुप में खेली जाती है।



### यास्तिका बाहर कमलिनी को मौका

स्मृति मंधाना टीम की उप कप्तान बनी रहेंगी। विश्व कप के लिए टीम में शामिल विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया बाहर होने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं। उनकी जगह कमलिनी को टीम में शामिल किया गया है। विश्व कप के बीच में टखने की चोट के कारण बाहर होने वाली श्रेयंका पाटिल को फिटनेस के आधार पर टीम में शामिल किया गया है। वह तय समय तक फिट होने पर ही अंतिम टीम में जगह बनाएंगी।

### टीम इंडिया 2028 में ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई

भारतीय टीम ने ग्रुप चरण से बाहर होने के बावजूद इस प्रतियोगिता में एशियाई टीमों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के कारण 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

**एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्रीचरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव, नंदनी शर्मा।

# आईसीसी रैंकिंग : टी20 में श्रीचरणी वर्ल्ड नंबर-1 बॉलर, बेल-एक्लेस्टोन की स्थिति मजबूत

दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा रैंकिंग में भारतीय स्पिनर श्रीचरणी वर्ल्ड नंबर 1 टी20 अंरराष्ट्रीय गेंदबाज बनी हुई हैं। हालांकि, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन और लॉरेन बेल ने विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन के बाद टॉप पर पहुंचने की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

श्रीचरणी ने विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में 14 विकेट हासिल किए। भारतीय टीम का इस टूर्नामेंट से अभियान समाप्त हो गया है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका की खिलाड़ी नॉकआउट स्टेज में खेल रही हैं। ऐसे में श्री चरणी की बढ़त पर खतरा बना हुआ है।

### एक्लेस्टोन पहुंचीं तीसरे नंबर पर

एक्लेस्टोन टूर्नामेंट में अब तक आठ विकेट लेकर गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं, जबकि इंग्लैंड की ही तेज गेंदबाज बेल ने और भी बड़ी छलांग लगाई और तीन स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर आ गई हैं। साउथ अफ्रीकी स्पिनर नोंगकुलुलेको म्लाबा को एक स्थान का फायदा मिला है। अब वह पांचवें पायदान पर हैं, जबकि पाकिस्तान की बाएं हाथ की स्पिनर नाशरा संधू एक स्थान ऊपर चढ़कर नौवें नंबर पर आ गई।

### बल्लेबाजी में शीर्ष पर जॉर्जिया

ऑस्ट्रेलियाई ओपनर जॉर्जिया वोल भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज के आखिरी मैच में खराब प्रदर्शन के बावजूद इस फॉर्मेट की नंबर-1 बल्लेबाज बनी हुई हैं। साउथ अफ्रीकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट एक स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर पहुंच गईं, जबकि श्रीलंकाई कप्तान चामरी अट्टापट्टू ग्रुप स्टेज के दौरान आयरलैंड के खिलाफ नाबाद शतक लगाने के बाद दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर पहुंच गईं।

### इंग्लैंड की डैनी 11वीं पायदान पर

इंग्लैंड की ओपनर डैनी वायट-हॉज ने पांच स्थान की छलांग लगाकर 11वां पायदान हासिल कर लिया है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलिस पेरी भी पांच स्थान ऊपर चढ़कर 17वें नंबर पर, साउथ अफ्रीका की एनेरी डर्कसेन चार स्थान ऊपर चढ़कर 24वें नंबर पर और स्कॉटलैंड की डार्सी कार्टर 13 स्थान ऊपर चढ़कर 42वें नंबर पर पहुंच गईं।

# भारतीय सेना जनरल धीरज सेठ ने पहले ही दिन जवानों को दे दिया विजय मंत्र, देश के दुश्मनों की उड़ी नींद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना की कमान अब ऐसे सैन्य अधिकारी के हाथों में आ गई है, जो केवल युद्धक अनुभव ही नहीं, बल्कि बदलते युद्धक्षेत्र की नई चुनौतियों को समझने वाली आधुनिक सोच भी रखते हैं। जनरल धीरज सेठ ने भारतीय सेना के 31वें सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभालते ही साफ कर दिया कि आने वाले वर्षों में सेना का सबसे बड़ा लक्ष्य तकनीक आधारित, तेज, आत्मनिर्भर और बहुआयामी युद्ध क्षमता वाली फौज तैयार करना होगा। उन्होंने अपने पहले ही संबोधन में यह संकेत दे दिया कि भारतीय सेना



अब पारंपरिक युद्ध की सीमाओं से आगे बढ़कर भविष्य के युद्ध की तैयारी में पूरी ताकत झोंकने जा रही है। सेना प्रमुख का पद संभालने के बाद जनरल धीरज सेठ ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए गर्व और विनम्रता दोनों का विषय है। उन्होंने कहा कि वह ड्यूटी, ऑनर और नेशन फर्स्ट के सिद्धांतों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ इस दायित्व को निभाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि देश ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। साथ ही उन्होंने देश के उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने राष्ट्र सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया।

जनरल धीरज सेठ के पदभार ग्रहण समारोह का सबसे भावुक क्षण वह रहा, जब उन्होंने अपने पिता सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल केएम सेठ और अपने छोटे भाई रियर एडमिरल रवीनीश सेठ को सलामी दी। यह दृश्य पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया। एक ओर सेना के नए प्रमुख, दूसरी ओर नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी पुत्र और सामने वही पिता जिन्होंने स्वयं भारतीय सेना में सर्वोच्च जिम्मेदारियां निभाई थीं। यह केवल एक सैन्य परंपरा नहीं थी, बल्कि राष्ट्र सेवा की पीढ़ियों का जीवंत प्रतीक बन गया।

हम आपको बता दें कि जनरल धीरज सेठ ने ऐसे समय सेना की कमान संभाली है जब भारतीय सेना बड़े बदलावों के दौर से गुजर रही है। सेना परिवर्तन के दशक की जिस व्यापक योजना पर काम कर रही है, उसमें संरचनात्मक बदलाव, नई तकनीकों का समावेश, ड्रोन युद्ध क्षमता, एकीकृत युद्ध समूहों की स्थापना और तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल जैसे कई बड़े कदम शामिल हैं। माना जा रहा है कि उनके कार्यकाल में एकीकृत थिएटर कमांड की दिशा में भी निर्णायक प्रगति हो सकती है, जिससे सेना, नौसेना और वायुसेना के बीच सामरिक समन्वय और मजबूत होगा। अपने विजन को स्पष्ट करते हुए जनरल सेठ ने विजय नाम का मंत्र दिया। इस विजन के हर अक्षर में सेना की भविष्य की दिशा छिपी है। वी यानी सतर्कता और तत्परता। उनका कहना है कि भारतीय सेना सीमाओं और उभरते खतरों पर लगातार नजर रखेगी और हर चुनौती का मुकाबला करने के लिए हर समय तैयार रहेगी।

# बेल्जियम: एंटवर्प की 10 मंजिला इमारत में भीषण आग, कई लोगों की मौत की खबर, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

एजेंसी

**एंटवर्प।** बेल्जियम के एंटवर्प शहर में बुधवार की सुबह एक 10 मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से हड़कंप मच गया। इस भीषण अग्निकांड में कई लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, फायर ब्रिगेड को सुबह 9:53 बजे एक इमरजेंसी कॉल मिली थी। इसमें बताया गया कि शहर के 'लिंकरोवर' इलाके में स्थित एक बहुमंजिला इमारत की आठवीं मंजिल पर आग लग गई है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।

**दमकल विभाग का बड़ा ऑपरेशन**



घटना की गंभीरता को देखते हुए कई जिलों से फायर ब्रिगेड की टीमों को तुरंत मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने युद्ध स्तर पर बचाव कार्य शुरू किया। इस इमारत में 200 से ज्यादा लोग रहते हैं, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए कड़ी मशक्कत की गई।

**प्रशासन ने खिड़की-दरवाजे रखें बंद रखने की दी सलाह**

धुएं के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अधिकारियों ने आसपास रहने वाले लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने बयान में कहा है कि प्रभावित क्षेत्र के निवासी अपने घरों की खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें। साथ ही, जरूरत पड़ने पर वेंटिलेशन सिस्टम को बंद रखने का भी निर्देश दिया गया है।

**राहत कार्य जारी**

अभी तक मृतकों की सटीक संख्या का खुलासा नहीं किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, फिलहाल प्राथमिकता आग पर पूरी तरह काबू पाने और बचाव अभियान को पूरा करने की है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है, जिसके लिए रेस्क्यू पूरा होने के बाद जांच शुरू की जाएगी।

# हिमाचल : भारी बारिश से 45 सड़कें बंद, जनजीवन प्रभावित

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून की शुरूआत के साथ ही कई इलाकों में भारी बारिश ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं. चंबा, शिमला, लाहौल-स्पीति, मंडी और कुल्लू समेत कई जिलों में बारिश की वजह से पहाड़ों से मलबा गिरने के कारण 45 से ज्यादा सड़कें बंद हो गई हैं, जिससे लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई है. राज्य आपदा प्रबंधन की रिपोर्ट के मुताबिक, 30 जून को हुई बारिश के कारण राज्य की 45 सड़कें बंद हो गईं. इनमें सबसे ज्यादा मंडी जिले में 28 सड़कें प्रभावित हुई है. इसके अलावा कुल्लू में 12, ऊना में दो और लाहौल-स्पीति में एक सड़क बंद हुई है. इसके अलावा 84 बिजली ट्रांसफार्मर भी प्रभावित हुए हैं.

**शिमला में सड़क पर गिरा मलबा, लगा लंबा जाम**



राजधानी शिमला के चक्कर इलाके में पुराने बैरियर के पास पहाड़ी से बड़ी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गिरा. इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. सूचना मिलते ही प्रशासन और संबंधित विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और मलबा हटाने का काम शुरू किया. कई घंटों की मेहनत के बाद रात तक सड़क पर यातायात दोबारा शुरू करा दिया गया. चंबा जिले के सलूणी उपमंडल के धुत्ता गांव में तेज बारिश के दौरान अचानक फ्लैश फ्लड आ गया. तेज बहाव का पानी कई घरों में घुस गया, जिससे लोगों का घरेलू सामान खराब हो गया और उन्हें नुकसान उठाना पड़ा. ग्रामीणओं का कहना है कि लोक निर्माण विभाग से सड़क किनारे नालियां और बेहतर पानी निकासी की व्यवस्था करने की मांग की गई थी. लेकिन इस पर समय रहते काम नहीं हुआ. अगर सही ड्रेनेज सिस्टम होता तो बारिश का पानी घरों तक नहीं पहुंचता. लोगों ने पूरे मामले की जांच की मांग भी की है.

**लाहौल-स्पीति में बंद हुआ मनाली-लेह मार्ग**

लाहौल-स्पीति जिले के जिस्पा इलाके में देर रात एक नाले में अचानक बाढ़ आने से भारी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गया. इसके कारण मनाली-लेह मार्ग को एहतियात के तौर पर बंद करना पड़ा. सड़क बंद होने से दोनों ओर सैकड़ों वाहन फंस गए, जिनमें बड़ी संख्या में पर्यटक भी शामिल हैं. पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर केलांग से आगे और लेह की ओर से आने वाले वाहनों की आवाजाही रोक दी है. सड़क से मलबा हटाने के लिए बीआरओ की टीम और मशीनें मौके पर काम कर रही हैं. प्रशासन लगातार हालात पर नजर रखे हुए है और प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बहाली का काम जारी है.

## जम्मू-कश्मीर के डोडा में फटा बादल, अचानक आई बाढ़ से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त

जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी जिले डोडा में मौसम के बदले मिजाज के बाद एक बड़ा प्राकृतिक हादसा सामने आया है। यहाँ के सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश के साथ बादल फटने की घटना के बाद अचानक बाढ़ आ गई। इस आपदा के चलते निचले मैदानी और ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर कृषि भूमि, फलदार बाग-बगीचों और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है। पहाड़ों से बहकर आए भारी मलबे और पत्थरों के कारण जिले की कई महत्वपूर्ण सड़कें बंद हो गई हैं, जिससे प्रभावित गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है। स्थानीय प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रभावित बेल्ट में मशीनरी के साथ राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार, बादल फटने की मुख्य घटना डोडा जिले के भलेसा अंतर्गत आने वाले खलजुगासर इलाके में हुई। पहाड़ों पर अचानक हुए इस जलविस्फोट के बाद पानी का तेज बहाव मलबे के साथ सीधे कृषि योग्य भूमि में दाखिल हो गया। इसके चलते किसानों की तैयार खड़ी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं और फलों के बड़े-बड़े बाग-बगीचों को भी भारी क्षति पहुंची है। बाढ़ के तेज थपेड़ों के कारण कई रिहाइशी मकानों की दीवारें ढह गई हैं और घरों के भीतर पानी के साथ गाद भर गई है, जिससे स्थानीय निवासियों को अपनी संपत्ति बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की तरफ भागना पड़ा। इस आपदा का असर भलेसा के साथ-साथ डोडा के कश्तीगढ़ क्षेत्र में भी देखने को मिला है, जहाँ लगातार हुई मूसलाधार बारिश के बाद नदी-नाले उफान पर आ गए और अचानक बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। भारी भूस्खलन के कारण भलेसा का भट्यास इलाका कई घंटों तक पूरी तरह से देश-दुनिया से कटा रहा। सड़कों पर टनों मलबा जमा हो जाने से आवश्यक विनिमय वस्तुओं की आपूर्ति और एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं बाधित हो गईं।

## संक्षिप्त खबर

### कमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ सस्ता, 183.50 रुपये घटे दाम



**नयी दिल्ली।** एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है. केंद्र सरकार ने 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 183.50 रुपये की कटौती की है. इस साल पहली बार है जब कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम कम किए गए हैं. नई कीमत लागू होने के बाद 19 किलो का कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 3,113.50 रुपये से घटकर 2,930 रुपये हो गई है. कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में आई इस कमी से होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को राहत मिलने की उम्मीद है. हालांकि, आम घरेलू उपभोक्ताओं को इस बार कोई राहत नहीं मिली है. 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है. यह सिलेंडर पहले की तरह 942 रुपये में ही मिलेगा. घरेलू सिलेंडर के दाम में आखिरी बार 7 जून को 29 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी. दरअसल वेस्ट एशिया में तनाव बढ़ने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई थी. इसका असर गैस की कीमतों पर भी पड़ा और पिछले कुछ समय में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम कई बार बढ़ाए गए. हालांकि अब हालात में सुधार आने के बाद कंपनियों ने कीमतों में कटौती की है. बता दें कि तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले महीने की औसत कीमतों के आधार पर कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर और घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम तय करती हैं.

### राघव चड्ढा के खिलाफ 'डिजिटल साजिश' पर कोर्ट सख्त, सोशल मीडिया से अपमानजनक कंटेंट हटाने का आदेश




**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी से बीजेपी में शामिल राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कोर्ट में याचिका दायर कर उन सोशल मीडिया पोस्ट्स को हटाने की मांग की थी, जिनमें झूठे तरीके से यह दिखाया जा रहा था कि उन्होंने अपनी राजनीतिक निष्ठा बदल ली है. राघव चड्ढा बनाम अशोक कुमार जॉन डो व अन्य मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि सांसद की सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए कई प्रोफेशनल और इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग एजेंसियों का सहारा लिया जा रहा था. यह पूरा खेल कथित तौर पर पैसे देकर एक सुनियोजित साजिश के तहत रचा गया था. सुनवाई के दौरान राघव चड्ढा के पक्ष की ओर से कोर्ट में पुख्ता सबूत पेश किए गए. इन सबूतों से साफ हुआ कि कई सोशल मीडिया अकाउंट्स और पेड इन्फ्लुएंसर्स ने कुछ ही मिनटों के भीतर एक जैसा अपमानजनक कंटेंट ताबड़तोड़ शेयर किया. मामले में राघव चड्ढा की ओर से पेश कानूनी टीम ने हाई कोर्ट के सिंगल जज के इस फैसले को बेहद स्वागत योग्य और ऐतिहासिक बताया है. वकीलों का कहना है, यह आदेश इस बात को पूरी मजबूती से पुख्ता करता है कि संविधान द्वारा दी गई अभिव्यक्ति की आजादी का इस्तेमाल किसी के खिलाफ पैसे देकर सुनियोजित मानहानि और चरित्र हनन का अभियान चलाने के लिए नहीं किया जा सकता. यह फैसला सार्वजनिक जीवन की गरिमा और ऑनलाइन मानहानि के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है.

### अरविंद केजरीवाल का आरोप-बीजेपी वाले श्रीराम को भगवान नहीं मानते



**नयी दिल्ली।** राम मंदिर चंदा चोरी मामले में अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी और गृहमंत्री अमित शाह तक सीधा हमला बोला है. अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी से देश के सभी सनातनी आहत हैं. भगवान राम ने 21 राज्यों में इनकी सरकार बनवाई, केंद्र में इनकी सरकार बनवाई, लेकिन इन्हें भगवान राम की कद्र नहीं है. केजरीवाल ने गृहमंत्री अमित शाह से 5 सवाल भी पूछे. अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भगवान तो सर्वव्यापी हैं, अगर ये लोग श्रीराम को भगवान मानते, तो इन्हें चढ़ावे की चोरी करते वक्त डर लगता. उन्हें ये लगता कि भगवान सबकुछ देख रहे हैं, लेकिन इन्होंने चोरी की, जो यह साबित करता है कि इनके मन में श्रीराम को लेकर कोई श्रद्धा नहीं है. केजरीवाल ने कहा कि अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जून 2024 को हुई थी. तब से लेकर आज तक ढाई साल बीत चुके हैं, लेकिन अमित शाह एक बार भी रामलला के चरणों में मत्था टेकने नहीं गए. जबकि इन 891 दिनों में उन्होंने अपने भाषणों और इंटरव्यू में 42 से ज्यादा बार राम मंदिर का जिक्र किया. इनमें अधिकांश मौकों पर भगवान श्रीराम और राम मंदिर के नाम पर वोट मांगे.उनके पास भगवान श्रीराम के नाम पर वोट मांगने का समय है, लेकिन उनसे आशीर्वाद लेने का समय नहीं.

### टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर हमला, रेस्टोरेंट के बाहर फेंके गए अंडे और बैगन



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा ने बुधवार को एक बड़ी घटना का आरोप लगाया है। मोइत्रा ने दावा किया है कि कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट के बाहर मौजूद भीड़ ने उन पर अंडे फेंके। महुआ मोइत्रा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर इस घटना का वीडियो साझा किया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि रेस्टोरेंट की खिड़कियों पर लगातार अंडे फेंके जा रहे हैं। सांसद उस वक्त रेस्टोरेंट के अंदर स्थानीय टीएमसी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद थीं। घटना के दौरान मोइत्रा ने अपने मोबाइल फोन से वीडियो रिकॉर्ड करते हुए बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरा कृत्य बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया है। साथ ही, उन्होंने यह भी दावा किया कि पुलिस घटना के समय मूकदर्शक बनी सब कुछ देखती रही। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। टीएमसी ने बीजेपी समर्थकों पर हमला करने का आरोप मढ़ा है। हालांकि, इस मामले पर बीजेपी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यह घटना पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के परिणामों के बाद की है, जिसमें बीजेपी ने ममता बनर्जी की सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया था। चुनाव के बाद से ही टीएमसी नेताओं पर होने वाले हमलों की खबरें समय-समय पर सामने आती रही हैं।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के खिलाफ विशेषाधिकार कार्यवाही शुरू हो, लोकसभा स्पीकर से मांग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोक लेखा समिति के चेयरपर्सन, केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के खिलाफ विशेषाधिकार कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया है. उन्होंने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान रक्षा मंत्री ने सदन को यह कहकर गुमराह किया कि हमारे कोई सैनिक हताहत नहीं हुए हैं. उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने राजनाथ सिंह पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के शहीदों का अपमान करने का आरोप लगाया है और उनके इस्तीफे की मांग की है.

वेणुगोपाल ने स्पीकर को संबोधित अपने पत्र को मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया और लिखा, पहलगाम में आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान 28 जुलाई को रक्षा मंत्री ने कहा था कि हमारे





सैनिकों को कोई नुकसान नहीं हुआ. हालांकि, बयान के विपरीत, एक बयान जारी किया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों के छह कर्मियों की मृत्यु हो गई थी. उन्होंने कहा कि इससे साफ पता चलता है कि रक्षा मंत्री का सदन में यह कहना कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कोई सैनिक हताहत नहीं हुआ, साफ तौर पर गुमराह करने वाला और गलत था. यह अच्छी तरह से साबित हो चुका है कि सदन में किसी मंत्री का सदन को गुमराह करना या सदन से जानकारी छिपाना, विशेषाधिकार का उल्लंघन और सदन की अवमानना है. वेणुगोपाल ने आगे लिखा, ऊपर बताई गई बातों को देखते हुए, मैं अनुरोध करता हूं कि इस मामले में रक्षा मंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार कार्यवाही शुरू की जाए.

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने पत्र की कॉपी के साथ यह भी लिखा कि यह इन छह शहीदों के परिवारों और पूरे सशस्त्र बलों का बहुत बड़ा अपमान है कि भारत के लोगों को उनकी बहादुरी और आखिरी कुबार्नी के बारे में नहीं बताया गया. सत्ताधारी बीजेपी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, वे हमारे देश की सेवा में, दुश्मनों से देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए, और तथाकथित राष्ट्रवादी सरकार ने उनकी शहादत के बारे में बस झूठ बोला.

# दिल्ली की ईवी नीति 2026 पर बवाल : ट्रांसपोर्ट संगठनों ने खोला मोर्चा, 'चक्का जाम' की चेतावनी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी 'इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2026' 1 जुलाई से लागू हो गई है. इसको लेकर राजधानी के परिवहन क्षेत्र में भारी असंतोष व उबाल देखा जा रहा है. देश के सबसे बड़े परिवहन संगठनों में शामिल ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस और दिल्ली कॉन्ट्रैक्ट बस एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से सरकार की इस नीति को अव्यावहारिक बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया है.

**वैध आयु' पूरी करने की मांग, अरबों का निवेश दांव पर**

परिवहन संघों ने स्कूल बसों, चार्टर्ड बसों और कमर्शियल वाहनों को अनिवार्य रूप से इलेक्ट्रिक में बदलने के प्रस्ताव पर गहरी नाराजगी जताई है. दिल्ली सरकार ने साल 2030 तक 30% स्कूल बसों को इलेक्ट्रिक करने का लक्ष्य रखा है.



**बैंकों से भारी कर्ज लेकर अरबों रुपये का निवेश**

इस पर विरोध दर्ज कराते हुए AIMTC के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरीश सभरवाल ने कहा कि दिल्ली व देश के अन्य हिस्सों में चल रही अधिकांश बसें वर्तमान में या तो सीएनजी से संचालित हैं या फिर आधुनिक इर-श्कडीजल मानकों पर आधारित हैं. सरकार ने खुद कुछ साल पहले इन दोनों तकनीकों को पर्यावरण अनुकूल बताकर बढ़ावा दिया था, जिसके बाद ऑपरेटरों ने बैंकों से भारी कर्ज लेकर अरबों रुपये का इन बसों में निवेश किया था. अब उनकी वैध परिचालन अवधि (15 वर्ष) पूरी होने से पहले ही उन्हें जबरन हटाने की नीति आर्थिक रूप से विनाशकारी साबित होगी.

**राजधानी में पर्याप्त ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं : ट्रांसपोर्ट संगठन**

संगठनों ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार पर्यावरण सुधार के नाम पर कुछ विशेष हित समूहों व कॉर्पोरेट लॉबी के दबाव में काम कर रही है. जमीनी हकीकत ये है कि राजधानी में अभी तक पर्याप्त ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित नहीं हो पाया है. वर्तमान चार्जिंग नीति में पारदर्शिता की कमी है व बिजली की दरें भी बहुत अधिक हैं.

# महायुति का बड़ा दांव, विपक्ष ने खींचे हाथ, सचिन अहीर बने महाराष्ट्रा विधान परिषद के डिप्टी चेयरमैन

एजेंसी

**मुंबई।** सरकार की आम सहमति से चुनाव कराने की अपील के बाद विपक्ष द्वारा अपना उम्मीदवार वापस लेने पर, महायुति के उम्मीदवार सचिन अहीर बुधवार (1 जुलाई) को महाराष्ट्र विधान परिषद के उप-सभापति निर्विरोध चुने गए। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने शुरू में इस पद के लिए जगन्नाथ अभ्यंकर को नॉमिनेट किया था। हालांकि, सत्ताधारी गठबंधन ने विपक्ष से अपील की कि वे डिप्टी चेयरमैन को सर्वसम्मति से चुनने की सदन की परंपरा का पालन करें। सरकार के अनुरोध के बाद, विपक्ष ने अभ्यंकर का नॉमिनेशन वापस ले लिया, जिससे महाराष्ट्र विधान परिषद के डिप्टी चेयरमैन के तौर पर अहीर के सर्वसम्मति से चुने जाने का रास्ता साफ हो गया।

**सचिन अहीर शिंदे सेना में शामिल हुए**

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के लिए एक और



झटके के तौर पर, सचिन अहीर ने पाला बदल लिया और मंगलवार को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट में शामिल हो गए। शिंदे गुट में शामिल होने के तुरंत बाद, अहीर ने शिवसेना उम्मीदवार के तौर पर महाराष्ट्र विधान परिषद के डिप्टी चेयरमैन पद के लिए अपना नॉमिनेशन दाखिल किया। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब शिवसेना के छह लोकसभा सांसदों ने शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का दामन थाम लिया था। पार्टी में फूट के बाद से उद्धव ठाकरे खेमे के लिए यह सबसे बड़े राजनीतिक झटकों में से एक था। अहीर वर्ली से पूर्व विधायक हैं और कभी आदित्य ठाकरे के करीबी सहयोगी माने जाते थे। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत कांग्रेस से की थी, जिसके बाद वे नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए और बाद में अविभाजित शिवसेना में चले गए। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में 2022 में हुए विद्रोह के बाद, अहीर शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट में शामिल हो गए। उसी साल, वे महाराष्ट्र विधान परिषद के लिए चुने गए और अब उन्हें इसका डिप्टी चेयरमैन चुना गया है। पाला बदलने के बाद आज सुबह उनके घर के बाहर पुलिस तैनात की गई और कई समर्थक उनसे मिलने आए। एक अधिकारी ने बताया कि वर्ली की गुलरुख बिल्डिंग में अहीर के घर के बाहर एक पुलिस वैन और दो कॉन्स्टेबल तैनात किए गए हैं।

### राजस्थान के अमरनाथ तीर्थयात्रियों का वाहन खड़े ट्रक से टकराया, चार की मौत, 8 घायल

**बठिंडा (पंजाब):** बठिंडा जिले में बीकानेर नेशनल हाईवे पर अमरनाथ यात्रा पर जा रहे तीर्थयात्रियों का वाहन भयानक हादसे का शिकार हो गया. इस दुखद हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों का बठिंडा के अक्क्टर में इलाज चल रहा है. हादसे का शिकार हुए तीर्थयात्री राजस्थान से अमरनाथ यात्रा पर जा रहे थे. पुलिस के मुताबिक, बुधवार तड़के बठिंडा-बीकानेर नेशनल हाईवे पर जोधपुर रोमाना गांव के पास तीर्थयात्रियों का वाहन एक खड़े ट्रक से टकरा गया. हादसा इतना भयानक था कि टेम्पो ट्रैवलर के परखच्चे उड़ गए. घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी संस्थाएं मौके पर पहुंच गईं. लेकिन तब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी थी. समाजसेवी संस्था के कार्यकताओं ने 8 घायलों को इलाज के लिए बठिंडा के अक्क्टर हॉस्पिटल में भर्ती कराया. समाजसेवी संस्था के मुताबिक, गाड़ी में कुल 12 लोग सवार थे. इस हादसे में गंभीर रूप से घायल राजस्थान के बाड़मेर जिले के रहने वाले निखिल ने कहा कि उनके माता-पिता की मौत हो गई. उन्होंने कहा कि वह अमरनाथ यात्रा पर जा रहे थे. आज उन्हें रात के लिए अमृतसर में श्री अमृतसर साहिब में रुकना था. कल, गुरुवार को, हमें जम्मू और कश्मीर के लिए निकलना था, जहां हमें अमरनाथ के दर्शन करने थे.

# मुंबई में भारी बारिश का कहर: आईएमडी का रेड अलर्ट जारी, लोकल ट्रेन सेवा पर असर

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई, ठाणे और पालघर में हो रही मूसलाधार बारिश के चलते भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि कुछ अलग-अलग स्थानो पर बारिश का दौर काफी तीव्र रहेगा। शहर के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में 100 मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भारी बारिश का असर मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेन सेवाओं पर भी पड़ा है। मध्य और पश्चिम रेलवे की उपनगरीय सेवाएं कुछ देरी से चल रही है। हार्बर लाइन पर सुबह 4:52 बजे से 5:45 बजे के बीच ओवरहेड वायर टूटने के कारण ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित रही। राहत की बात यह है कि बेस्ट की बसें सामान्य रूप से चल रही है। बीएमसी के अनुसार, मंगलवार सुबह 8 बजे से बुधवार सुबह 8 बजे के बीच पूर्वी उपनगरो में औसत 109 मिमी, पश्चिमी उपनगरो में 87 मिमी और शहर (आइलैंड सिटी) में 86 मिमी बारिश दर्ज की



गई। मानखुर्द में सबसे ज्यादा 170.4 मिमी बारिश हुई। इसके अलावा बायकुला में 162.52 मिमी, मुंबई सेंट्रल में 142.43 मिमी, वडाला में 127 मिमी, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में 132.4 मिमी और बोरीवली में 126 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। अंधेरी सबवे में पानी भरने के कारण प्रशासन को ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा है। इसके साथ ही अंधेरी में स्वामी विवेकानंद रोड पर एक विशाल पेड़ गिर गया, जिसे हटाने के लिए फायर ब्रिगेड और बीएमसी के कर्मचारियो को तैनात किया गया। भारी बारिश के कारण दृश्यता कम होने से ट्रैफिक की गति भी धीमी बनी हुई है। फ्रीवे पर एक दुर्घटना की भी खबर है, जिससे वाहनों की आवाजाही पर अतिरिक्त असर पड़ा है।



## इक्का का ट्रेलर रिलीज, सनी की दहाड़ से गूंजा कोर्ट रूम, अक्षय ने उड़ाए होश

**मुंबई।** फाइनली सनी देओल और अक्षय खन्ना की मच अवेटेड फिल्म 'इक्का' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में जबरदस्त सस्पेंस और ट्विस्ट होंगे, जिनकी झलक ट्रेलर में देखने को मिली है। अक्षय खन्ना का लुक और अंदाज एकदम 'धुरंधर' के रहमान डकैत की याद दिला रहा है, पर उनके किरदार में कई लेयर्स हैं। 'इक्का' से सनी देओल ओटीटी पर डेब्यू कर रहे हैं और इसमें वकील अर्जुन मेहरा का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म 'इक्का' के ट्रेलर की शुरुआत कोर्ट रूम सीन से होती है, जहां सनी देओल पूछते हैं- आप कोर्ट को बताएंगे कि उस रात क्या हुआ था? फिर अक्षय खन्ना की एंट्री होती है, जो मशहूर इंडस्ट्रियलिस्ट हर्षवर्धन गौर के बेटे शौर्यमान के किरदार में हैं। उन पर एक लड़की की हत्या की कोशिश का आरोप लगता है।

लाइफ Style



# निहारिका

## प्रियंका समेत कई सेलेब्स संग आईं नजर

अभिनेता राघव जुयाल ने निहारिका एनएम के साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा कीं, इसके बाद से ही इनके लिंकअप की अफवाहें उड़ने लगीं। लेकिन, अब इन अफवाहों पर विराम भी लग चुका है। दोनों के बीच कोई अफेयर नहीं है।


यह एक फिल्म 'भाई तेरा स्टार है'में साथ नजर आएंगे। इसके लिए ही रोमांटिक तस्वीरों को साझा किया था। लेकिन, इस चर्चा के बीच फैंस जानना चाहते हैं कि निहारिका एनएम कौन हैं? निहारिका एनएम एक कंटेंट क्रिएटर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके लगभग 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। वहीं, बाकी प्लेटफॉर्म भी इतने ही लोग उन्हें फॉलो करते हैं। वह सोशल मीडिया पर फिल्मी और फनी किस्म के वीडियो बनाती हैं। अपनी जबरदस्त सोशल मीडिया फॉलोइंग की वजह से वह बॉलीवुड स्टार्स के साथ भी नजर आ चुकी हैं। आमिर खान, प्रियंका चोपड़ा, रणबीर कपूर, महेश बाबू, यश, शुभमन गिल जैसे कई सेलेब्स उनके साथ वीडियो में नजर आ चुके हैं, अपनी फिल्मों का प्रचार कर चुके हैं। साथ ही वह हॉलीवुड स्टार्स के इंटरव्यू भी कर चुकी हैं। इसमें टॉम क्रूज से लेकर जॉन लीजेंड जैसे एक्टर्स भी शामिल हैं। जल्द ही निहारिका एनएम राघव जुयाल के साथ फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में नजर आएंगी। लेकिन इससे पहले ही वह साउथ सिनेमा में डेब्यू कर चुकी हैं। पिछले साल एक फिल्म 'मित्र मंडली' में वह नजर आईं। इसमें उनका लीड रोल था।निहारिका ने अपने नाम कई अवॉर्ड्स भी किए, जो उन्हें कंटेंट क्रिएशन के लिए मिले हैं।

हॉलीवुड मसाला



## एवरेस्ट विजेता नोर्गे पर बनेगी फिल्म

लॉस एंजिल्स। माउंट एवरेस्ट पर पहली बार फतह हासिल करने वाले महान पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे की जिंदगी पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम 'तेनजिंग' होगा। इस बायोपिक ड्रामा फिल्म में टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म को को एप्पल टीवी द्वारा तैयार किया जा रहा है। इस फिल्म का निर्देशन ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता जेनिफर पीडम करेंगे। फिल्म का लेखक ल्यूक डेविस करेंगे। यह फिल्म 29 मई 1953 की उस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है, जब शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी ने पहली बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखा था।



## यौन उत्पीड़न के आरोपों से बरी हुए ओ योंग-सु

लॉस एंजिल्स। वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' में ओल्ड मैन और प्लेयर नंबर 001 का किरदार निभाने वाले अभिनेता ओ योंग-सु पर साल 2022 में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। इस मामले पर दक्षिण कोरिया की सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अभिनेता पर चल रहे मुकद्दमे का तीन साल बाद अंत कर दिया गया। कोर्ट ने निचली अदालत में ओ योंग-सु को बरी करने के फैसले को सही ठहराया है। 82 वर्षीय एक्टर पर 2017 में एक महिला द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। महिला की शिकायत के अनुसार एक्टर ओ योंग-सु ने एक रीजनल थिएटर टूर के दौरान बिना उनकी इजाजत लिए उन्हें गले लगाया। महिला का कहना था कि एक्टर यहीं नहीं रुके और उन्होंने महिला के गाल पर किस भी किया था।



## फिल्म रिफ्यूजी की मनाई 26वीं सालगिरह

**मुंबई।** करीना कपूर ने मंगलवार को अपनी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' के 26 साल पूरे होना का जश्न मनाया। इस खुशी में करीना ने सोशल मीडिया पर अपने सह-कलाकार अभिषेक बच्चन के साथ कई तस्वीरें भी साझा की हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए करीना ने फिल्म 'रिफ्यूजी' से जुड़ी तीन तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपने हीरो अभिषेक बच्चन के साथ गले मिलती नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में उनका एक क्लोज-अप शॉट है, जिसमें उन्होंने भूरे रंग की शॉल ओढ़ी हुई है। इसके अलावा तीसरी तस्वीर में करीना एक काले रंग के बुर्के में नजर आ रही हैं। करीना ने इन तस्वीरों के साथ कोई लंबा मैसेज नहीं लिखा, बल्कि सिर्फ एक लाल दिल वाला इमोजी बनाकर अपना प्यार जताया है। फिल्म 'रिफ्यूजी' 30 जून 2000 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



## एलवीसी63 में कई तरह के लुक्स में दिखेंगे

**मुंबई।** फिल्म 'एसवीसी63' में मशहूर मेकअप और प्रोस्थेटिक डिजाइनर प्रीतिशील सिंह को सलमान खान के लिए एक खास लुक तैयार करने के लिए चुना गया है। यह फिल्म वामसी पैदिपल्ली के निर्देशन और दिल राजू के प्रोडक्शन में बन रही है। दिल राजू ने बताया कि सलमान फिल्म की शूटिंग का भरपूर आनंद ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म में सुपरस्टार कई तरह के लुक्स में नजर आएंगे। उन्होंने कहा, 'सलमान सेट पर खूब मजा कर रहे हैं, उनके कई अलग-अलग लुक्स होंगे। फिल्म में भरपूर हीरोइज्म और 'वाउ फैक्टर' होगा।' 'धुरंधर' फिल्म के एक्शन स्टार इस फिल्म में भी काम कर रहे हैं। कोरियन एक्शन टीम को 'मिस्टर ओह' के नाम से मशहूर सी यंग ओह लीड कर रहे हैं। उन्होंने 'धुरंधर' और 'किल एंड वॉर' जैसी फिल्मों पर काम किया है।

टीवी मसाला



## अब होगा हिसाब सीजन 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'अब होगा हिसाब' सीरीज की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स ने अब इसका दूसरा सीजन अनाउंस कर दिया है। साथ ही दूसरे सीजन का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। 18 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई '

## उन्हें इसमें दिलचस्पी थी कि गाएगी- नाचेगी

### बारिश में भीगेगी, अपनी बोल्ड इमेज पर जीनत ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** जीनत अमान ने अपनी बोल्ड इमेज पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि फिल्ममेकर्स उनके क्रिएटिव इनपुट के बजाय उनके लुक्स में ज्यादा दिलचस्पी रखते थे। जीनत ने अपने यूट्यूब चैनल पर शुभ्रा अयप्पा के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'मुझे हमेशा लगा कि मेरे बारे में जो दिखाया जाता था और मैं असल में जैसी थी, उन दोनों में बहुत फर्क था। बोल्ड अभिनेत्री का ठप्पा मुझ पर बहुत लंबे समय तक लगा रहा। जब लोग मुझसे मिलते थे, तो उन्हें एहसास होता था कि मैं असल में उन किरदारों जैसी बिल्कुल नहीं थी जिन्हें मैंने निभाया था।

*ग्लोबल ट्रेंड्स ने स्टाइल पर असर डाला :* जीनत ने अपने फैशन सेंस और इस बारे में भी बात की कि कैसे अमेरिका से भारत लौटने के बाद ग्लोबल ट्रेंड्स ने उनके स्टाइल पर असर डाला। उन्होंने कहा कि कॉस्ट्यूम डिजाइन का काम अक्सर भानु अथैया जैसे मशहूर डिजाइनरों के साथ मिलकर किया जाता था। हालांकि, उन्होंने बताया कि अक्सर उनके अपने सुझाव फिल्ममेकर्स की चाहत के मुकाबले ज्यादा संयमित होते थे। जीनत अमान ने इंडस्ट्री में असमान वेतन के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि इस अंतर की वजह पितृसत्तात्मक व्यवस्था में छिपी है।




### लीड एक्ट्रेस थी, पर मेरी नहीं चलती थी

जीनत अमान ने दौर में इंडस्ट्री में काम करने के बारे में बात करते हुए बताया कि सेट पर ज्यादातर पुरुषों का ही बोलबाला होता था। अपने हेयरड्रेसर के अलावा, अक्सर वही एकमात्र महिला होती थीं। लीड एक्ट्रेस होने के बावजूद उन्होंने कहा कि अपने किरदारों को गढ़ने या उन्हें दिखाने के तरीके में उनकी बहुत कम चलती थी, क्योंकि ध्यान ज्यादातर उनके लुक पर ही रहता था। जीनत अमान के मुताबिक, किसी को भी मेरे दिमागी काम में कोई दिलचस्पी नहीं थी। उन्हें तो बस इसमें दिलचस्पी थी कि ये गाएगी,, नाचेगी, दो डायलॉग बोलेगी, बारिश में भीगेगी।

## खुशी से झूमीं कंगना पूरी की क्वीन-2 की शूटिंग

मुंबई। कंगना रनौत अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर सकी। इस बीच उनकी अपकमिंग फिल्म 'क्वीन 2' को लेकर नई अपडेट आई है। खबर है कि कंगना ने अपनी मशहूर फिल्म 'क्वीन' के बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'क्वीन 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्टर-फिल्ममेकर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर यह जानकारी दी। उन्होंने कास्ट और क्रू के साथ शूटिंग खत्म होने का जश्न मनाते हुए एक फोटो शेयर की। फोटो में रनौत को फिल्म की टीम के साथ देखा गया। शूटिंग पूरी होने के साथ ही, यह प्रोजेक्ट अब पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। 'क्वीन 2' में कंगना रनौत के मशहूर किरदार 'रानी' की वापसी हो रही है। दर्शकों ने फिल्म 'क्वीन' को काफी प्यार दिया था। 2014 में रिलीज हुई ओरिजिनल 'क्वीन' का निर्देशन विकास बहल ने किया था और इसे समीक्षकों से खूब तारीफ मिली थी। फिल्म में कंगना रनौत ने रानी मेहरा का किरदार निभाया था। रानी दिल्ली की एक ऐसी लड़की थी, जिसे हमेशा घर की चारदीवारी में रखा गया था। जब उसका मंगेतर (राजकुमार राव) शादी तोड़ देता है, तो वह अकेले ही हनीमून पर निकल पड़ती है। यूरोप की अपनी यात्रा के दौरान, रानी का आत्मविश्वास बढ़ता है, वह आजादी को अपनाती है।






हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.